CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 20°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 30 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 262 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 | 11 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी विधानसभा के विशेष सत्र की तैयारी, महिला आरक्षण पर सियासी घमासान तय पेज 2



राजस्थान रॉयल्स के सूर्यवंशी ने फिर किया ऑरेंज कैप पर कब्जा खेल टाइम्स




स्कूल की चौखट पर खड़ा बाजार, भीतर सिमटती शिक्षा सम्पादकीय



ईरान में हार से बचने को अमेरिका रास्ता तलाश रहा: अमेरिकी विशेषज्ञ पेज 12

# एग्जिट पोल: बंगाल में पहली बार भाजपा

## असम, पुडुचेरी में भी खिलेगा कमल, तमिलनाडु में टीवीके आगे व केरलम में यूडीएफ बनाएगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में 6 एग्जिट पोल के नतीजे आ चुके हैं। 5 में भाजपा और एक में टीएमसी सरकार बनने का अनुमान जताया गया है। मैट्रिज के एग्जिट पोल में टीएमसी को 125 से 140 और भाजपा को 146 से 161 सीटें मिलने का अनुमान है।

चाणक्य स्ट्रैटजी ने टीएमसी को 130 से 140 और भाजपा को 150 से 160 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। पीपुल्स पल्स ने टीएमसी को 177 से 187 और भाजपा को 95 से 110 सीटें मिलने की बात कही है। प्रजा पोल ने टीएमसी को 85 से 110 और भाजपा को 178 से 200 सीटें मिलने की बात कही है। पी-मार्क के एग्जिट पोल में टीएमसी को 118 से 138 और भाजपा को 150 से 175 और सीटें दी गई हैं। पोल डायरी ने टीएमसी को 99 से 127 और भाजपा को 142 से 171 सीटें मिलने की बात कही है। असम के 8 एग्जिट पोल सामने आए हैं, सभी में भाजपा की वापसी का दावा किया गया है। एक्सिस माय इंडिया ने भाजपा को 88-100, जबकि कांग्रेस को 24-36 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। मेट्रिज ने भाजपा को 85-95 और कांग्रेस को 25-32 सीटें दी हैं। पीपुल्स पल्स ने भाजपा को 68-72 और कांग्रेस को 22-26 सीटें दी हैं। पी मार्क ने भाजपा को 82-94 और कांग्रेस को 30-40 सीटें दी हैं। जेवीसी ने भाजपा को 88-101 और कांग्रेस को 23-33 सीटों का अनुमान जताया है। चाणक्य स्ट्रैटजी ने भाजपा को 88-98 और कांग्रेस को 22-32 सीटें मिलने की बात कही है। पोल डायरी ने भाजपा को 86-101 और कांग्रेस को 15-26 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। वोट वाइब ने भाजपा को 90-101 और कांग्रेस को 23-33 सीटें दी हैं। तमिलनाडु के 5 एक्जिट पोल- 4 में डीएमके+ की वापसी बताई गई है। मैट्रिज ने डीएमके+ को 122-132, एआईके डीएमके+ को 87-110 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। पी मार्क ने डीएमके+ को 125-145, एआईडीएमके+ को 65-85 सीटें दी हैं। पीपल्स इनसाइट ने डीएमके+ को 120-140, एआईण्डीएमके+ को 60-70 सीटें दी हैं। जेवीसी- टाइम्स नाउ डीएमके+ को 75-95 एआईडीएमके+ को 128-147 सीटें दी हैं। पीपल्स पल्स ने डीएमके+ को 125-145 एआईडीएमके+ को 65-80 सीटें मिलने की अनुमान जताया है।

**बंगाल एग्जिट पोल्स 2026**

कुल सीटें: 294 । बहुमत: 148

| एजेंसी | TMC | BJP | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 125-140 | 146-161 | 6-10 |
| चाणक्य स्ट्रेटीज | 130-140 | 150-160 | 0-5 |
| पीपुल्स पल्स | 177-187 | 95-110 | 1-4 |
| पोल डायरी | 99-127 | 142-171 | 5-9 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 | 0-5 |
| पी मार्क | 118-138 | 150-175 | 0-0 |
| जनमत पोल्स | 195-205 | 80-90 | 1-4 |
| एवरेज | 142 | 145 | 7 |

## बंगाल में आखिरी चरण में 92 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग

- उत्तर 24 परगना में टीएमसी-भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसा
- दावा: हावड़ा में CRPF की पिटाई से बुजुर्ग की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सेकेंड फेज की 142 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। शाम 6 बजे तक के आकड़ों के मुताबिक, 92फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई है। यह और बढ़ सकता है।

वोटिंग के दौरान कई जगहों पर हिंसा, झड़प, लाठीचार्ज और ईवीएम से छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आईं। नॉर्थ 24 परगना के अरविंद रैली में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प हुई। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर मुक्के, लाठियों से हमले किए। भारी संख्या में सुरक्षाबलों की मौजूदगी के बावजूद हालात बेकाबू दिखे। सीएम ममता ने सीआरपीएफ पर टीएमसी समर्थकों और वोटरों से मारपीट का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि सीआरपीएफ ने हमारे कई लोगों को गिरफ्तार किया है। वोटरों और सेंट्रल ऑब्सर्वर लोगों को मार रहे हैं। महिलाओं और बच्चों को भी नहीं छोड़ा। टीएमसी ने आरोप लगाया कि सीआरपीएफ के हमले से हावड़ा के उदयनारायणपुर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि बुजुर्ग अपने बेटे के साथ वोट डालने गए थे। केंद्रीय बलों ने उन्हें धक्का दिया और मारपीट की। बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जिन 142 सीटों पर वोटिंग हो रही है, उनमें से 123 सीटों पर टीएमसी ने 2021 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। पहले फेज की 152 सीटों पर 23 अप्रैल को रिकॉर्ड 93 फीसदी मतदान हुआ था। 4 मई को रिजल्ट आएंगे।



## शुवेंदु अधिकारी को टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने घेरा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दूसरे फेज की वोटिंग के दौरान कई विधानसभा सीटों पर हिंसा और मारपीट की घटनाएं सामने आईं। नादिया जिले के छपरा में भाजपा एजेंट ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया।

वहीं, शांतिपुर में भाजपा कैंप पर भी हमला हुआ। बीजपुर में निर्दलीय प्रत्याशी और काउंसलर के बीच मारपीट हो गई। श्यामपुकुर में भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा उम्मीदवार रत्ना देबनाथ ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया है। वहीं बंगाल में अंतिम चरण के साथ मतदान संपन्न हो गया है। अब मतगणना चार मई को होगी। इस बार पश्चिम बंगाल का चुनाव पूरे देश में सुर्खियों में बना रहा है।

## ईरान को NPT का उपाध्यक्ष बनाने पर तिलमिलाया अमेरिका

- अमेरिकी अधिकारी बोले: यह संगठन का अपमान
- ईरान बोला: अमेरिका हमें न सिखाए

**न्यूयॉर्क।** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। इसी बीच एक दिलचस्प खबर सामने आई है। ईरान को परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का उपाध्यक्ष चुना गया है। यह फैसला न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में चल रहे एनपीटी के 11वें रिव्यू कॉन्फ्रेंस में लिया गया। यह कॉन्फ्रेंस 5 साल में एक बार होती है।

सम्मेलन के अध्यक्ष और वियतनाम के राजदूत दो हुंग वियेत ने बताया कि ईरान का नाम 'गुटनिरपेक्ष देशों के ग्रुप' की तरफ से आया था। इस ग्रुप में भारत समेत 100 से भी ज्यादा देश हैं। अमेरिका के एक अधिकारी क्रिस्टोफर येओ ने इसे एनपीटी के लिए अपमान बताया। उनका कहना है कि ईरान लंबे समय से परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में उसे इस संगठन का अहम पद देना सही नहीं है। वही ईरान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। ईरान ने कहा कि अमेरिका, जो खुद परमाणु हथियार इस्तेमाल कर चुका है और लगातार अपने हथियार बढ़ा रहा है, उसे दूसरों को सीख देने का हक नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस 27 अप्रैल 2026 को यूएन हेडक्वार्टर में परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हुई मीटिंग में प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस 27 अप्रैल 2026 को यूएन हेडक्वार्टर में परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हुई मीटिंग में प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। परमाणु अप्रसार संधि 1970 में लागू हुई थी। यह दुनिया में परमाणु हथियारों को फैलने से रोकने की सबसे अहम व्यवस्था मानी जाती है। इस संधि का एक सीधा सौदा है, जिन देशों के पास परमाणु हथियार नहीं हैं, वे इन्हें नहीं बनाएंगे और जिनके पास हैं, वे धीरे-धीरे उन्हें खत्म करेंगे।

## तीस्ता सीतलवाड़ की अर्जी खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ की पासपोर्ट रिलीज करने की अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि जब भी वह विदेश जाने का प्लान तय करेंगी, तो नई अर्जी दे सकती हैं। तीस्ता ने अपना पासपोर्ट रिलीज करने की मांग की थी। तीस्ता का पासपोर्ट 2002 के गोधरा के बाद हुए दंगों के मामलों में बेगुनाह लोगों को फंसाने के लिए कथित तौर पर डॉक्यूमेंट्स बनाने के मामले में जमानत की शर्त के तौर पर कोर्ट में जमा किया गया था।

## सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं कर सकते: SC

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने एडवोकेट इंदिरा जयसिंह की दलीलों के जवाब में कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता।

आस्था और विवेक के मामलों पर कोर्ट में बहस नहीं हो सकती। एडवोकेट जयसिंह ने सुनवाई के 10वें दिन कहा कि सबरीमाला मंदिर में एंट्री का फैसला अब भी लागू है। इस पर स्टे नहीं है, लेकिन मंदिर में प्रवेश नहीं मिल रहा है। जयसिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट इसकी रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई कर रहा है। हालांकि, कोर्ट कभी यह तय नहीं करता कि धर्म में क्या जरूरी है या और क्या नहीं। इसका फैसला तो धर्म ही करता है। इस पर जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम इस भूमि के सभ्यता के विकास और धार्मिक इतिहास को नजरअंदाज नहीं कर सकते। इसी बैकग्राउंड से संविधान के आर्टकिल 25 और 26 आए हैं। इस पर जयसिंह ने कहा कि इस पर डिबेट हो सकती है। यह क्लीन स्लेट है। सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।



- कहा: आस्था और विवेक के मामलों पर कोर्ट में बहस नहीं हो सकती

## सौगात: पीएम ने गंगा एक्सप्रेसवे किया राष्ट्र को समर्पित

### उप्र के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ने वाली लाइफलाइन साबित होगा एक्सप्रेसवे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरदोई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया और इसी के साथ ही उत्तर प्रदेश के अवसंरचना विकास में एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया।

यह राज्य की कनेक्टिविटी और आर्थिक महत्वाकांक्षाओं में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने स्थल पर एक पौधा लगाया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ एक्सप्रेसवे पर पैदल चलकर इसके डिजाइन और विशेषताओं का जायजा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक, साथ ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी भी उपस्थित थे। ग्रीनफील्ड गंगा एक्सप्रेसवे की आधारशिला दिसम्बर 2021 में स्वयं प्रधानमंत्री ने रखी थी। लगभग 36,230 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित यह परियोजना विश्व स्तरीय अवसंरचना की दिशा में राज्य के प्रयासों को दर्शाती है। उद्घाटन से पहले, प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित एक प्रदर्शनी का भी दौरा किया।




### विपक्ष को सजा देने को बहन-बेटियों ने किया रिकॉर्ड मतदान: मोदी

**हरदोई।** देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की जीत का भरोसा जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि महिला आरक्षण का विरोध करने वाले विपक्ष की कुटिल मंशा को बहन-बेटियां पहचान गई हैं और यही कारण है कि असम, केरलम, पुडुचेरी, बंगाल और तमिलनाडु में बहनों ने रिकॉर्ड मतदान किया है। हरदोई के मल्लांवा में देश के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेस वे के लोकार्पण के अवसर पर श्री मोदी ने आयोजित एक जनसभा में कहा कि आज हर क्षेत्र में, हर मोर्चे पर भारत की बेटियां इतना शानदार काम कर रही हैं, तो राष्ट्र के भविष्य से जुड़े फैसलों में भी बहनों-बेटियों की भूमिका और बढ़नी ही चाहिए।

## हैरत: दिल्ली HC में वर्चुअल सुनवाई में चली पोर्न वीडियो

- स्क्रीन पर दिखा हैक का मैसेज, गाने भी बजे

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को वर्चुअल सुनवाई के दौरान अश्लील वीडियो चल गया। उस वक्त चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस खरिया की बेंच सुनवाई कर रही थी।

यह मामला दोपहर 12:56 बजे का है। यह साफ नहीं हुआ है कि वारदात के वक्त बेंच किस मामले में सुनवाई कर रही थी। जैसे ही पोर्न वीडियो चला, फौरान सुनवाई रोक दी गई। कुछ मिनट बाद सुनवाई दोबारा शुरू हुई, फिर पोर्न वीडियो चलने लगा। मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट को दी गई है। वर्चुअल सुनवाई के दौरान कई लोग जुड़े हुए थे। इनमें एक क्षितिजीत सिंह थे। शुरुआती पूछताछ में क्षितिजीत ने दावा किया कि उसका अकाउंट अमेरिका से हैक किया गया था। उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि सुनवाई के दौरान वह अश्लील वीडियो कैसे चला। बुधवार को सुनवाई के दौरान वीडियो चलने के बाद आपका सिस्टम हैक हो गया है', का मैसेज भी स्क्रीन पर दिखाई दिया। दो बार पोर्न वीडियो चला और तीसरी बार म्यूजिक वीडियो चला। कोर्ट में 100 से ज्यादा जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हो रही थी। ये मामला उसी दौरान समाने आया।

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने संबंधी आदेश फर्जी: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा आदेश फर्जी है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं किया है। सोशल मीडिया पर वायरल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के इस कथित आदेश में दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल की कीमत में दस रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में साढ़े बारह रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। कथित आदेश में कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने इस बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय पीआईबी की फैक्ट चैक टीम ने बुधवार को इस कथित आदेश की जांच के बाद कहा है कि यह फर्जी है और सरकार ने पेट्रोल तथा डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का कोई आदेश जारी नहीं किया है।

### राजस्थान में गर्मी के चलते ट्रेन के ब्रेक में लगी आग

**नई दिल्ली।** देश के कई शहर हीटवेव की चपेट में हैं। ज्यादातर हिस्सों में तापमान 40-46 डिग्री सेल्सियस के बीच है। मध्य प्रदेश के देवास में गर्मी से बचने के लिए 20 कूलर के साथ बारात निकाली गई। राजस्थान के धौलपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के एक जनरल कोच के निचले हिस्से में आग लग गई। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक, गर्मी के कारण ब्रेक पैडल वाले हिस्से में आग लगी थी। ओडिशा के झारसुगुड़ा में 45.3 डिग्री से ज्यादा तापमान रहा। यहां लू सेंटर बनाए जा रहे हैं, जहां ठंडा पानी और ग्लूकोज का इंतजाम होगा। यूपी के 15 शहरों में आंधी-बारिश हुई।

### गाजियाबाद में आवासीय इमारत में आग लगने से हड़कंप

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम स्थित गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में बुधवार को भीषण आग लग जाने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अग्निशमन अधिकारी ने घटनास्थल से जानकारी देते हुए बताया कि दमकल कर्मियों की टीम ने तुरंत वहां पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी है। हालांकि, आग ऊंची मंजिलों तक फैल रही थी, इसलिए इस पर काबू पाने के लिए क्रेन को मौके पर लगाया और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। आग के दूसरे फ्लैट तक भी फैलने की आशंका से वहां रह रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई है।

### ग्रेट निकोबार परियोजना पर राहुल ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अंडमान-निकोबार के ग्रेट निकोबार द्वीप में प्रस्तावित विकास परियोजना को लेकर सवाल उठाते हुए सरकार से इस पर स्पष्ट जवाब देने को कहा है। श्री गांधी ने 'एक्स' पर क्षेत्र के अपने हालिया दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि ग्रेट निकोबार के जंगल अत्यंत प्राचीन और अद्भुत हैं, जिन्हें विकसित होने में पीढ़ियां लगी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों में अवैध संपत्तियों को ढहाया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिस ने नागरिक प्रशासन के सहयोग से नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन पर करोड़ों रुपये की अवैध रूप से बनी संपत्तियों को ढहा दिया है। पुलिस ने बताया कि इस अभियान के दौरान, राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एस्टेट संगम में सरकारी जमीन पर बनी कई इमारतों को ढहा दिया गया। पुलिस ने बताया कि इन इमारतों का इस्तेमाल सड़क किनारे ढाबों के तौर पर किया जा रहा था और ए इमारतें एनडीपीएस अधि. नियम के मामलों में शामिल लोगों से जुड़ी पाई गईं। ढहाई गई संपत्तियों में कश्मीर रेस्तरां (ढाबा) भी शामिल था, जिसके मालिक डोनिपोरा संगम के रहने वाले गुल मोहम्मद मीर और बशीर अहमद मीर थे। पुलिस ने बताया कि इन दोनों के नाम बिजबेहारा पुलिस स्टेशन में दर्ज अलग-अलग एनडीपीएस मामलों में शामिल हैं।

### विश्वनाथ धाम में प्रधानमंत्री मोदी को त्रिशूल-डमरू भेंट

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने काशी दौरे के दूसरे दिन बुधवार सुबह बरेका से रोड शो करते हुए काशीवासियों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। धाम में ब्राह्मणों और बटुकों ने प्रधानमंत्री का डमरुओं की निनाद तथा शंखनाद के साथ भव्य स्वागत किया। विश्वनाथ धाम भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री ने विक्रमादित्य वैदिक घड़ी को देखा और उसके बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने विश्वनाथ धाम में लोगों का अभिवादन किया और गंगा द्वार भी पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री काशी विश्वनाथ जी का जलाभिषेक किया।

### 11 घंटे का सफर मात्र छह घंटे में होगा पूरा

# गंगा एक्सप्रेस से मिलेगी विकास को रफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पश्चिमी उप्र के मेरठ को पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से जोड़गा, 3.5 किमी लंबा इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी तैयार, वायुसेना के एयरक्राफ्ट को आपात स्थिति में लैंड कर सकेंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट गंगा एक्सप्रेस का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को हरदोई में किया। 594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे प्रदेश के सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में से एक है, जिसे 3-5 साल से भी कम समय में पूरा किया गया है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ को पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से जोड़ने वाले इस एक्सप्रेस वे के शुरू होने से राज्य के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। गंगा एक्सप्रेसवे के शुरू होने से यात्रा समय करीब 11 घंटे से घटकर लगभग छह घंटे रह जाएगा। इससे बिजनेस, लॉजिस्टिक्स, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और पर्यटन क्षेत्रों को व्यापक लाभ होगा। सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए इस एक्सप्रेसवे पर एआई-सक्षम कैमरा सिस्टम लगाए गए हैं, जो दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एडवांस अलर्ट करेंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत शाहजहांपुर जिले में 3-5 किमी लंबा इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी तैयार किया गया है, जिससे भारतीय वायुसेना के एयरक्राफ्ट को आपात स्थिति में लैंड कर सकेंगे और इस रणनी. तिक कॉरिडोर की क्षमताएं और मजबूत होंगी। 12 जिलों से गुजरने वाला यह छह लेन का एक्सप्रेसवे, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकता है, बाजारों, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा केंद्रों और पर्यटन स्थलों तक पहुंच को बेहतर बनाएगा। आम नागरिकों को जहां आवश्यक सेवाओं तक तेजी से पहुंच मिलेगी, वहीं व्यापार और उद्योगों को तेज कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। अदाणी रोड ट्रांसपोर्ट लिमिटेड ने इस परियोजना में 464 किमी, यानी कुल एलाइनमेंट का लगभग 80 फीसदी हिस्सा विकसित किया। निर्माण के समय में इश प्रोजेक्ट पर 12,000 से ज्यादा श्रमिक तैनात रहे। बाकि हिस्से का निर्माण आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ने बनाया है। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार यह एक्सप्रेसवे हर वर्ष 25,000-30,000 करोड़ रुपये की लॉजिस्टिक्स बचत करेगा, अगले एक दशक में लगभग तीन लाख रोजगार सृजित करेगा और राज्य के जीडीपी में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देगा। इसके साथ ही, यह फेट वेलोसिटी को बढ़ाने और कई क्षेत्रों में इन्वेंट्री होल्डिंग लागत को कम करने में मदद करेगा। यह ट्रंक कॉरिडोर कृषि उत्पादों और अन्य वस्तुओं की तेज आवाजाही सुनिश्चित कर व्यापार प्रवाह को मजबूत करेगा। किसानों और छोटे कारोबारियों को बेहतर बाजार पहुंच और बेहतर मूल्य प्राप्ति में सहायता मिलेगी। गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश की औद्योगिक और कृषि कनेक्टिविटी को मजबूती देने के साथ करीब 8 करोड़ से अधिक लोगों को को फायदा पहुंचाएगा।

# राजनाथ ने पाकिस्तान को दी क्लीन चिट: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ जयराम रमेश का दावा: ऐसा अमेरिका को खुश करने के लिए किया गया है

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान को 'क्लीन चिट' दे दी है और दावा किया कि ऐसा अमे. रिका को खुश करने के लिए किया गया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि निश्चित रूप से रक्षा मंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी की स्वीकृति और निर्देश पर ही किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में 'क्लीन चिट' दी है। उन्होंने इसे शर्मनाक बताया और सवाल किया कि सरकार को ये बताना चाहिए कि क्या पाकिस्तान आतंकवाद का केन्द्र नहीं है। उन्होंने सवाल किया, क्या वहां भारत के खिलाफ आतंकी शिविर नहीं चल रहे हैं और क्या मुंबई तथा पहलगाम जैसे हमलों की साजिश पाक से जुड़े आतंकियों ने नहीं रची थी। रमेश ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान के प्रति सरकार का यह रुख अमेरिका को खुश करने और चीन के सामने संतुलन साधने की नीति का हिस्सा है। उन्होंने 19 जून 2020 को चीन को लेकर दिए गए मोदी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि सिंह का यह भी उसी तरह का चौंकाने वाला रुख है।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी भाजपा नेता पर घोषित इनामी राशि हुई 50 हजार

फतेहपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के खागा कोतवाली क्षेत्र में मंगेतर के सामने युवती से सामूहिक दुष्कर्म के चर्चित मामले में फरार आरोपी भाजपा नेता पर घोषित इनाम की राशि 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने सात टीमों का गठन किया है। इस घटना को लेकर जिले में सियासी पारा भी चरम पर पहुंच गया है।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मुख्य आरोपी गोलू ठाकुर की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। यदि शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई, तो न्यायालय से आदेश लेकर कुर्की की कार्रवाई भी की जा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने मामले में लापरवाही बरतने पर खागा इंस्पेक्टर और चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया है। जानक. ारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक अपनी मंगेतर से मिलने उसकी ससुराल पहुंचा था और उसे लेकर एक बाग में गया, जहां पहले से मौजूद तीन युवकों ने युवती के साथ उसके मंगेतर के सामने ही सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। आरोप है कि परिजन जब पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे तो पुलिस ने प्रारंभ में गंभीरता नहीं दिखाई। बाद में युवती की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। घटना मीडिया में आने के बाद पुलिस ने भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष बताए जा रहे गोलू ठाकुर समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया, जिनमें दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि गोलू ठाकुर फरार है। मुख्य आरोपी की कुछ भाजपा नेताओं के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस और भाजपा दोनों की किरकिरी बढ़ गई। भाजपा नेताओं ने अपने बचाव में बयान जारी कर कहा है कि गोलू ठाकुर पार्टी का पदा. धिकारी नहीं है, जबकि इससे पहले वह स्वयं को मंडल उपाध्यक्ष बताता रहा है। इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि आरोपी की गिरफ्तारी में देरी राजनीतिक संरक्षण और जातीय पक्षपात के कारण हो रही है। वहीं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने 30 अप्रैल को पीड़िता के घर जाकर मुलाक. ात करने और आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

# यूपी विधानसभा के विशेष सत्र की तैयारी

## सियासी सरगर्मियां तेज हुई

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ महिला आरक्षण को लेकर सियासी घमासान होना तय

■ कांग्रेस भी अपने रुख को स्पष्ट करने की तैयारी में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र गुरुवार को आयोजित होने जा रहा है, जिसे लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। एक ओर जहां विपक्ष अपनी रणनीति तय करने में जुटा है, वहीं सत्तारूढ़ एनडीए ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है।

साल 2027 के विधानसभा चुनाव से करीब 10 महीने पहले बुलाया गया यह विशेष सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बड़े टकराव का मंच बन सकता है। प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने अपने विधायकों की बैठक बुलाकर रणनीति को अंतिम रूप देने की तैयारी की है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने बताया कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने 29 अप्रैल की दोपहर बैठक बुलाई है, जिसमें इस मुद्दे पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। वहीं कांग्रेस भी इस मुद्दे पर अपने रुख को स्पष्ट करने की तैयारी में है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि पार्टी आज इस विषय पर निर्णय लेगी और बेहतर तालमेल के लिए समाजवादी पार्टी नेतृत्व से भी बातचीत की जाएगी। समा. जवादी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राज्य सरकार इस मुद्दे पर कोई प्रस्ताव सदन में लाएगी या नहीं, लेकिन पार्टी सरकार के रुख का जवाब देने के लिए रणनीति बना रही है। इधर, भारतीय जनता पार्टी विपक्ष को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 पारित न होने देने के मुद्दे पर घेरने की तैयारी में है। इस संशोधन का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण को तेजी से लागू करना और लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़ाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' का नेतृत्व किया था, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में महिला रैली कर इस मुद्दे को प्रमुखता दी है। इस बीच विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आज होगी, जिसमें विशेष सत्र की कार्यवाही का एजेंडा तय किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण पर व्यापक चर्चा के साथ-साथ बजट सत्र के बाद जारी छह अध्यादेशों को सदन में पेश किए जाने की संभावना है, जिनमें राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2026 भी शामिल है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में 30 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। जिसको लेकर सरकार अपनी तैयारी में जुटी है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 77496.36
निफ्टी 24177.65



सोना 153594
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 250210
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लौटी तेजी सेंसेक्स 609 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को एक बार फिर तेजी लौट आई और बीएसई का सेंसेक्स 600 अंक से अधिक की बढ़त में बंद हुआ। सेंसेक्स की शुरुआत तेजी के साथ हुई और पूरे दिन यह हरे निशान में रहा। अंत में पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 609.45 अंक (0.79 प्रतिशत) चढ़कर 77,496.36 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक 181.95 अंक यानी 0.76 फीसदी की मजबूती में 24,177.65 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार में मझौली कंपनियों के सूचक. ांक लाल निशान में रहे, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0. 06 प्रतिशत उतर गया। वहीं निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.65 प्रतिशत की बढ़त रही। एफएमसीजी, रियलटी और ऑटो सेक्टरों के सूचक. ांक एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। आईटी, तेल एवं गैस, धातु और रसायन समूहों में भी अच्छी तेजी रही। निजी बैंकों के सूचकांक जहां बढ़त में रहे वहीं सार्वजनिक बैंकों में बिकवाली का जोर रहा। वित्त और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक भी गिरावट में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी का शेयर चार प्रतिशत के करीब मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक चढ़े। सन फार्मा, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनीलिवर, इंफोसिस, टीसीएस और बजाज फाइनेंस के शेयर एक से दो प्रतिशत तक ऊपर बंद हुए। कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, टाइटन, पावरग्रिड, टाटा स्टील और बीईएल के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। इंडिगो का शेयर ढाई फीसदी और एनटीपीसी का डेढ़ फीसदी के करीब टूट गया। बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए।

### सोने की आभूषण मांग से अधिक रही निवेश मांग: विश्व स्वर्ण परिषद

**नई दिल्ली।** इस साल 31 मार्च को समाप्त तिमाही में देश के सर्राफा बाजार में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला और पहली बार सोने की निवेश मांग ने आभूषण बनाने के लिए सोने की खरीद को पीछे छोड़ दिया है। विश्व स्वर्ण परिषद के अनुसार इस साल की पहली तिमाही में सिक्कों, बिस्कुट और एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में मजबूत रुचि के कारण निवेश के लिए पीली धातु की खरीद में तेज बढ़ोतरी हुई। दूसरी तरफ, आभूषण मांग में गिरावट देखी गई। सोने की ऊंची कीमतों के कारण सर्राफा की मांग प्रभावित हुई। रिपोर्ट के अनुसार, इस तिमाही में निवेश मांग साल-दर-साल 52 प्रतिशत बढ़कर 82 टन हो गई।

# चावल, गेहूं में टिकाव, चीनी नरम खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल में टिकाव देखा गया। चावल के साथ गेहूं की कीमत भी कमोबेश स्थिर रही। चीनी के भाव घटे, जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,835 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही।

गेहूं 2,780 रुपये प्रति क्विंटल पर अपरिवर्तित रहा। आटे में भी टिकाव देखा गया। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव रहा। चना दाल की औसत कीमत 10 रुपये और मसूर दाल की चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 20 रुपये और उड़द दाल 13 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल भी नौ रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा 42 रिंगिट चढ़कर 4,578 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.24 प्रतिशत महंगा हुआ और 73.42 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 13 रुपये और वनस्पति पांच रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सोया तेल 31 रुपये और मूंगफली तेल 17 रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल में 14 रुपये और सूरजमुखी तेल में 13 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव तीन रुपये प्रति क्विटंल गिर गया। चीनी भी दो रुपये सस्ती हुई। दाल-दलहन: दाल चना 7673.63 रुपये, मसूर काली 8090.45 रुपये, मूंग दाल 10162. 80 रुपये, उड़द दाल 10805.51 रुपये, तुअर दाल 11246.19 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज: गेहूं दड़ा 2780.11 रुपये और चावल 3835.44 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3258.72 रुपये प्रति क्विटंल रहा। चीनी.गुड़: चीनी एस 4304 रुपये और गुड़ 5019.62 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17843.59 रुपये, मूंगफली तेल 18866.73 रुपये, सूरजमुखी तेल 17448.66 रुपये, सोया तेल 14892.32 रुपये, पाम ऑयल 13457.62 रुपये और वनस्पति 14910.02 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# भारतीय पर्यटकों को भा रही अनजान और शांत जगहें: रिपोर्ट

नई दिल्ली, वार्ता

■ प. एशिया संकट से लोगों ने अपने गंतव्य बदले

छुट्टियां बिताने के लिए पसंदीदा स्थान चुनने के भारतीय पर्यटकों के मानदंड बदल रहे हैं और अब वे एसी जगहों पर जाना चाहते हैं जहां कुछ नया अनुभव मिले और बहुत ज्यादा लोग न जाते हों। ब्रितानी सर्च एग्रीगेटर एवं ट्रेवल एजेंसी स्काईस्कैनर की यहां मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि 81 प्रतिशत भारतीय पर्यटकों को नई जगहों पर जाने से कोई गुरेज नहीं है जबकि 60 प्रतिशत से अधिक लोग कम भीड़-भाड़ वाली शांत जगहों को पसंद करते हैं।

स्काईस्कैनर के भारतीय कारोबार के प्रमुख नील घोष ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पहले जहां लोग ज्यादातर ऐसी जगहों पर जाना पसंद करते थे, जो प्रसिद्ध हों या लोकप्रिय हों, वहीं अब वे ऐसी जगहों को तरजीह दे रहे हैं जहां कम लोग जाते हैं, जहां कुछ नया अनुभव मिले और बिल्कुल अनजान जगहों पर जाने से भी नहीं कतराते हैं। उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे और नए पर्यटन स्थलों के उभरकर सामने आने का एक कारण यह भी है कि पहले जहां ये जगहें दुर्गम थीं अब इनके लिए परिवहन सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हैं। श्री घोष का कहना है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण लोगों ने अपने गंतव्य जरूर बदले हैं, लेकिन छुट्टियों पर बाहर जाना पूरी तरह टाला नहीं है। उन्होंने कहना है कि आम तौर पर भी अब पर्यटक अपने गंतव्य और समय को लेकर काफी लचीलापन दिखा रहे हैं। यही कारण है कि 48 फीसदी भारतीय पर्यटक अब नॉन-पीक टाइम यानी उन दिनों में भी सफर करने के लिए तैयार हैं, जब भीड़ ज्यादा नहीं होती। रिपोर्ट के अनुसार एक-तिहाई लोग छुट्टी रद्द करने की बजाय अपना गंतव्य बदलने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट लॉन्च के मौके पर होस्टल चेन जोस्टल और जो वर्ल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविरल गुप्ता ने बताया कि अब काफी पहले योजना बनाने की बजाय लोग अंतिम समय में यात्रा के लिए ज्यादा बुकिंग कर रहे हैं। लगभग आधे पर्यटक अब उसी दिन या यात्रा से एक दिन पहले बुकिग करते हैं। उन्होंने कहा कि अब यात्रा छुट्टियां मनाने के कहीं बढ़कर जीवनशैली में शामिल हो चुका है।

# प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम साबित हो रहे एक्सप्रेसवे: योगी

हरदोई, वार्ता



देश के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई आधारशिला आज साकार रूप ले चुकी है। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे अन्नदाता किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था व संस्कृति के संरक्षण तथा उत्तर प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम साबित होगा।

मेरठ से प्रयागराज तक फैले इस आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने 12 जनपदों के एक लाख से अधिक किसानों के योगदान से आकार लिया है। एक्सप्रेसवे के साथ-साथ 27 स्थानों पर इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल क्लस्टर और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जो न केवल आवागमन को तेज करेंगे बल्कि नए निवेश और रोजगार के द्वार भी खोलेंगे। डबल इंजन सरकार की दूरदर्शिता का प्रतीक यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहा है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि जिस परियोजना का शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से प्रदेश के इस बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट 'गंगा एक्सप्रेसवे' का भव्य उद्घाटन आज संपन्न हो रहा है। प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2021 में जिस एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी थी, आज वही परियोजना लोकार्पण के साथ साकार रूप ले रही है। योगी ने हरदोई की पावन धरती को भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद और नरसिंह अवतार से जुड़ी आस्था की भूमि बताते हुए कहा कि इसी पवित्र स्थल पर यह एतिहासिक अवसर प्राप्त होना गौरव का विषय है। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के चुनौतीपूर्ण दौर में भी भूमि अधिग्रहण से लेकर निर्माण कार्यों को निरंतर गति देने और समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने का जो विजन प्रधानमंत्री ने प्रदेश को दिया था, आज वह पूरी तरह साकार होकर हमारे सामने है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब देश 'नए भारत' की परिकल्पना को साकार होते देख रहा है, तब 'नए उत्तर प्रदेश' में विकसित हो रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल आवागमन को सुगम बना रहा है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को स्पष्ट नीति, साफ नीयत और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ धरातल पर उतारने का परिणाम है। 2017 से पहले प्रदेश परिवारवाद, जातिवाद, दंगों, अराजकता, कर्फ्यू और माफिया राज के माहौल से जकड़ा हुआ था, जहां विकास, रोजगार और निवेश की कल्पना भी मुश्किल थी। लेकिन पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे, हाईवे, जिला मार्गों और ग्रामीण सड़कों का लगभग चार लाख किलोमीटर का विशाल नेटवर्क विकसित हुआ है। इसके साथ ही इंटरस्टेट कनेक्टिविटी को मजबूत करते हुए हर जिला मुख्यालय को चार लेन और प्रत्एक ब्लॉक व तहसील मुख्यालय को चार लेन व दो लेन सड़कों से जोड़ने का कार्य भी सफलतापूर्वक किया गया है। उन्होने कहा कि देश की पहली रैपिड रेल का दिल्ली-मेरठ के बीच उद्घाटन कर प्रधानमंत्री ने दूरियों को सिमटाने का एतिहा. सिक कार्य किया है। उत्तर प्रदेश की अपार संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास आज जमीन पर एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, इनलैंड वॉटरवेज, मेट्रो और रेलवे के डेडिकेटेड फेट कॉरिडोर के रूप में स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं, जो डबल इंजन सरकार की ताकत का प्रमाण हैं।

# पर्वतीय व सीमावर्ती राज्य उत्तराखंड में जल जीवन मिशन एक महत्वपूर्ण अभियान : सीएम




■ जल जीवन मिशन , जल शक्ति मंत्रालय और उत्तराखण्ड सरकार के मध्य एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर , वर्चुअल शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** जल जीवन मिशन 2.0 के अन्तर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, जल शक्ति मंत्रालय और उत्तराखण्ड सरकार के मध्य एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किये गये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एमओयू उत्तराखण्ड में जल जीवन मिशन के कार्यों को नई गति प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय एवं सीमावर्ती राज्य में जल जीवन मिशन केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि लगभग 14 लाख ग्रामीण परिवारों के जीवन, स्वास्थ्य और सुविधा से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण अभियान है। राज्य में जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगभग 16,500 योजनाएं स्वीकृत हुई हैं। अधिकांश योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा शेष पर कार्य तेजी से गतिमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाला राज्य है। दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र, दूरस्थ गांव, भूस्खलन एवं आपदा संवेदनशीलता के कारण उत्तराखंड में योजनाओं का क्रियान्वयन सामान्य राज्यों की तुलना में अधिक जटिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार हिमालय संरक्षण एवं जल स्रोत संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम, ग्लेशियर रिसर्च सेंटर, जल स्रोत संरक्षण अभियान और जनभागीदारी कार्यक्रमों के माध्यम से हिमालय के दीर्घकालिक संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए राज्य में बड़े स्तर पर पौधारोपण, जल संरक्षण और जन-जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नौले, धारे एवं वर्षा आधारित नदियों जैसे पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए राज्य में स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी का गठन किया है। विगत एक वर्ष में सारा के माध्यम से राज्य के 6,500 से अधिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं उपचार का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। साथ ही, लगभग साढ़े तीन मिलियन घन मीटर वर्षा जल संचयन कर जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। जल शक्ति अभियान के माध्यम से 1000 गांवों में तालाबों एवं पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन का कार्य भी संचालित किये जा रहे हैं। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने राज्य सरकार द्वारा स्प्रिंग एंड रिवर रेजुवनेशन के माध्यम से जल स्रोतों और नदियों के पुनर्जीवीकरण एवं जल शक्ति अभियान के तहत एक हजार गांवों में तालाबों के पुनर्जीवन की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा राज्य को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इस अवसर पर केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, सचिव जल शक्ति मंत्रालय अशोक कुमार मीणा, अपर सचिव जल शक्ति मंत्रालय कमल किशोर सोन, संयुक्त सचिव स्वाति मीणा, रेजिडेंट कमिश्नर अजय मिश्रा, वर्चुअल माध्यम से सचिव पेयजल रणवीर सिंह चौहान एवं प्रबंध निदेशक जल जीवन मिशन रोहित मीणा उपस्थित थे।

# जीएनटीआई मैदान का होगा कायाकल्प श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में बनेगा रेन बसेरा



■ केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ■ दिल्ली में मुलाकात के दौरान गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी भी रहे मौजूद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**दिल्ली/देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टचार मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी भी मौजूद थे। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने केन्द्रीय रेल मंत्री के साथ ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने श्रीनगर में ऐतिहासिक जीएनटीआई मैदान के पुनर्निर्माण, श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में रेन बसेरा बनाने तथा रेल परियोजना से प्रभावित परिवारों की समस्या को रखा। साथ ही डॉ. रावत ने केन्द्रीय मंत्री को चार धाम यात्रा पर आने का आमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।

कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि केन्द्रीय मंत्री के साथ मुलाकात के दौरान उन्होंने ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना के निर्माण कार्यों एवं परियोजना का काम शीघ्र पूरा करने को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान डॉ. रावत ने केन्द्रीय रेल मंत्री के समक्ष कई अहम मुद्दों को रखा। डॉ. रावत ने बताया कि रेल परियोजना की निर्माणाधीन टनल से श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग के ऊपर की ओर स्थित टीचर्स कॉलोनी में कई लोगों के निजी व व्यावसायिक भवन क्षतिग्रस्त हुई है, जिससे प्रभावित परिवार बेघर हो गये हैं साथ ही आर्थिक कठिनाईयों से भी जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जिलाधिकारी पौड़ी के स्तर पर गठित समिति की सर्वे व मूल्यांकन रिपोर्ट के तहत प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने के लिये समय-समय पर रेल विकास निगम को कहा गया लेकिन अभी तक उन्हें मुआवजा की राशि नहीं दी गई। इसके अतिरिक्त काण्डई गांव के 9 परिवारों के पूर्णतः क्षतिग्रस्त भवनों का विषय भी केन्द्रीय रेल मंत्री के समक्ष रखा गया। डॉ. रावत ने सभी प्रभावित परिवारों को शीघ्र उचित मुआवजा राशि देने का अग्रह केन्द्रीय मंत्री से किया। जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने शीघ्र प्रभावितों को मुआवजा देने की बात कही। डॉ. रावत ने रेलवे परियोजना से क्षतिग्रस्त जीएनटीआई मैदान के सौन्दर्यीकरण एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में तिमारदारों की सुविधा के लिए रेन बसेरा के निर्माण रेल विकास निगम की ओर से कराने का प्रस्ताव केन्द्रीय रेल मंत्री के समक्ष रखा।

# भाजपा ने विधानसभा से पारित निंदा प्रस्ताव का किया स्वागत



■ कहा -कांग्रेस को 27 के चुनाव टिकटों में महिलाओं को आरक्षण देने से किसने रोका? ■ सर्वाधिक महिला उम्मीदवार और विधायक भाजपा के, कांग्रेस सिर्फ करती है ड्रामा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने विधानसभा विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विरोधियों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित होने का पुरजोर स्वागत किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस द्वारा जीत के बाद विधानसभा में महिला आरक्षण लागू करने के तर्कों को असंवैधानिक बताते हुए कहा, उन्हें 27 के नतीजों का इंतजार करने की जरूरत नही है, उससे पहले ही वे अपनी पार्टी में 33 फीसदी टिकट महिलाओं को दे सकते हैं, किसने रोका है। जहां तक भाजपा का सवाल है तो सबसे अधिक विधायक हमारे हैं और टिकट भी हमने दिए। कांग्रेस दिग्गजों ने तो घोषित महिला टिकट को कैंसिल कर चुनाव लड़े हैं।

उन्होंने मीडिया द्वारा प्रतिक्रिया मांगे जाने पर कहा, महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है, लिहाजा उन्हें आत्मचिंतन करने की जरूरत है। भट्ट ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग आज विधानसभा से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की असंवैधानिक प्रक्रिया का भ्रम और झूठ फैला रहे हैं। उन्हें पहले यह जवाब देना चाहिए कि जब संसद के विशेष सत्र में ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक लाया गया था, तब वहां विरुद्ध क्यों किया गया? उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने दिल्ली में बैठे अपने आलाकमान को इस मुद्दे पर सही सलाह क्यों नहीं दी। उन्होंने कांग्रेस द्वारा जीत के बाद विधानसभा में महिला आरक्षण देने के दावों पर चुनौती देते हुए कहा, ‟2027 के चुनावों तक रुकने की आवश्यकता नहीं है। यदि उनकी नीयत साफ है, तो वे आज ही घोषणा करें कि आगामी चुनावों में अपनी पार्टी के भीतर महिलाओं को 33 फीसदी टिकट देंगे। उन्हें ऐसा करने से किसी ने नहीं रोका है और भाजपा को इस पर कोई आपत्ति नहीं होगी।

# निर्माण कार्यों के शासनादेश के विलम्ब पर सीएस ने जताई नाराजगी



■ मुख्य सचिव ने ली कुम्भ मेला - 2027 की तैयारियों को लेकर बैठक ■ आपत्तियां निस्तारित कर ३ दिन में जीओ जारी करने के दिए निर्देश ■ यातायात प्लान फाइनल करने को मेलाधिकारी, आईजी कुम्भ और रेलवे शीघ्र करें समन्वय बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में कुम्भ मेला - 2027 की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों एवं अधिकारियों के साथ बैठक ली। सर्वप्रथम मुख्य सचिव ने कुम्भ मेले से संबंधित निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों के शासनादेश जारी ना होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आपत्तियों का निराकरण कर अगले 3 दिनों में शासनादेश जारी किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि कुंभ मेले के लिए भूमि अधिग्रहण और भूमि आबंटन की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर ली जाए। उन्होंने कहा कि विभागों और संस्थानों को आबंटित होने वाली भूमि को 30 जून तक आबंटित कर दिया जाए। उन्होंने आयुक्त गढ़वाल को भूमि अधिग्रहण एवं आवंटन प्रक्रिया कुम्भ मास्टर प्लान में शामिल किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि निर्माणदायी संस्थाओं द्वारा मेला क्षेत्र के अंतर्गत अपने कार्यालयों को मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी आवश्यक तैनातियां शीघ्र से शीघ्र सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनिवार्य रूप से कराये जाने वाले अस्थायी प्रकृति के कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र से शीघ्र शुरू किए जाने की बात कही।

मुख्य सचिव ने कुम्भ मेला क्षेत्र के लिए रेलवे एवं सड़क मार्ग यातायात प्लान तैयार कर फाईनल किए जाने हेतु मेलाधिकारी कुम्भ, आईजी कुम्भ और डीआरएम मुरादाबाद को शीघ्र बैठक कर सभी बुनियादी आवश्यकताएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरिद्वार, नजीबाबाद और मैंगलोर की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग के स्तर से होने वाले स्पर्र और जंक्शंस का निर्माण और मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराया लिया जाए। उन्होंने कुम्भ क्षेत्र के आसपास के जनपदों में भी ट्रैफिक प्लान और पार्किंग सुविधाओं का विस्तार किए जाने के निर्देश जिलाधिकारियों को दिए।

मुख्य सचिव ने आकस्मिक यातायात प्लान भी तैयार रखे जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रवेश करने वाले स्थानों पर भी पार्किंग, रुकने, खाने एवं शौचालयों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कुम्भ मेला क्षेत्र में चिह्नित पार्किंग स्थलों में भी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

मुख्य सचिव ने पूरे कुम्भ क्षेत्र के लिए सैनिटेशन का डेडिकेटेड प्लान तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेले के दौरान देश विदेश से लाखों-करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। इस लिए कुम्भ क्षेत्र में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे जाने के लिए विशेष सैनिटेशन प्लान शीघ्र तैयार किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने उपयुक्त मात्रा में पर्यटक सूचना केंद्रों की स्थापना किए जाने पर भी जोर दिया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो और समय पर उचित जानकारी मिल सके।

मुख्य सचिव ने कुम्भ मेला के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विभिन्न लोक कलाओं के निपुण कलाकारों को इससे अपनी संस्कृति देश विदेश तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ के कारण महत्त्वपूर्ण दिवसों को छोड़कर प्रत्येक दिवस ऐसे पौराणिक, ऐतिहासिक एवं लोक संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

इस अवसर पर सचिव नितेश कुमार झा, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, बृजेश कुमार संत, विनय शंकर पाण्डेय, श्रीधर बाबू अद्दांकी, रणवीर सिंह चौहान, मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका, आईजी कुम्भ योगेन्द्र सिंह रावत एवं रेलवे डिवीजन मुरादाबाद से वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## डीएम ने आपदा संबंधी तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी टिहरी नितिका खंडेलवाल ने आगामी विधानसभा सत्र के दृष्टिगत जनपद में आपदा संबंधी तैयारियों को लेकर सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए है। साथ ही जनपद क्षेत्र में वर्ष 2025 से वर्तमान तक घटित वृहद आपदाओं से हुई क्षति का विस्तृत विवरण उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को समयबद्ध उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में सभी विभागों को निर्देश दिए कि आगामी विधानसभा सत्र के लिए जनपद में घटित आपदाओं का विवरण निर्धारित प्रपत्र पर संकलित कर शीघ्र प्रेषित किया जाए, ताकि आपदा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक कार्रवाई व योजनाओं की प्रभावी समीक्षा की जा सके।

# कुमाऊं में भी खुलेगा वन विकास निगम का कार्यालय




■ मुख्यमंत्री धामी हुए उत्तराखंड वन विकास निगम के "रजत जयंती समारोह" में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को उत्तराखंड वन विकास निगम स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर, मुख्यमंत्री आवास में आयोजित "रजत जयंती समारोह" में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कुमाऊं मंडल में भी वन विकास निगम का कार्यालय खोलने की घोषणा की। मौन पालन को और बढ़ावा देने के लिए वन क्षेत्र में बी - बॉक्स स्थापित करने का प्रस्ताव कैबिनेट में लाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वन विकास निगम के कर्मचारियों के बच्चों को सम्मानित भी किया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विकास निगम राज्य की इकोनॉमी के साथ ही इकोलॉजी के लिए भी महत्वपूर्ण है। निगम वनों के वैज्ञानिक प्रबंधन, वन उपज के टिकाऊ दोहन, आरक्षित वन क्षेत्रों में खनन और इको-टूरिज्म संचालन का कार्य करता है, साथ ही वन उत्पादों और प्रमाणित लकड़ी की सरकारी आपूर्ति करता है। उन्होंने कहा कि वन विकास निगम केवल आर्थिक गतिविधियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वन क्षेत्रों से सूखे, मृतप्राय और उखड़े हुए पेड़ों को हटाकर उनकी जगह नए वन क्षेत्र विकसित करने में भी सहयोग कर रहा है। साथ ही, इको-टूरिज्म के माध्यम से युवाओं और छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी कार्य कर रहा है।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड वन विकास निगम ने अपनी इन 25 वर्षों की यात्रा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। पिछले वर्ष उत्तराखंड वन विकास निगम ने 167 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य में इकोनॉमी और इकोलॉजी में समन्वय के साथ वन संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। वन सम्पदाओं को लोगों की आर्थिकी से जोड़ने के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में वन विकास निगम ने कुल 627 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया। निगम द्वारा नवाचारों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक सविता कपूर, मोहन सिंह बिष्ट, सुरेश गड़िया, प्रमोद नैनवाल, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक रंजन मिश्र, सचिव सी. रविशंकर, एमडी वन विकास निगम नीना ग्रेवाल मौजूद थे।

## हिमकाष्ठ मोबाइल एप का लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर "हिमकाष्ठ" मोबाइल एप्लीकेशन का लोकार्पण करते हुए कहा कि इस एप्लीकेशन के माध्यम से वन विकास निगम से लकड़ी की बिक्री की जा सकेगी। साथ ही फॉरेस्ट गुड्ज का ऑनलाइन ऑक्शन भी किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि निगम की आधुनिक ई-नीलामी प्रणाली और अन्य ऑनलाइन प्रक्रियाओं ने इस क्षेत्र में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने का काम किया है। ये डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# मुख्यमंत्री ने दी विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 16 करोड की वित्तीय स्वीकृति

■ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खेतीखान का नाम शहीद लान्सनायक रेवाधर के नाम पर रखे जाने का अनुमोदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 05.08.2025 को यमुना नदी का जल स्तर में आंशिक अवरोध होने से ग्राम कुन्शाला मध्ये स्थान स्यानाचट्टी में बनी झील में जलमग्न होटलों/भवनों के 19 प्रभावितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 61.09 लाख तथा जनपद टिहरी गढ़वाल की तहसील धनोल्टी, टिहरी, प्रतापनगर, जाखणीधार एवं मदननेगी के विभिन्न गांव में वित्तीय वर्ष 2025-26 में अतिवृष्टि एवं भू-स्खलन से प्रभावित परिवार जो किराये के भवनों में निवासरत हैं, को 06 माह के किराये के भुगतान के लिए 4 हजार प्रति माह प्रति परिवार की दर से कुल 19.28 लाख मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत किये जाने, वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि में से प्रत्येक जनपद के लिए अनटाइड फण्ड के अन्तर्गत कुल ₹13 करोड़ की धनराशि जनपदों को अवमुक्त किए जाने, जनपद देहरादून की पित्थूवाला शाखा के अन्तर्गत श्रद्धा एन्कलेव में सीवर लाईन बदलने एवं संधू एन्कलेव और प्रियदर्शिनी एन्कलेव में एसपीएस निर्माण के लिए धनराशि 2.43 करोड के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खेतीखान का नाम शहीद लान्सनायक रेवाधर के नाम पर "शहीद रेवाधर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेतीखान" किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

# फल सब्जियों में कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल पर सरकार सख्त

■ खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, कृषि विभाग के साथ मिलकर चलाएगा जनजागरुकता अभियान

> प्रदेश में इस समय चारधाम यात्रा चल रही है, साथ ही पयर्टन सीजन भी शुरु हो चुका है। इसलिए जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, खाद्य पदार्थों में मिलावट और हानिकारक रसायनों के इस्तेमाल पर सख्ती करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दिशा में सभी विभागों को मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** फल - सब्जियों में कीटनाशक अवशेषों के प्रयोग को लेकर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन सख्त हो गया है। विभाग ने जहां एक और प्रदेश भर में फल ख्र सब्जियों के सैम्पल लेकर प्रयोगशाला जांच की पहल शुरु की है, वहीं कृषि एवं उद्यान विभाग को भी पत्र भेजकर किसानों को कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने को कहा है।

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त सचिन कुर्वे की ओर से सचिव कृषि एवं उद्यान को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा समय-समय पर चलाए गए सर्विलांस अभियानों में खाद्य पदार्थो में कीटनाशकों के अवशेष पाए जाने की पुष्टि हुई है। पत्र में बताया गया कि कृषि क्षेत्र में कीटनाशकों के अवैज्ञानिक उपयोग के कारण फल, सब्जियां एवं अन्य खाद्य पदार्थों में अवशेष तय मानकों से अधिक मिल रहे हैं, जो जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इसलिए इस विषय पर किसानों के बीच जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित किए जाने की आवश्यकता है। साथ ही फल सब्जी विक्रेताओं और स्थानीय मंडियों के व्यापारियों को भी इस बारे में जागरुक किए जाने की आवश्यकता है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के उपायुक्त (मुख्यालय) गणेश कंडवाल ने बताया कि विभाग ने प्रदेश भर में फलों के सैम्पल लेकर, प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे हैं। अब तक प्रदेश भर से आम, केला, पपीता,तरबूज के 95 सैम्पल लिए जा चुके हैं।

# केदारनाथ में हेली रेस्क्यू से बची दो मरीजों की जान

■ समय पर इलाज से महिला श्रद्धालु भी हुई स्वस्थ ■ घोड़े से गिरने पर घायल महिला का एयरलिफ्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार त्वरित और प्रभावी कार्रवाई कर रहा है। बुधवार को मध्यप्रदेश निवासी 59 वर्षीय सुनीता बड़ी लिनचोली से घोड़े के माध्यम से केदारनाथ धाम जा रही थीं। इसी दौरान वह असंतुलित होकर घोड़े से गिर गईं। किसी तरह धाम पहुंचने के बाद उनके बाएं घुटने और पैर में तेज दर्द शुरू हो गया, जिससे चलना-फिरना मुश्किल हो गया। उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केदारनाथ में भर्ती कराया गया, जहां आर्थोपेडिक सर्जन ने प्राथमिक उपचार दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग भेजा गया।

वहीं, राजस्थान के कोटा निवासी 47 वर्षीय डॉ. दीवाकर शर्मा को अचानक तेज सीने में दर्द की शिकायत हुई। उन्हें तुरंत नारायणकोटी स्थित माधव चिकित्सालय लाया गया, जहां जांच में हार्ट अटैक की पुष्टि हुई। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हेलीकॉप्टर के माध्यम से एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। एक अन्य मामले में महाराष्ट्र के लातूर निवासी 65 वर्षीय संगीता पाटिल को केदारनाथ धाम में अचानक सांस लेने में दिक्कत और छाती में जकड़न की समस्या हुई। उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका ऑक्सीजन स्तर काफी कम और ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ पाया गया। चिकित्सकों ने तुरंत ऑक्सीजन और आवश्यक दवाएं देकर उपचार शुरू किया, जिससे उनकी स्थिति में तेजी से सुधार हुआ।

# दस दिन में चार लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे चारधाम

### धामवार विवरण



- श्री बद्रीनाथ धाम: कपाट उद्घाटन के छह दिनों में 84,942 श्रद्धालु पहुंचे।
- श्री केदारनाथ धाम : सात दिनों में 2,07,452 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।
- यमुनोत्री धाम : दस दिनों में 57,794 श्रद्धालु पहुंचे।
- गंगोत्री धाम : दस दिनों में 57,863 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारु रूप से संचालित हो रही है। राज्य सरकार द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि श्रद्धालु निश्चिंत होकर सुरक्षित एवं सुगम रूप से दर्शन कर सकें।

चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों, श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए चारधाम यात्रा मार्गों सहित प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, पार्किंग एवं यातायात व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित किया गया है।

राज्य सरकार ने यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध में भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वालों तथा गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, ताकि यात्रा की पवित्रता एवं व्यवस्थाएं बनी रहें।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र, देहरादून से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार चारधाम कपाट खुलने से 28 अप्रैल, 2026 की सांय 7:00 बजे तक मात्र दस दिनों में कुल 04 लाख 08 हजार 401 श्रद्धालु चारधाम में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। इसके अतिरिक्त गौमुख में अब तक 440 यात्री पहुंचे हैं। वर्तमान यात्रा सीजन में अब तक कुल 64,115 वाहन यात्रियों को लेकर चारधाम पहुंचे हैं। राज्य सरकार द्वारा सभी संबंधित विभागों के समन्वय से यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## ग्रीन यात्रा की दिशा में जिला प्रशासन की बड़ी पहल

# केदारनाथ धाम में प्लास्टिक वेस्ट का वैज्ञानिक निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में इस वर्ष यात्रा को स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय और प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही के बीच स्वच्छता बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, लेकिन इस बार प्रशासन ने आधुनिक तकनीक, सुनियोजित रणनीति और जनसहभागिता के माध्यम से इसे एक सफल मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस प्रयास किए हैं।

जिला प्रशासन ने संपूर्ण यात्रा मार्ग से लेकर धाम क्षेत्र तक साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। विशेष रूप से प्लास्टिक एवं अन्य सूखे कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए नगर पंचायत केदारनाथ द्वारा अत्याधुनिक संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिल रही है। ड्राई वेस्ट के प्रभावी प्रबंधन को लेकर बेलिंग मशीन का उपयोग इस अभियान की प्रमुख विशेषता बनकर उभरा है। इस तकनीक के माध्यम से प्लास्टिक एवं अन्य सूखे कचरे को संपीड़ित कर "बेल्स" के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिससे कचरे के सुरक्षित भंडारण, परिवहन और पुनर्चक्रण की प्रक्रिया न केवल आसान हुई है, बल्कि अधिक संगठित और टिकाऊ भी बनी है।



■ बेलिंग मशीन और एमआरएफ सेंटर के जरिए ड्राई वेस्ट मैनेजमेंट को मिली नई मजबूती ■ स्वच्छ, हरित और पर्यावरण अनुकूल तीर्थ यात्रा के लिए प्रशासन के प्रभावी व नवाचारपूर्ण प्रयास

नगर पंचायत केदारनाथ के अधिशासी अधिकारी नीरज कुक. रेती ने जानकारी देते हुए बताया कि धाम क्षेत्र में स्थापित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह सेंटर गत वर्ष हीलिंग हिमालयन फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित किया गया था, जहां सूखे कचरे का वैज्ञानिक ढंग से संकलन, पृथक्करण और पुनर्चक्रण सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अब तक नगर पंचायत द्वारा लगभग पांच सौ किलोग्राम सूखे कचरे को प्रोसेस कर बेल्स के रूप में तैयार किया जा चुका है। इन बेल्स के विक्रय से निकाय को लगभग 15 से 20 हजार रुपये की आय होने की संभावना है, जिससे स्वच्छता अभियान को आर्थिक संबल भी प्राप्त हो रहा है। कचरे के बेहतर प्रबंधन के लिए उसे विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किया जा रहा है, जिसमें अब तक करीब 15 कैटेगरी निर्धारित की जा चुकी हैं।

यह प्रणाली न केवल कचरे के प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित कर रही है, बल्कि पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को भी अधिक व्यवस्थित और परिणामदायी बना रही है। जिला प्रशासन के इन सतत प्रयासों से केदारनाथ धाम क्षेत्र को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने में उल्लेखनीय सफलता मिल रही है। साथ ही यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत कर रही है, जिसे अन्य तीर्थ स्थलों पर भी अपनाया जा सकता है।

प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करें और कचरे को निर्धारित स्थानों पर ही डालें। साथ ही "ग्रीन केदारनाथ, स्वच्छ केदारनाथ" अभियान में सहभागी बनकर इस पावन धाम की गरिमा और प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने में अपना योगदान दें।

## जनपद में फिर से चलाया जाएगा राशन कार्ड सत्यापन अभियान

■ फर्जी लाभार्थियों पर होगी कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। उत्तर प्रदेश तथा अन्य सीमांत प्रदेशों की सीमा से लगे जनपदों में निवासरत ऐसे परिवारों पर प्रशासन सख्त रुख अपनाने जा रहा है, जो दोनों राज्यों में राशन कार्ड के माध्यम से गैस कनेक्शन एवं आयुष्मान जैसी सरकारी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। इस पर नियंत्रण के लिए जनपद में राशन कार्डों का व्यापक सत्यापन अभियान पुनः शुरू किया जाएगा।

डीएम विशाल मिश्रा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य फर्जी राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा गैस कनेक्शन से जुड़े मामलों पर रोक लगाना है। उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर राशन कार्डों एवं यूनिटों का सर्वेक्षण कर सत्यापन किया जाएगा, जिससे अपात्र परिवारों को योजना से बाहर किया जा सके और पात्र परिवारों को शामिल किया जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में सत्यापन कार्य के लिए खंड विकास अधिकारी, सहायक पंचायत विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं शहरी क्षेत्रों में खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक और अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। डीएम ने सभी राशन कार्डधारकों से अपील की कि यदि वे अपात्र हैं तो स्वेच्छा से अपना राशन कार्ड संबंधित अधिकारियों या जिला पूर्ति कार्यालय में जमा कर दें।

# केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन मुस्तैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में चल रही यात्रा इन दिनों अपने चरम पर है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन को लेकर पहुंच रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बना हुआ है।

पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग के निर्देशन में धाम परिसर तथा यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है। इसी क्रम में बुधवार को धाम क्षेत्र में बम डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीएस) टीम द्वारा विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। बीडीएस टीम ने आधुनिक उपकरणों की सहायता से श्रद्धालुओं के सामान और बैगों की गहन जांच की। इसके साथ ही मंदिर परिसर और आसपास के संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखा जा सके। पुलिस प्रशासन का स्पष्ट निर्देश है कि सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। नियमित रूप से चलाए जा रहे इन अभियानों का उद्देश्य किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोकना और श्रद्धालुओं के मन में सुरक्षा का विश्वास बनाए रखना है। जनपद पुलिस ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सुरक्षा जांच के दौरान सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस चौकी या ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को दें। प्रशासन श्रद्धालुओं की सुरक्षित और मंगलमय यात्रा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।



■ बीडीएस टीम का सघन चेकिंग अभियान जारी

## अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

■ केदारनाथ यात्रा पड़ावों में अवैध तरीके से शराब बेच रहे नेपाली मूल के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से जनपद पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में थाना गुप्तकाशी पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक नेपाली मूल के व्यक्ति को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने जनपद के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को यात्रा के दौरान अवैध शराब के भंडारण, विक्रय एवं तस्करी पर सख्त नजर रखते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

इन निर्देशों के अनुपालन में गुप्तकाशी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। चे.कंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 14 बोतल मैकडॉवेल्स नंबर वन व्हिस्की बरामद हुई। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान वीरेंद्र सिंह बहादुर, पुत्र दलबहादुर, निवासी जिला सुरखेत (नेपाल), वर्तमान निवासी लाल बाजार, कोतवाली सोनप्रयाग के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ कोतवाली गुप्तकाशी में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि केदारनाथ यात्रा के दौरान अवैध गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाया जा रहा है और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### मार्ग निर्माण नहीं होने तक जारी रहेगा आंदोलन

**कोटद्वार।** लालढांग चिलरखाल मोटर मार्ग को एलिवेटेड बनाने की मांग को लेकर लोगों का आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा। इस दौरान लोगों ने जल्द मार्ग निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है। लोगों ने चिलरखाल वन चौकी के समीप एकत्रित होकर धरना दिया। लोगों ने कहा कि 12 फरवरी को न्यायालय ने मार्ग निर्माण को हरी झड़ी दिखाई थी। लेकिन, अब तक मार्ग निर्माण को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई है। स्थानीय जनता की सुविधा को देखते हुए मार्ग को एलिवेटेड बनाया जाना चाहिए। जिससे मार्ग पर व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से संचालित हो सकें।

## उपेक्षा का शिकार गिडारा बुग्याल: पर्यटन विकास ठप, युवाओं का भविष्य अधर में

■ सीएम हेल्पलाइन से भी नहीं जागा पर्यटन विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भटवाड़ी/उत्तरकाशी।** भटवाड़ी ब्लॉक के भंगेली ग्राम पंचायत के अंतर्गत स्थित गिडारा बुग्याल, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और विशालता के लिए जाना जाता है, आज उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। ग्राम प्रधान संदीप सिंह राणा ने इस मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार की उदासीनता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि गिडारा बुग्याल को एशिया के सबसे सुंदर और विस्तृत बुग्यालों में गिना जाता है। पिछले 10-15 वर्षों से स्थानीय युवा इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विक.सित करने की मांग कर रहे हैं, ताकि उन्हें स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। वर्ष 2022ख्23 में यहां पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने लगी थी, जिसका श्रेय स्थानीय युवाओं की मेहनत को जाता है। लेकिन ट्रेक रूट की खराब स्थिति के कारण अब पर्यटकों की संख्या लगभग शून्य हो गई है। राणा का कहना है कि पर्यटन विभाग द्वारा वर्ष 2023 में गिडारा बुग्याल ट्रेक रूट के विकास के लिए प्रस्ताव देहरादून मुख्यालय भेजा गया था।

## प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**कोटद्वार ।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में वाणिज्य परिषद के तत्वाधान में आयोजित तत्क्षण वाद- विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा चार्ट प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किये गए । इस अवसर पर विभाग प्रभारी प्रोफेसर प्रीति रानी ने सत्र 2025-26 में वाणिज्य विभाग परिषद द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानक.ारी दी। उन्होंने बताया कि सत्र 2025-26 में वाणिज्य विभाग द्वारा 11 अप्रैल 2026 को वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ एसके गुप्ता के नेतृत्व में तत्क्षण वाद- विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड में पर्यटन की संभावनाएं, सोशल मीडिया, महिला सशक्तिकरण, उद्यमिता विकास, इजरायल-ईरान युद्ध का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव, उत्तराखंड में बेरोजगारी एवं पलायन की समस्या तथा शेयर मार्केट में निवेश जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इस प्रतियोगिता में मोहम्मद मुदस्सिर ने प्रथम स्थान, अपूर्वा रावत ने द्वितीय स्थान एवं आयुष प्रजा.पति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### चारधाम यात्रा, यात्रा के साथ 'स्वच्छता' पर बढ़ा जोर

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा मार्ग की प्राकृतिक सुंदरता और पवित्रता को बनाए रखने के लिए जीरो वेस्ट अभियान को प्राथमिकता दी जा रही है।

प्रायः देखा गया है कि यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक सड़क किनारे पानी की बोतलें, चिप्स, बिस्किट और नमकीन के रैपर फेंक देते है। इस पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए नगर निकाय एवं जिला पंचायत को नियमित रूप से सफाई करने और स्वज्ल को वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए है।

# रुद्रप्रयाग में पिरूल बनेगा महिलाओं की आर्थिकी का जरिया

■ नैनीडांडा शैक्षिक भ्रमण से एसएचजी महिलाओं को मिली स्वरोजगार की नई राह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग में महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को नई दिशा देने की पहल के तहत विकास खंड जखोली एवं अगस्त्यमुनि के स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं के लिए जनपद पौड़ी के विकास खंड नैनीडांडा में आयोजित तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपंन हुआ। यह कार्यक्रम महिलाओं को पीरूल (चीड़ के पत्तों) के मूल्य संवर्धन के माध्यम से आय सृजन के ठोस और व्यावहारिक अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

इस भ्रमण के दौरान महिलाओं को पीरूल के वैज्ञानिक प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में उन्हें बताया गया कि किस प्रकार पीरूल को नमी से सुरक्षित रखा जाए, उन्नत तकनीकों से संग्रहण किया जाए, आधुनिक औजारों का प्रभावी उपयोग हो, तथा उसे चूर्ण या छोटे टुकड़ों में परिवर्तित कर उपयोगी उत्पादों में बदला जाए। साथ ही मशीनों के संचालन और उनके रख-रखाव से जुड़ी तकनीकी जानकारी भी साझा की गई। महिलाओं ने प्रशिक्षण इकाई में चल रही समस्त प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन कर संग्रहण से लेकर उत्पादन और विपणन तक की पूरी श्रृंखला को गहराई से समझा। इस अनुभव ने उनमें आत्मविश्वास जगाया और कई प्रतिभागियों ने अपने क्षेत्रों में पीरूल आधारित उद्यम स्थापित करने की इच्छा भी जताई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी, नैनीडांडा श्री प्रमोद चन्द्र पाण्डे ने कहा कि पीरूल को अब वन अपशिष्ट के रूप में नहीं, बल्कि आर्थिक संसाधन के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को समूह आधारित इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। वहीं मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि जनपद में पीरूल प्रस्करण को बढ़ावा देने के लिए एक ठोस कार्ययोजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में बड़ी संख्या में महिलाओं को इस पहल से जोड़कर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। यह पहल न केवल वनाग्नि की घटनाओं को नियंत्रित करने में सहायक होगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सतत आजीविका को भी मजबूती प्रदान करेगी। पीरूल, जो कभी जंगलों में बेकार समझा जाता था, अब महिलाओं के लिए आर्थिक समृद्धि का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है।

# हैप्रेक ने सुदूरवर्ती गांव सितेल में वितरित कि जड़ी-बूटी

**शाह टाइम्स संवादददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के हैप्रेक विभाग के ओर से जनपद चमोली के विकासखंड नंदानगर के सुदूरवर्ती गांव सितेल में दुर्लभ बेशकिमति जड़ी-बूटी के पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को जड़ी-बूटी के कृषिकरण का भी प्रशिक्षण दिया गया। गढ़वाल विवि का उच्च शिखरिय पादप कार्यिकी शोध केंद्र (हप्रैक) संस्थान लम्बे समय से विलुप्तप्राय जड़ी-बूटी के संरक्षण और संवर्द्धन और ग्रामीण को जागरूक करने के साथ ही जड़ी-बूटी से अपनी अर्थिकी का जरिया बनाने को लेकर जागरूक कर रहा है। गढ़वाल विवि के हैप्रेक विभाग के ओर से राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) परियोजना के तहत चमोली जिले के सुदूरवर्ती गांव सितेल में ग्रामीणों को जड़ी-बूड़ी के खेती करने के लिए जागरूक किया गया।हैप्रेक संस्थान के निदेशक डा. विजयकांत पुरोहित के दिशा निर्देशन में उनकी टीम ने दुर्लभ जटामांसी, आर्चा, डोलू और अतीश के पौध वितरित की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को जड़ी-बूटी के खेती करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम में हप्रैक के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. सुदीप सेमवाल ने जड़ी-बूटी के महत्व को बताते हुए इसके कृषिकरण करने पर जोर दिया। कहा कि जड़ी-बूटी की खेती कर ग्रामीण स्वाभिलंबी बन सकते है। कहा कि हैप्रेक संस्थान के सहयोग से अधिकांश गांव में ग्रामीण जड़ी-बूटी की खेती कर अपनी अच्छी आय कमा रही है। वहीं डा. जयदेव चौहान ने ग्रामीणों को बेस किमती जड़ी-बूटी के कृषिकरण कर उनका संरक्षण को आगे आने कि अपील की। इस मौके पर नेचर आर्गेनिक सोसाइटी के पुष्कर सिंह बिष्ट, कस्तूरबा देवी, मधुली देवी, कमला देवी, मथुरा देवी, उर्मिला, सलोचना सहित हैप्रेक संस्थान के कुलदीप रावत सहित आदि मौजूद थे।



■ बेश कीमती औषधीय पौध डोलू, आर्चा, जटामांसी और अतीस बांटी ■ ग्रामीणों को जड़ी-बूटी की खेती के लिए किया जागरूक

# ग्राउंड जीरो पर उतरीं पुलिस कप्तान

■ यमुनोत्री यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा के दौरान यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम में बुधवार तक करीब 1.23 लाख से अधिक श्रद्धालु सुरक्षित रूप से मां यमुना एवं गंगा जी के सकुशल दर्शन कर चुके हैं। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं आस्था का माहौल बना हुआ है। श्रद्धालुओं की चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, कमलेश उपाध्याय स्वयं ग्राउंड जीरो पर उतारकर निरंतर निगरानी रखते हुए व्यवस्थाओं परख रही है।

बुधवार को एसपी उत्तरकाशी ने यमुनोत्री यात्रा मार्ग का भौतिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राड़ी टॉप, ओरछा बैंड, बड़कोट, नौगांव, डामटा चेकपोस्ट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। यात्रा रूट पर तैनात पुलिस बल का उत्साहवर्धन करते हुए यातायात संचालन, पार्किंग प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। संवेदनशील स्थलों पर पुलिस एवं आपदा प्रबंधन दलों को सतर्क रहने, कंट्रोल रूम से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए गए। दोबाटा यात्री पंजीकरण केंद्र के निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि पंजीकरण एवं मेडिकल प्रक्रिया को शीघ्र, सरल एवं व्यवस्थित तरीके से पूर्ण किया जाए। साथ ही श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व्यवहार सुनिश्चित करने एवं यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

इस दौरान 'पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट श्री चंचल शर्मा, थानाध्यक्ष पुरोला दीपक कठैत, यातायात उपनिरीक्षक वीरेंद्र पंवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि उत्तरकाशी पुलिस श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा एवं सुविधा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## एक नजर .......

### स्वच्छता अभियान चलाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में सैर-सलीका एवं पर्यावरण गतिविधि आयाम के संयुक्त तत्वावधान में एक व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा समाज के प्रबुद्ध वर्ग को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में सफाई कार्य करते हुए प्रतिभागियों ने स्वच्छता का संदेश दिया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने की आदत विकसित कर ले, तो न केवल परिसर बल्कि पूरा समाज स्वच्छ और स्वस्थ बन सकता है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. सर्वेश उनियाल, छात्र नेता हिमांशु भंडारी, चंदन सहित आदि मौजूद थे।

### विद्या मंदिर श्रीकोट में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**श्रीनगर।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के तत्वाधान में बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट गंगनाली सभागार में एंटी ड्रग दिवस एवं पृथ्वी दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सिविल जज अलका ने कहा कि एंट्री ड्रग दिवस यह दिन हमें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और समाज को इस बुराई से मुक्त करने का संदेश देता है। कहा कि नशा आज हमारे समाज की सबसे बड़ी समस्याओं से एक बन चुका है। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति विशेष रूप से चिंताजनक है। कहा कि यदि आप सभी छात्र-छात्राएं लगन और ईमानदारी से शिक्षा प्राप्त करेंगे तो अपने जीवन में एक ऊंचा मुकाम हासिल कर सकते हैं। इसलिए आप अपने जीवन का लक्ष्य तय करें और उसे पाने के लिए कड़ी मेहनत करें। शिविर में पीएलवी सदस्य मानव बिष्ट, पूनम हटवाल, प्रीति बिष्ट, प्रकाश नेगी, प्रियंका रॉय ने छात्राओं को महिला अधिकार, बाल संरक्षण कानून, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, भूमि विवाद राजस्व संबंधित प्रकरण तथा लोक अदालत की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप श्री पांथरी, अध्यक्ष परमेश चंद्र जोशी, पूर्व सह सचिव प्रदीप मैठाणी, कोषाध्यक्ष सुबोध भट्ट, प्रधानाचार्य डॉ. भीम राज बिष्ट, सहित आदि मौजूद थे।

### विधायक बंशीधर भगत पर मुकदमे की मांग, एसपी को सौंपा शिकायती पत्र

**रुद्रप्रयाग।** कालाढूंगी से विधायक बंशीधर भगत के कथित विवादित बयान को लेकर रुद्रप्रयाग में मामला गरमा गया है। पूर्व विधायक प्रत्याशी मोहित डिमरी ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक नीहा.रिका तोमर को शिकायती पत्र सौंपकर विधायक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर चर्चा करते हुए विधायक ने महिलाओं के प्रति अमर्यादित और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह बयान न केवल सदन की गरिमा के विपरीत है, बल्कि माताओं-बहनों के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इससे पूर्व भी विधायक द्वारा सार्वजनिक मंचों से हिंदू आराध्य देवियों के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की जा चुकी है, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायतकर्ता ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में महिलाओं का स्थान सर्वोपरि है, ऐसे में जनप्रति.निधि द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग समाज में गलत संदेश देता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### भुवन मोहन गुसाईं बने प्रबंध समिति के अध्यक्ष

**कोटद्वार।** गृह उद्योग लीसा उत्पादन सहकारी समिति लि. की बैठक में भुवन मोहन गुसाईं प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सेवकराम मानूजा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। शपथ ग्रहण का संचालन करते हुए सचिव कुलदीप सिंह गुसाईं ने बताया कि बीती 25 अप्रैल को सर्वसम्मति से समिति के नौ संचालक भुवन मोहन सिंह गुसाईं, सेवकराम मानूजा, अनुसूया प्रसाद कुकरेती, अशोक मोहन सिंह रावत, हरीश नेगी, सुधा जोशी, सुधा रावत, रंजना रावत व हेमा नेगी संचालक चुने गए थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. विष्णु सिंह रावत ने 1954 में इस सहकारी समिति की स्थापना की है। इस मौके पर समिति की ओर से जिला सहक.ारी बैंक के लिए दो सदस्यों विजय माहेश्वरी व रंजना रावत, डीसीडीएफ के लिए गुमान सिंह थापा व सुधा जोशी, क्रय विक्रम समिति के लिए उमेश त्रिपाठी और हेमा देवी और यूजर्स प्रतिनिधि के रूप में हरीश सिंह को नियुक्त किया है।

# मेहुवाला माफी में अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर



■ अवैध निर्माणों पर एमडीडीए का सख्त अभियान जारी ■ सेक्टरवार टीमें सक्रिय, ध्वस्तीकरण व सीलिंग की लगातार कार्रवाई ■ जाखन और कुठाल गेट क्षेत्र में सीलिंग की कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ व्यापक अभियान लगातार जारी है। प्राधिकरण ने सेक्टरवार टीमों का गठन कर प्रत्येक दिन निरीक्षण और कार्रवाई सुनिश्चित की है, जिससे शहर के नियोजित विकास को गति मिल सके और अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। एमडीडीए के अधिकारियों के निर्देशों के तहत मेहुवाला माफी, राजपुर, जाखन तथा कुठाल गेट डोईवाला क्षेत्रों में अवैध निर्माण और प्लॉटिंग के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों के अनुपालन में कई स्थानों पर ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई की गई, जिससे अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया।

प्राधिकरण द्वारा जाखन जोहड़ी रोड के निकट एसबीआई के पास मनीष कौशल द्वारा निर्मित अवैध बहुमंजिला भवन को सील किया गया। इसके अतिरिक्त, कुठाल गेट क्षेत्र में भी दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की गई। दिलशाद हुसैन द्वारा बेस्ट ग्रीन वैली, मसूरी रोड के निकट किए गए अवैध निर्माण को सील किया गया। वहीं, कुलदीप सलूजा द्वारा कुठाल गेट के समीप किए गए दो अवैध निर्माणों पर भी सीलिंग की कार्रवाई की गई। इन सभी कार्रवाइयों को सहायक अभियंता शैलेन्द्र सिंह रावत, अवर अभियंता सचिन कुमार एवं सुप. रवाइजर की मौजूदगी में विधिवत अंजाम दिया गया।

एमडीडीए ने मेहुवाला माफी क्षेत्र में भी बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 15 से 20 बीघा भूमि पर बिना स्वीकृत मानचित्र के की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। यह प्लॉटिंग सुरेश कुमार एवं अन्य द्वारा दुर्गा विहार कॉलोनी के निकट विकसित की जा रही थी। इस कार्रवाई को सहायक अभियंता विजय सिंह रावत, अवर अभियंता मुनेश राणा, सुपरवाइजर तथा पुलिस बल की उपस्थिति में अंजाम दिया गया। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध प्लॉटिंग में संलिप्त लोगों में स्पष्ट संदेश गया है कि नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अवैध निर्माण और प्लॉटिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति- बंशीधर तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और प्लॉटिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देहरादून और आसपास के क्षेत्रों के संतुलित और सुव्यवस्थित विकास के लिए यह आवश्यक है कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित नियमों और स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही किए जाएं। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा सेक्टरवार टीमों का गठन कर नियमित निगरानी की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता को प्रारंभिक स्तर पर ही रोका जा सके। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि अवैध निर्माण न केवल शहर की संरचना को प्रभावित करते हैं, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनते हैं। इसलिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले प्राधिकरण से स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें और नियमों का पालन करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके।

### प्राधिकरण को दें अवैध प्लॉटिंग या निर्माण की सूचना: बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणों से सम्बन्धित गतिविधियों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर अवैध निर्माणों की पहचान की जा रही है और प्रकरणों पर नियमानुसार तत्काल प्रभाव से सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्राधिकरण की प्राथमिकता शहर का योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करना है। इसके लिए आम नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अवैध प्लॉटिंग या निर्माण में शामिल न हों और गतिविधि की सूचना प्राधिकरण को दें।

# कैनाल रोड पर नहीं खुलेगी शराब की दुकान



■ स्थानीय लोगों ने जताया जोशी का आभार ■ जिला प्रशासन के इस निर्णय के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजधानी के पॉश इलाके कैनाल रोड, जो राष्ट्रपति निकेतन के पिछले द्वार के समीप स्थित है, वहां प्रस्तावित वाइन शॉप अब नहीं खुलेगी। जिला प्रशासन के इस निर्णय के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है और स्थानीय निवासियों ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

बुधवार को स्थानीय लोगों द्वारा धरना-प्रदर्शन और कड़े विरोध के बाद उपजिलाधिकारी (न्यायिक), आबकारी विभाग के अधिकारियों तथा जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।

अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को अवगत कराया कि कैनाल रोड पर वाइन शॉप नहीं खोली जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आसपास राष्ट्रपति निकेतन, विद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों की उपस्थिति तथा जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के बाद बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं एवं स्थानीय निवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के प्रति आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व कैनाल रोड पर वाइन शॉप खोलने के प्रस्ताव के विरोध में स्थानीय लोग, विशेषकर महिलाएं, लगातार प्रदर्शन कर रही थीं। इसी दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी स्वयं मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्थानीय लोगों, विशेषकर मातृशक्ति को आश्वस्त किया कि उनकी भावनाओं का सम्मान किया जाएगा तथा शराब की दुकान नहीं खुलने दी जाएगी।

# नगर निगम बोर्ड बैठक में किन्नरों की बधाई धनराशि अधिकतम 5100 तय

■ नगर निगम देहरादून की बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** महापौर सौरभ थपलियाल की अध्यक्षता में चतुर्थ बोर्ड अधिवेशन आयोजित किया गया। अधिवेशन में विधायक/सदस्यगण बृजभूषण गैरोला एवं पार्षदगण उपस्थित रहें। अधिवेशन में सर्वप्रथम पूर्व बोर्ड अधिवेशन की कार्यवाही की पुष्टि की गई।

जिसके बाद शहर के समग्र विकास एवं जनहित से जुडे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गईं। साथ ही पाषदों द्वारा प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तार सें चर्चा की गई। बोर्ड बैठक में 65 प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

बोर्ड बैठक में सभी पार्षदों ने एकजुट होकर शहर को सुधारने का काम करने की बात कही। पार्षदों ने कहा कि करीब एक साल बाद बोर्ड बैठक का आयोजन हुआ है. पार्षदों को वार्डों में विकास कार्य देखने पड़ते हैं। नगर निगम में विकास कार्य नहीं हो रहे हैं. जिसके कारण वार्डों में लोगों का गुस्सा झेलना पड़ रहा है। बोर्ड बैंठक में कई मुद्दों को लेकर भाजपा और कांग्रेस पार्षदों में तनतनी का माहौल भी बना। बैठक में नगर आयुक्त नमामि बंसल , जल संस्थान, जल निगम ,पेयजल, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण, सिचाई/लघु सिचाई विभाग, एमडीडीए , पुलिस विभाग , स्मार्ट सिटी के अधिकारी व नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिवेशन की शेष कार्यवाही गुरुवार को पुनः सुचारु रुप से चलेगी।

### बोर्ड बैठक में महापौर सौरभ थपलियाल ने की कई महत्वपूर्ण घोषणा

1. अधिवेशन में बोर्ड द्वारा किन्नरों द्वारा मांगे जाने वाली बधाई धनराशी अधिकतम 5100/- निर्धारित किये जाने पर चर्चा कर अनुमोदित किया गया। 2. पार्यावरण मित्रों का मानदेय प्रतिदिन रु500/- से बढाकर 800/- किया गया। 3. प्रत्येक वार्ड में पर्यावरण मित्रों का समान वितरण सुनिश्चित किये जाने की घोषणा की गई।

### कैप्टन धनीराम के नाम पर चौक या मार्ग का नाम रखे जाने का प्रस्ताव

विधायक बृजभूषण गैरोला ने बलिदानी कैप्टन धनीराम के नाम का नाम किसी चौक या मार्ग को दिए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इसके बाद वार्ड-63 के पार्षद दिनेश केमवाल, वार्ड-36 की पार्षद अमिता सिंह, वार्ड-95 के पार्षद रविंद्र गुसाई, वार्ड 24 के पार्षद विशाल कुमार, वार्ड-42 की पार्षद रेनू देवी, वार्ड-13 की पार्षद कोमल वोहरा, वार्ड-12 के पार्षद भूपेंद्र कठैत के प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

### बैठक में उठा मुद्दा, वार्डों में बराबर तैनात किए जाएंगे पर्यावरण मित्र

पार्षद अभिषेक पंत सहित कई पार्षदों ने मांग उठाई कि दून नगर निगम में कई वार्ड ऐसे हैं जहां पर 40-40 सफाईकर्मी तैनात हैं तो कई ऐसे भी हैं जहां 10 भी नहीं। ऐसे वर्तमान में तैनात सभी 2385 पर्यावरण मित्रों को समान मात्रा में सभी वार्डों में तैनात किया जाए। काफी देर तक इस मुद्दे पर चर्चा होती रही। बाद में मेयर ने सर्वसम्मति से इसे पास कर दिया। मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खन्ना ने कहा कि 26 मई तक सभी पार्षदों को उनके यहां तैनात सफाईकर्मियों की सूची दे दी जाएगी और एक जून से यह आदेश लागू हो जाएगा।

### किन्नरों के लिए अधिकतम धनराशि का प्रस्ताव किया गया पास

बैठक में पार्षदों ने किन्नरों के लिए अधिकतम बधाई तय करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की। इस दौरान पार्षद अमिता सिंह ने कहा जनहित में यह जरूरी है। सभी पार्षदों ने इस पर अपनी-अपनी बात रखी। बाद में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किया गया। इसके तहत अब नगर निगम देहरादून में 5100 रुपये से अधिक बधाई नहीं मांगी जाएगी। इसके संबंध में नगर निगम की ओर से देहरादून में प्रचार-प्रसार किया जाएगा और साथ पुलिस-प्रशासन को पत्र लिखा जाएगा।

## एक नजर .......



### सीएम धामी से मंत्री कौशिक ने की शिष्टाचार भेंट

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार मुख्यमंत्री आवास में कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनके मध्य राज्य के समसामयिक विषयों एवं विभिन्न विकास कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया।

### सुभारती अस्पताल ने मेडिकल हेल्थ कैम्प लगाया

**देहरादून।** समाज के अंतिम पंक्ति तक सुलभ, सस्ती व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के अपने संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाते हुए सुभारती अस्पताल की और से एक मेडिकल हेल्थ कैम्प का आयोजन सेलाकुई परिसर में किया गया। यह मेडिकल हेल्थ कैम्प डॉ. प्रशांत कुमार भटनागर के मार्गदर्शन व प्रेरणा से आयोजित किया गया। शिविर में टीम के डॉ. रवि कंसल, मुख्य फील्ड चिकित्सा अधिकारी व प्रभारी, डॉ. अमृत, सामान्य चिकित्सक तथा डॉ. समृद्धि शर्मा, महिला चिकित्सक की सक्रिय एवं समर्पित सहभागिता रही। शिविर के दौरान लगभग 90 से अधिक छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### श्रीमद्भागवत में कुंती, द्रौपदी और उत्तरा का चरित्र नारी शक्ति की मिसाल: कृष्ण नयन महाराज

**उत्तरकाशी।** पंडित आयुष कृष्ण नयन महराज ने कहा कि भागवत महापुराण केवल भगवान की लीलाओं का वर्णन नहीं, बल्कि नारी शक्ति के अद्‌भुत उदाहरणों का भी ग्रंथ है। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत में मुख्य रूप से तीन नारियों माता कुंती, द्रौपदी और उत्तरा का वर्णन आता है, जिनके चरित्र से आज भी समाज को प्रेरणा मिलती है। बड़कोट के नगाण गाँव मे आयोजित श्रीमद्‌भागवत कथा मे कथा व्यास पण्डित आयुष कृष्ण नयन जी महाराज ने कहा कि माता कुंती ख्र विपत्ति में भी भक्ति की मिसाल है। कुंती ने भगवान श्रीकृष्ण से सुख नहीं, बल्कि दु:ख मांगा था। उनका मानना था कि दुख में ही भगवान का स्मरण होता है। पांडवों की माता होते हुए भी उन्होंने पूरा जीवन संघर्ष में बिताया, पर धर्म और भक्ति का रास्ता नहीं छोड़ा। आज की नारी को कुंती से धैर्य और ईश्वर पर अटूट विश्वास सीखना चाहिए।

# डेयरी शिक्षा, प्रशिक्षण एवं ग्रामीण आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण के ठोस प्रयास जरूरी: चौधरी



■ आईसीएआर-एनडीआरआई को उत्तराखंड के ग्रामीण विकास एवं डेयरी कार्यक्रमों से जोड़ा जाए ■ ग्रामीण विकास एवं एमएसएमई मंत्री भरत चौधरी ने किया आईसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल का भ्रमण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/करनाल।** ग्राम्य विकास, लघु एवं सूक्ष्म मध्यम उद्यम (डैडम्) मंत्री भरत सिंह चौधरी ने बुधवार को आईसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल (हरियाणा) का दौरा किया। संस्थान के निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा उनका स्वागत किया गया, जहाँ उन्हें संस्थान की शोध गतिविधियों तथा डेयरी क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

मंत्री ने संस्थान के पशुधन अनुसंधान केंद्र , पशु जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र एवं मॉडल डेयरी प्लांट का सघन भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों एवं विभागाध्यक्षों के साथ संवाद करते हुए डेयरी क्षेत्र की स्थिरता एवं उन्नयन हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना की। विशेष रूप से उन्होंने क्लोनिंग, ओवम-पिक अप एवं ब्रीड जीन एडिटिंग जैसी उन्नत सहायक प्रजनन तकनीकों में एनडीआरआई की वैश्विक उपलब्धियों की प्रशंसा की। मंत्री चौधरी को संस्थान द्वारा विकसित विभिन्न रैपिड डायग्नोस्टिक किट्स का प्रदर्शन भी कराया गया, जिनमें दूध में मिलावट की पहचान, सूक्ष्मजीवविज्ञानी एवं अवशेष विश्लेषण, तथा पशुओं में हीट एवं गर्भावस्था की सटीक पहचान करने वाली किट्स शामिल थीं। भरत चौधरी ने इच्छा व्यक्त की कि आईसीएआर एनडीआरआई को उत्तराखंड के ग्रामीण विकास एवं डेयरी कार्यक्रमों से सक्रिय रूप से जोड़ा जाए। उन्होंने संस्थान से अनुरोध किया कि विकसित वैज्ञानिक ज्ञान एवं तकनीकी विशेषज्ञता को राज्य के किसानों, उद्यमियों तथा विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं तक पहुँचाया जाए, जिससे उनके कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सके। मंत्री ने यह भी कहा कि उत्तराखंड में बढ़ते पर्यटन क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए डेयरी शिक्षा, प्रशिक्षण एवं ग्रामीण आधारभूत ढाँचे के सुदृढ़ीकरण के ठोस प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एनडीआरआई एवं राज्य सरकार के बीच प्रभावी तकनीकी सहयोग स्थापित करने पर बल दिया, ताकि संस्थान की विशेषज्ञता का सीधा लाभ पशुपालकों एवं युवाओं तक पहुँच सके। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. धीर सिंह, संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. आशीष कुमार, सह निदेशक (अनुसंधान) डॉ. राजन शर्मा सहित वैज्ञानिक, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएस ने दिए नशे के खिलाफ रोडमैप तैयार करने के निर्देश

■ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई एनसीओआरडी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय नेशनल कोआर्डिनेशन सेंटर फॉर ड्रग लॉ एनफोर्समेंट (एनसीओआरडी) की 11वीं बैठक संपन्न हुयी। बैठक के दौरान नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध व्यापार को रोके जाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों से बात कर जनपदों की स्थिति की जानकारी भी ली। उन्होंने जनपद स्तरीय एनकॉर्ड बैठकों का निर्धारित समय सीमा पर नियमित रूप से आयोजित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने अगले 15 दिनों में मादक पदार्थों के खिलाफ अगले एक वर्ष का राज्य स्तरीय एवं जनपद स्तरीय रोडमैप तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग सहित जनपद भी अपना एनफोर्समेंट और रिहेबिलिटेशन आदि को लेकर रोडमैप अगले 15 दिनों में सचिव गृह को उपलब्ध कराएं। मुख्य सचिव ने मादक पदार्थों से सम्बन्धित सभी मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यवसायिक मात्रा में पकड़े गए मादक पदार्थों के मामलों को गंभीरता से लेते हुए लगातार फॉलोअप किया जाए, ताकि दोषियों पर यथोचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पुलिस विभाग को मादक पदार्थों की सप्लाई चौन तोड़े जाने के लिए महत्त्वपूर्ण कदम उठाये जाने की बात कही। इस अवसर पर डीजी इंटेलीजेंस अभिनव कुमार, सचिव शैलेष बगौली, आईजी डॉ. नीलेश आनन्द भारणे, अपर सचिव गृह श्रीमती निवेदिता कुकरेती, एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।


**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763808, फैक्सः 0135-2763508 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक सं0 361 | **निविदा सूचना** | दिनांक 29.04.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (गलोगी लजवि), यूजेवीएन लि0, गंगा भवन, यमुना कालोनी, देहरादून इच्छुक निविदा दाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः -

निविदा सूचना सं0ः 01/अ0अ0 (गलोगी लजवि)/2026-27ः यमुना कॉलोनी, देहरादून में सिंगल फेज, 1400 RPM, 300mm स्वीप साइज के एग्जॉस्ट फैन की आपूर्ति एवं स्थापना।

अनुमानित लागतः ₹ 23,14,939.00 (कर अतिरिक्त)

वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः 29.04.2026, 11:00 बजे से

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 23.05.2026, 15:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (गलोगी लजवि)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"


# उत्तरकाशी में गबन व लापरवाही पर तीन शिक्षक निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जनपद के सुदूरवर्ती मोरी क्षेत्र में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ी कार्रवाई सामने आई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनसुनवाई एवं विद्यालयों के औचक निरीक्षण के दौरान अनियमितताओं के गंभीर मामले उजागर हुए, जिसके बाद तीन शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया।

जनपद में शिक्षा व्यवस्था राजकीय प्राथमिक विद्यालय दौणी में प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष कुमार बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए, वहीं सट्टा (गोरी) विद्यालय के प्रभारी हरिचंद्र जनसुनवाई में उपस्थित नहीं हुए। जांच में यह भी सामने आया कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिली धनराशि का जमीनी स्तर पर कोई उपयोग नहीं हुआ, जिससे धन गबन की आशंका पुख्ता हुई। दोनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इसी दौरान ठडियार विद्यालय में शिक्षामित्र संजय कुमार विद्यालय समय में अवकाश लेकर चले गए, जिस पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं इंटर कॉलेज दौणी में एलटी व्यायाम शिक्षक जय सिंह कठैत भी अनुपस्थित मिले। उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर शराब के नशे में वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए निलंबन की संस्तुति की गई, जिसे उच्च अधिकारियों ने स्वीकार कर तत्काल प्रभाव से निलंबन लागू कर दिया। इसके अतिरिक्त, भटवाड़ी विकासखंड कार्यालय में परिचारक पंकज कुमार की लगातार अनुपस्थिति की शिकायत भी मिली है, जिस पर विभागीय कार्रवाई शुरू की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिना स्वीकृत अवकाश के अनुपस्थित पाए जाने वाले किसी भी शिक्षक या कर्मचारी के खिलाफ निल. ंबन, अनिवार्य सेवानिवृत्ति या सेवा समाप्ति जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी। मई माह में लगातार औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

# सिद्धार्थ लॉ कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सिद्धार्थ लॉ कॉलेज में जूरिस्प्रूडेंस इन द ऐज ऑफ एआई: इंटीग्रेटेड कांस्टीट्यूशनल वैल्यूज, कॉरपोरेट गवर्नेंस एंड एथिकल क्रिमिनल जस्टिस को ले कर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान

रिसोर्स पर्सन के रूप में गढ़वाल सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के विधिक पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि एआई के दौर में बच्चों के अधिकारों को चुनौतियां मिल रही हैं। साथ ही यह बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता और रचनात्मकता में सकारात्मक योगदान भी दे रही है। परंतु एआई ने समाज विज्ञान को अलग कर दिया है, जिससे ज्ञान में मान्यता का पहलू गायब होने लगा है। तथ्यों की चोरी, व्यक्तिगत सूचनाओं की चोरी और एआई के नियंत्रित प्रयोग जैसी समस्याएं उभर रही हैं।

कीनोट स्पीकर डॉ. सुशील कुमार सिंह (डायरेक्टर, वाईएस रिसर्च फाउंडेशन ऑफ पॉलिसी एंड एडमिनिस्ट्रेशन) ने एआई और इसके सामाजिक, राजनीतिक एवं कानूनी संबंधों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से अधिक मानवीय विवेक महत्वपूर्ण



है। न्यायशास्त्र की चिंता हमेशा यह रहती है कि कानून सही है या नहीं, जबकि एआई केवल तथ्य दे सकती है, उसके दार्शनिक पहलुओं को नहीं समझ सकती।विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर एवं डीन डॉ. संजीव कुमार चढ़ा (बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ) ने एआई को 'दो धारी तलवार' बताया। उन्होंने कहा कि एआई कार्यों और समस्याओं के निदान को तेज करती है तथा इंसान क्या सोचे और क्या करे, इसका निर्देश भी दे सकती है। यह जीवन को सुविधाजनक बनाती है, लेकिन शिक्षण, कानून निर्माण और शासन में मानवीयता की भूमिका एक अलग चुनौती है।मुख्य अतिथि उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी ने कहा कि विधिशास्त्र हमें बताता है कि कानून क्या होना चाहिए। पहले न्याय बदले की भावना पर आधारित था, लेकिन विकास के साथ अहिंसा, तर्क-बुद्धि और लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहन मिला। वही उद्‌घाटन सत्र के बाद पाँच तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनकी अध्यक्षता शिवानी लोहान, आदित्य तोमर, डॉ. मोनिका कोठियाल, रिद्धि बनर्जी और डॉ. जैन ऐरे मैथ्यू ने की। इन सत्रों में लगभग 80 शोध छात्रों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें से नौ चयनित पत्रों को प्रकाशन के लिए स्क्रीनिंग समिति को भेजा गया।

सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद वर्मा ने विभिन्न राज्यों और विश्वविद्यालयों से आए शोधार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने बौद्ध कथा अंगुलिमाल का उदाहरण देकर विद्यार्थियों से सदाचार का अनुसरण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अल्प समय में दो राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आयोजित कर सिद्धार्थ लॉ कॉलेज ने अपनी गरिमा बढ़ाई है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य विशेषज्ञों को मोमेंटो और शाल प्रदान की गई। कार्यक्रम में डायरेक्टर प्रशासन डी.के. त्यागी, तीनों कॉलेजों के प्राचार्यगण, प्राध्यापक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**निविदा सूचना**

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु विद्युत सुरक्षा विभाग उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त 'ए' क्लास लाईसेन्सधारी ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ता जो आयकर, ई०पी०एफ०.,जी०एस०टी० विभाग में पंजीकृत हों, एच०टी०/एल०टी० लाईन से सम्बन्धित कार्यों को संतोषजनक पूर्ण करने का अनुभव रखते हों जो 03 वर्ष से पुराना ना हो. से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में निर्धारित प्रपत्र में प्रथम भाग में धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में सी०डी०आर०/एफ०डी०आर०, 'ए' क्लास लाईसेन्सधारी ठेकेदार, जी०एस०टी० पंजीकरण, ई०पी०एफ० पंजीकरण, पिछले तीन वर्षो के आयकर रिर्टन, तथा वार्षिक औसत टर्नओवर (वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26, ऑडिटेड बैलेस शीट या सी०ए० द्वारा प्रमाणित बैलेंस शीट की एक प्रति देनी होगी) सम्बन्धित प्रपत्र नियम शर्ते एवं द्वितीय भाग में निर्धारित प्रपत्र में दरें आमन्त्रित की जाती हैं, जो कि **दिनांक 15/05/2026 को 14:00 बजे** तक निविदा प्रपत्र विक्रय की जायेगी एवं **16/05/2026 को अपरान्ह 16:00 बजे** उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व तक (निविदा शुल्क+जी०एस०टी० सहित), नकद जमा करने पर प्राप्त किये जा सकते हैं। धरोहर राशि सी०डी०आर०/एफ०डी०आर०/ राष्ट्रीय बचतपत्र, जो कि निविदा प्रकाशन होने के पश्चात की तिथि होनी अनिवार्य है, जिसकी वैधता कम से कम छः माह तक हो एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट के नाम देय हो। निविदा का प्रथम भाग अपूर्ण होने पर द्वितीय भाग नही खोला जायेगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। यदि निविदा खुलने की तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है, तो निविदायें अगले कार्य दिवस को खोली जायेंगी।

**निविदा सं 07/2026-27** विद्युत वितरण उपखण्ड पुरोला के अन्तर्गत दैवीय आपदा (ओ० एण्ड एम०) मद में पोषक 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान मोरी से प्रस्तावित 33/11 के० वी० विद्युत उपसंस्थान सांकरी (गैच्वाणगांव, नैटवाड) तक 33 के०वी० लाईन की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य एवं कार्य में प्रयुक्त होने वाली विकेन्द्रियकृत सामग्री की आपूर्ति सहित का कार्य।

**धरोहर धनराशि रू0. 45000.00 (निविदा शुल्क 1000 + जी०एस०टी०)**

"विद्युत बिलों के **24x7** ऑनलाइन भुगतान हेतु **www.upcl.org** पर जायें"

पत्रांकः 1506/वि0वि0ख0ब0/टी-7 दिनांकः 29/04/2026 **अधिशासी अभियन्ता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" | टोल फ्री नं0 1800-419-0405

# राजवीर हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

## प्रेम संबंधों में रोड़ा बनने पर आरोपियों ने दिया हत्याकांड को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** राजवीर हत्याकांड का खुलास करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक द्वारा प्यार में रोड़ा बनने पर आरोपियों ने हत्याकांड को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। रोशनाबाद स्थित पुलिस कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि 27 अप्रैल को बोंगला बाईपास के समीप खेत में राजवीर का शव मिला था। मृतक के पुत्र की तहरीर पर हत्या का मुकद्मा दर्ज किया गया और कोतवाली बहादराबाद व सिडकुल तथा सीआईयू टीम का गठन कर जांच शुरू की गयी। विवेचना के दौरान मिले एक संदिग्ध मोबाइल नंबर की



पड़ताल करते हुए पुलिस टीम ने कलियर रोड के पास लकी हॉस्पिटल के बाहर से एक संदिग्ध पंकज कुमार पुत्र चमन सिंह निवासी शर्मा वाली बिल्डिग रोशनाबाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने पूरी कहानी बयान कर दी। एसएसपी ने बताया कि राजवीर एवं पंकज की पहले से जान पहचान थी। दोनों सिडकुल की अलग-अलग कंपनियों में काम करते थे। पंकज और राजवीर की शादीशुदा बेटी के बीच प्रेम संबंध थे। पंकज उसका पति से तलाक करवा कर उससे खुद शादी करना चाहता था, जिसके लिए राजवीर तैयार नहीं था। इस पर पंकज ने राजवीर को रास्ते से हटाने प्लान बनाया और 26 अप्रैल की शाम को अपने साथी छोटेलाल के साथ मिलकर राजवीर को शराब पिलाने के बहाने से बौंगला अण्डरपास के पास पापुलर के खेत में बुलाया और छोटेलाल के साथ मिलकर राजबीर के सिर में हथौड़ा मारकर हत्या कर दी। पंकज अपने साथी छोटेलाल के साथ लकी हॉस्पिटल बहादराबाद में दवाई लेने आया था। जहां पुलिस ने उसे दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने नहर पटरी मार्ग पर इंतजार कर रहे छोटेलाल को भी गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से उनके मोबाइल, मृतक का मोबाइल, मोटर साइकिल आदि बरामद कर लिए।

# आपदा पूर्व तैयारियों को लकर एडीएम ने की समीक्षा, दिए अहम निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व वैभव गुप्ता की अध्यक्षता में सभी तहसीलों के तहसीलदारो के साथ आपदा पूर्व तैयारी के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक गूगल मीट के माध्यम से आयोजित हुई जिसमे तहसील स्तरीय आपदा प्रबंधन, बाड़ प्रबंधन, IRS/IRT , तहसील कंट्रोल रूम राहत केंद्र, बाड़ चौकी, त्वरित प्रतिवादन दल QRT, खोज बचाव उपकरण हीट वेव/लू, ग्रीष्म कालीन आपदा आदि के संबंध में चर्चा उपरांत निर्देश दिये गए। उक्त के अतिरिक्त आपदा कार्ययोजना , इंसिडेंट रिस्पांस टीम को समय पर अपडेट करते हुए कंट्रोल रूम में स्टाफ की तैनाती कर सक्रिय करने हेतु निर्देशित किया तथा आवश्यक खोज बचाव उपकरण/ सामग्री का निरीक्षण उपरांत उन्हें सक्रिय किया जाए तथा आवश्यक उपकरण/सामग्री की माँग तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।




उन्होंने संचार नेटवर्क को सुदृढ़ करने के साथ ही किसी भी आपदा की स्थिति में तहसील स्तर से त्वरित सूचना जिला आपदा कंट्रोल रूम को देने हेतु निर्देशित किया ताकि त्वरित प्रतिपादन कर जान माल की क्षति को न्यून किया जा सके इसके अतिरिक्त पूर्व चेतावनी प्रणाली को भी सक्रिय करते हुए आपदा मित्र व अन्य आपदा प्रबंधन टीमों को प्रशिक्षित कर आपदा प्रबंधन में समुदाय की सहभागिता बड़ाने पर जोर दिया। तहसील स्तर पर मॉक ड्रिल भी आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी श्रीमती मीरा रावत द्वारा विगत वर्ष के अनुभव साझा करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

# कारोबारी के घर लाखों की चोरी, सीसीटीवी से सुराग तलाश रही पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** न्यू हरिद्वार कॉलोनी में एक कारोबारी के घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोर लाखों रुपये मूल्य के सोने के जेवरात, नगदी और अन्य कीमती सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, एचएन-43 न्यू हरिद्वार कॉलोनी निवासी कारोबारी सचिन पाराशर ने कोतवाली ज्वालापुर में दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार देर रात अज्ञात बदमाश उनके घर में घुसे। बदमाशों ने घर के भीतर पहुंचकर कमरों के लॉक तोड़े और अलमारी से सोने की अंगूठी, कानों के सोने के आभूषण, नगदी से भरा रेजगारी का डिब्बा, एडीडास के जूते सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों ने चोरी से पहले घर और आसपास की गतिविधियों की रेकी की थी। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## विदेशी महिला का गुम हुआ मोबाइल पुलिस ने किया 24 घंटे में रिकवर

**हरिद्वार।** हरकी पैड़ी पर गंगा आरती देखने आयी विदेशी महिला का गुम हुआ मोबाइल पुलिस ने कुछ ही घंटों में रिकवर कर महिला को सौंप दिया। मोबाइल वापस पाकर महिला ने पुलिस का आभार जताया। डॉर्प्स स्ट्रीट नीदरलैंड निवासी विदेशी महिला ऐना दाविट पत्नी बास्टियन मंगलवार की शाम हरकी पैड़ी पर गंगा आरती आई थी। आरती के पश्चात भीड़भाड़ में महिला का कीमती मोबाइल फोन खो गया। मोबाइल में महिला महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट आदि थे। मोबाइल का पता न लगने पर महिला ने पुलिस चौकी हरकी पैड़ी से संपर्क कर मदद की गुहार लगाई। हरकी पैड़ी चौकी प्रभारी संजीत कंडारी ने कांस्टेबल नितिन रावत व भूपेंद्र गिरी को मोबाइल तलाश करने में लगाया। काफी खोजबीन के पश्चात पुलिसकर्मियों ने बुधवार को मोबाइल फोन बरामद कर लिया। इसके बाद विदेशी महिला ऐना दाविट को चौकी बुलाकर मोबाइल फोन उनके सुपुर्द कर दिया गया। मोबाइल वापस मिलने पर महिला ने हरिद्वार पुलिस का आभार जताया है।

# फॉन्डेशन क्लासेज ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव बादशाहपुर में फाउंडेशन क्लासेज की ओर से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे प्रधान प्रतिनिधि साजिद अली ने सफल विद्यार्थियों को मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया, तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। बुधवार को गांव बादशाहपुर में फॉन्डेशन क्लासेज द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राओं के लिए एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नसीरपुर कला के प्रधान प्रतिनिधि साजिद अली ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। मेहनत, लगन




और अनुशासन के बल पर छात्र-छात्राएं हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की प्रतिभा किसी से कम नहीं है, आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की है। कहा जल्द ही नसीरपुर कला में बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में करने वाले छात्र छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन साक्षी डोलियान ने किया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि साजिद अंसारी, सुशील चौहान एवं फाउंडेशन क्लासेज के मास्टर सुलेमान अली ने संयुक्त रूप से मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में तन्वी, यशिका, वशी, तरन्नुम, सुहैल, अंचल, समीक्षा, भूमि, सलोनी, नवीन, कहकशा, आयशा, वंश, तराना, नितिन, मोहसिन, इकरा, शालू, सोफिया, जैद, शना, फरमान, गौरव, हैप्पी, आदि विद्यार्थी शामिल रहे।

वक्ताओं ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोहों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम में गन्ना समिति के डायरेक्टर मोहब्बत अली मोहम्मद अली मोहम्मद गुलशन, शाहिद सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद रहे। समारोह के अंत में सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं

# लॉ कॉलेज में दाखिले के नाम पर ठगी, प्रधानाचार्य पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र के एक युवक ने लॉ कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर हजारों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश के बाद कॉलेज प्रधानाचार्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अदालत में दायर प्रार्थना पत्र में ग्राम सराय निवासी समीर ने बताया कि वर्ष 2025 में उसने पंडित पूर्णानंद तिवारी लॉ कॉलेज, ज्वालापुर में एलएलबी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए संपर्क किया था। आरोप है कि कॉलेज प्रधानाचार्य अशोक तिवारी ने प्रवेश परीक्षा से राहत दिलाने के नाम पर अतिरिक्त शुल्क के रूप में उससे 40 हजार रुपये नकद लिए। इसके बाद दाखिला फार्म, सेमेस्टर फीस, यूनिवर्सिटी फार्म, परीक्षा शुल्क और अन्य मदों में समय-समय पर कुल 93,500 रुपये जमा कराए गए। पीड़ित का कहना है कि उसे नियमित रूप से कॉलेज बुलाया जाता रहा और पढ़ाई भी कराई गई, जिससे उसे पूरा भरोसा था कि उसका प्रवेश विधिवत हो चुका है। लेकिन जब विश्वविद्यालय परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू हुई तो उसे पता चला कि उसका दाखिला ही नहीं हुआ है। आरोप है कि जब उसने इस संबंध में प्रधानाचार्य से जानकारी ली तो न केवल पैसे लौटाने से इनकार कर दिया गया, बल्कि उसके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। समीर ने बताया कि इस धोखाधड़ी के कारण उसका पूरा शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो गया। पुलिस में शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर कॉलेज प्रधानाचार्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# भारत विभूषण सम्मान से सम्मानित हुए लोनिवि के अपर सहायक अभियंता डा. चंद्रलाल भारती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** लोक निर्माण विभाग में अपर सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत वरिष्ठ समाजसेवी डा.चंद्रलाल भारती को दलित उत्थान एवं मानवाधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया है। 28 अप्रैल को पंजाब विधानसभा परिसर चंडीगढ़ में आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथी पंजाब विधानसभा अध्यक्ष सरदार कुलतार सिंह रंधावा ने डा. चंद्रलाल भारती को भारत विभूषण सम्मान प्रदान किया। समारोह में देशभर से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और गणमान्य अतिथियों ने डा.भारती के सामाजिक सरोकारों, दलित समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि



डा.भारती ने अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का निरंतर प्रयास किया है, जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। सम्मान प्राप्त कर हरिद्वार लौटने पर मायापुर स्थित लोनिवि कार्यालय में डा.चंद्रलाल भारती का विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ढोल नगाड़ों के साथ फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। सहयोगियों ने डा.चंद्रलाल भारती इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। लोक निर्माण विभाग के प्रशासनिक अधिकारी डा.शांति रघुवाण ने कहा कि डा.चंद्रलाल भारती को सम्मानित किया जाना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उनकी उपलब्धियां विभाग और जनपद का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि डा. भारती की यह सफलता विभाग के अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा का कार्य करेगी और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी। डा. चंद्रलाल भारती ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के संघर्ष और प्रयासों का सम्मान है जो समाज में समानता, न्याय और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान और जनसेवा के कार्यों में पूरी निष्ठा के साथ योगदान देते रहेंगे। स्वागत करने वालों में प्रशासनिक अधिकारी डा.शांति रघुवाण, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप किशोर कोहली, के.एन.जोशी, प्रवेश कुमार, सुनील कुमार, सन्नी कुमार, उपेंद्र कुमार, सपना गैरोला, प्रभात मिश्रा और श्रवण कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

# खट्टर बंधुओं की गिरफ्तारी के खिलाफ हिंदुवादी संगठनों ने निकाला विरोध मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** यूट्यूबर और हिंदूवादी इन्फ्लुएंसर गौतम खट्टर और उनके भाई माधव खट्टर की गोवा पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी के खिलाफ बुधवार को विभिन्न हिंदूवादी संगठनों और साधु-संतों ने ऋषिकुल मैदान से सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। हिंदूवादी कार्यकर्ता हाथों में भगवा ध्वज और तख्तियां लेकर गौतम खट्टर को रिहा करो, हिंदू दमन बंद करो के नारे लगाते हुए शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और केंद्र सरकार तथा गोवा पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि गौतम खट्टर एक राष्ट्रवादी वक्ता हैं, जो केवल इतिहास के तथ्यों को जनता के सामने रख रहे थे। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि गोवा में सेंट जेवियर और मिशनरियों के इतिहास पर सच्चाई बोलने के कारण उनके खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की गयी है। योगी शक्ति ब्रह्मचारी, राकेश उत्तराखंडी, स्वामी संदीप, विशाल राणा ने कार्रवाई को अभिव्यक्ति की आजादी का हनन और हिंदू समाज का अपमान करार देते हुए कहा कि यदि खट्टर भाइयों की जल्द रिहाई सुनिश्चित नहीं की गई, तो यह आंदोलन केवल हरिद्वार तक सीमित नहीं रहेगा। न्याय नहीं मिलने पर जेल भरो आंदोलन शुरू करेंगे और सत्ताधारी दल के नेताओं का घेराव कर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जाएगा।

# हरकी पैड़ी पहुंची बाबा विश्वनाथ मां जगदीश शीला डोली यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बाबा विश्वनाथ मां जगदीश शीला डोली यात्रा बुधवार को हरिद्वार पहुंची। पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी एवं शिक्षाविद कैलाशपति मैठानी के संयोजन में टिहरी गढ़वाल के विशौन पर्वत स्थित बाबा विश्वनाथ मां जगदीशीला मंदिर से वार्षिक भ्रमण यात्रा के लिए हरिद्वार पहुची डोली यात्रा का भारत माता मंदिर के महंत म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी ने स्वागत किया। हरकी पैड़ी पर गंगा पूजन व स्नान के पश्चात डोली यात्रा उत्तराखंड भ्रमण के लिए रवाना हो गयी। गंगा दशहरे पर डोली यात्रा का समापन विशौन पर्वत ग्यारह गांव हिंदाव टिहरी गढ़वाल में बाबा विश्वनाथ धाम में होगा। हरकी पौड़ी पर डोली यात्रा का स्वागत करते हुए स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ सहित संपूर्ण उत्तराखंड में देवी देवताओं का वास है। बाबा विश्वनाथ मां जगदीश शीला तीर्थ भगवान शिव और शक्ति की आराधना पूजा का केंद्र है। जहां से प्रतिवर्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी की अगुवाई में डोली यात्रा हरिद्वार आती है। इस वर्ष 27वीं डोली यात्रा का हरिद्वार में आगमन हुआ है। डोली यात्रा सनातन हिंदू धर्म के प्रचार



प्रसार का माध्यम और परंपरा बन चुकी है। डोली यात्रा के संस्थापक एवं सूत्रधार पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि उत्तराखंड की आस्था और संस्कृति की पहचान बाबा विश्वनाथ मां जगदीश शीला डोली यात्रा जो संपूर्ण उत्तराखंड को धार्मिक एकता के सूत्र में पिरोती है। उत्तराखंड के गढ़वाल और कुमाऊं में सनातन हिंदू धर्म का प्रचार प्रसार करती है तथा उपेक्षित पड़े तीर्थ स्थलों का विकास करने का कार्य करती है। डोली यात्रा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे। जिनका स्वागत समाजसेवी आमेश शर्मा, एडवोकेट वरुणेश चौधरी, मनोज झा, रुद्राक्ष सराय वाले, शाश्वत वशिष्ठ, विनोद नेगी, रजत शर्मा आदि ने किया।

# साध्वी अंजना देवानंद गिरी का पट्टाभिषेक समारोह आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शिव शक्ति धाम की परमाध्यक्ष साध्वी अंजना देवानंद गिरी का पट्टाभिषेक समारोह बृहष्पतिवार को संत महापुरूषों की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पट्टाभिषेक समारोह में साध्वी अंजना देवानंद गिरी को निरंजनी अखाड़े का महामंडलेश्वर नियुक्त किया जाएगा। अखाड़े के पंच परमेश्वर के सानिध्य में आयोजित पट्टाभिषेक समारोह में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी, अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी, आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद सहित सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूष तिलक चादर प्रदान कर साध्वी अंजना देवानंद गिरी का महामंडलेश्वर पद पर अभिषेक करेंगे। श्रीमहंत रामरतन गिरी महाराज ने बताया कि पट्टाभिषेक समारोह में कई राजनेता व गणमान्य लोग शामिल होंगे। श्रीमहंत रामरतन गिरी ने श्रद्धालु भक्तों से पट्टाभिषेक समारोह में शामिल होने की अपील भी की। साध्वी अंजना देवानंद गिरी ने कहा कि निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर के रूप में संत महापुरूषों की सेवा और मानव कल्याण में योगदान करना मेरे जीवन का उद्देश्य है।



# वन्यजीवों को गर्मी से राहत देने के लिए वन विभाग ने जंगलों में बनाए नए वाटर हॉल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच वन्यजीवों के सामने पानी का संकट गहराने लगा है। प्राकृतिक जल स्रोत और तालाब सूखने के कारण जानवरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे हालात को देखते हुए हरिद्वार वन विभाग ने सराहनीय पहल करते हुए वन्यजीवों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। वन विभाग द्वारा हरिद्वार रेंज के अंतर्गत पथरी वन क्षेत्र में 4 नए वाटर हॉल (छोटे तालाब) तैयार किए गए हैं। इन जलाशयों में नियमित रूप से पानी भरा जा रहा है, ताकि जानवरों को पीने के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। इसके साथ ही पहले से बने 3 वाटर हॉल की मरम्मत कर उन्हें भी पुनः सक्रिय



किया गया है और उनमें पानी भरकर निगरानी बढ़ा दी गई है। वन विभाग व्यवस्थाओं का सकारात्मक असर भी देखने को मिल रहा है। जंगल में रहने वाले हाथी, गुलदार, चीतल और सांभर जैसे वन्यजीव वाटर हॉल तक पहुंचकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। खास बात यह है कि हाथी जैसे विशाल जीव इन जलाशयों में अटखेलियां करते हुए भी नजर आ रहे हैं, जो इस पहल की सफलता को दर्शाता है। हरिद्वार रेंजर शीशपाल सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में वन्यजीवों को पानी के लिए जंगल से बाहर न भटकना पड़े, इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही जरूरत पड़ने पर और भी वाटर हॉल तैयार करने की योजना पर काम किया जा रहा है। इस पहल से न सिर्फ वन्यजीवों को राहत मिल रही है, बल्कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की संभावनाएं भी कम हो रही हैं।

# दीवार तोड़कर कब्जे का आरोप, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाल ज्वालापुर क्षेत्र के मोहल्ला मेहतान में पड़ोसी की संपत्ति में कथित अवैध घुसपैठ, दीवार तोड़कर निर्माण कार्य करने और कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सराफा कारोबारी और उसके तीन पुत्रों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को दी गई शिकायत में मोहल्ला मेहतान निवासी पुनीत कंसल पुत्र अनिल कंसल ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी मैसर्स अंकुर ज्वेलर्स, सर्राफा बाजार ज्वालापुर से जुड़े विपिन मित्तल, उनके पुत्र अमन मित्तल, अंचल मित्तल और अंकुर मित्तल ने



उसकी ढाई मंजिला संपत्ति पर कब्जा करने की नीयत से आपराधिक कृत्य किया। आरोप है कि चारों ने उनके मकान की पिछली दीवार तोड़ दी और अपने निर्माणाधीन भवन के बीम व कॉलम उसकी संपत्ति के भीतर तक बना दिए। इस कार्रवाई से न केवल उसकी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा, बल्कि अवैध कब्जे का प्रयास भी किया गया। पुनीत कंसल का कहना है कि इस प्रकरण में पूर्व में भी पुलिस को शिकायत दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रखा गया। आरोप लगाया कि संबंधित लोगों के पास लाइसेंसी हथियार हैं और विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। इससे परिवार में भय का माहौल है और जान-माल का खतरा बना हुआ है। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पातंजल योगधाम में की गयी कंप्यूटर लैब की स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आर्यनगर चौक ज्वालापुर स्थित पातंजल योगधाम में कंप्यूटर लैब की स्थापना की गयी है। लैब का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी डा.विशाल गर्ग की माता नरेश रानी गर्ग ने किया। लैब के लिए कंप्यूटर डा. विशाल गर्ग द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। नरेश रानी गर्ग ने कहा कि कंप्यूटर लैब अनेक विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देगी। डा.विशाल गर्ग ने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा आज के दौर में बेहद जरूरी है। पातंजल योगधाम में कंप्यूटर लैब की स्थापना होने से युवाओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोड़ने में सफलता मिलेगी तथा डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर रोटरी क्लब कनखल के अध्यक्ष हरपाल सिंह, राजीव अरोड़ा, केशवदेव जोशी, मनोज सुबुद्धि, विक्रमजीत सिंह, प्रदीप अग्रवाल, रिचा, नयन घई आदि मौजूद रहे।


**आवश्यकता है**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षण की केन्द्रीय योजना के अंतर्गत गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर, हरिद्वार में शिक्षक की आवश्यकता है :-

**रिक्त संख्या - 01 संस्कृत / 01 आधुनिक**

**विषय - संस्कृत ( साहित्य )/आधुनिक ( विज्ञान )**

**शैक्षिक योग्यता - राज्य सरकार/यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित परंपरागत उपाधि धारक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी को वरीयता।**

**मानदेय - रु० 20,000/- प्रतिमाह**

अभ्यर्थी अपने जीवनवृत्त के साथ सादे कागज पर आवेदन कर सकते है। आवेदन के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छाया प्रति एवं पहचान पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्नलिखित पते पर विद्यालय कार्यदिवसों में **दिनांक 04.05.2026 सायं 5:00** बजे तक प्रेषित/प्रस्तुत कर सकते हैं। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार की सूचना विद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को पृथक से दी जायेगी।

सम्पर्क सूत्र - 7579469838
7217035970

**प्रबन्धक**
**गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर**



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# विधायक ने किया विकास कार्यो का भूमि पूजन व शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विधानसभा क्षेत्र विकासनगर में विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा आज विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन एवं शुभारंभ किया गया।

इस क्रम में ग्राम पंचायत बादामावाला के राम एनक्लेव में नहर से टीकम सिंह एवं विक्रम सिंह के घर तक तथा ग्राम छोटूवाला में खेड़ा पांचवा मंदिर से राजकुमार, मनोज थापा आदि के घर तक सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया।

जिससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा सुदृढ़ होगी और स्थानीय निवासियों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। इसके उपरांत बारोटीवाला स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में पुस्तकालय भवन निर्माण कार्य का भी विधिवत भूमि पूजन किया गया। यह पुस्तकालय भवन विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त ज्ञान का सशक्त केंद्र बनेगा तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

साथ ही ग्राम सभा बाडवाला स्थित शहीद राजीव पुंडीर राजकीय इंटर कॉलेज में पुराने भवन के ऊपर टीन शेड निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया, जो विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों, क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि विकासनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे पूर्णत: प्रतिबद्ध हैं।

# सरकार ने एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर जनता की घाड़ी कमाई को किया बर्बाद: संजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी पछवादून के जिलाध्यक्ष संजय किशोर ने मीडिया को जारी एक प्रेसनोट भेजकर राज्य सरकार पर एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर राज्य की जनता की घाड़ी कमाई को बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को सर्व सम्मति से महिला आरक्षण कानून 2023 की भावनाओं के अनुरूप 2027 के उत्तराखण्ड विधानसभा चुनावों तथा 2029 के आम लोक सभा चुनावों में वर्तमान सीटों की संख्या के 33 प्रतिशत सीटों पर महिलाओं को आरक्षण देने संबंधी प्रस्ताव पास कर केंद्र सरकार को भेजना चाहिए था।

जिलाध्यक्ष संजय किशोर ने कहा कि राज्य सरकार को यह भी प्रस्ताव



भेजना चाहिए था कि यदि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए केंद्र सरकार को एक बार फिर यदि संविधान संशोधन विधेयक भी लाना पड़े तो जल्दी विशेष सत्र आहूत कर इस विधेयक को लाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने लोक सभा और कल के उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र में लोक सभा तथा विधानसभा की वर्तमान सीटों की संख्या के 33 प्रतिशत महिलाओं को आगामी चुनावों में आरक्षण देने की मांग रखी है। उन्होंने कहा भाजपा और उनकी केंद्र और राज्य की सरकारें महिलाओं को आरक्षण देना नहीं चाहती बल्कि विधाई पेंच फंसा कर महिलाओं को आरक्षण के नाम पर कई ओर साल इंतजार कराना चाहती है। इसीलिए राज्य विधानसभा से केंद्र सरकार को महिलाओं को तुरंत 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव पास कर कर भेजने के बजाय निंदा प्रस्ताव पास किया जिसका कोई विधाई मूल्य नहीं है।

जिलाध्यक्ष संजय किशोर ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक सितंबर 2023 में पास हो गया था लेकिन इसको लागू करने की अधिसूचना 3 साल बाद 16 अप्रैल 2026 को की गई। यदि सरकार देश की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना चाहती थी तो महिला आरक्षण कानून को 3 साल बाद क्यों लागू किया? कहा कि उत्तराखण्ड में सबसे बड़ा मुद्दा महिला सुरक्षा का है। उत्तराखण्ड की महिलाओं को आरक्षण के साथ साथ संरक्षण भी चाहिए। अंकिता भंडारी मामले में वीआईपी भाजपा नेता का आज भी पता नहीं चला है। उन्होंने आरोप लगाया कि चमोली की पिंकी, हरिद्वार के शांतरशाह की दलित बेटी, चंपावत की नाबालिग बेटी के मामले में अपराधी भाजपा के नेता ही थे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने 2027 के विधानसभा चुनावों और 2029 के लोक सभा चुनावों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू नहीं किया तो कांग्रेस सड़कों पर प्रदर्शन करेगी।

# दो माह चल रहा आंदोलन अब क्रमिक अनशन में बदला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

नई टिहरी। टिहरी बांध प्रभावितों और विस्थापितों का गणेश चौक पर दो माह चल रहा आंदोलन बीते सोमवार से क्रमिक अनशन में बदल गया है। आंदोलनकारियों ने दो टूक कहा है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

आंदोलनकारी सागर भंडारी ने शासन-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से धरना देने के बावजूद उनकी आवाज को अनसुना किया जा रहा है। यही कारण है कि प्रभावितों को अब अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा। मंगलवार को क्रमिक अनशन जारी रहा। आंदोलनकारियों ने कहा कि दो माह से लगातार धरना दिया जा रहा है। लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से आंदोलनकारियो की सुध नही ली गई। शासन-प्रशासन की ओर से आंदोलनकारियों की अनदेखी की जा रही है। यह हमारे हक लड़ाई है। यह लड़ाई जारी रहेगी। प्रभावितों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में टिहरी बांध से मिलने वाली 12 प्रतिशत रायल्टी को जिले के विकास कार्यों में खर्च करना, साथ ही प्रभावित परिवारों को मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराना शामिल है। उन्होंने शासन-प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र समाधान निकालने की अपील की है। धरना स्थल पर मान. वेंद्र रावत, देवांक चमोली, रविराज, गोपीनाथ रावत, विक्रम कुमार, सुरेंद्र सूरी, जयकृष्ण सेमवाल, अशरफी देवी, महेश्वरी पैन्यूली और रुकम परमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

# नवनियुक्त शिवालिक ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा की नई टीम का गठन

**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर के अंतर्गत शिवालिक ग्रामीण मंडल के में भारतीय जनता युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नवगठित टीम में ऊर्जावान और सक्रिय कार्यकर्ताओं को विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। नव-नियुक्त पदाधिकारियों में मंडल उपाध्यक्ष के रूप में विपिन चौहान, प्रदीप चौधरी एवं मनीष कांत पैन्यूली, मंडल महामंत्री के रूप में विजय चौहान एवं राहुल पांचाल, मंडल मंत्री के रूप में नितिन कंडवाल, सोबित सेमवाल एवं सोनित कुमार, मंडल कोषाध्यक्ष के रूप में विशाल ओझा, मंडल मीडिया संयोजक के रूप में रोहित चौहान, मंडल सोशल मीडिया संयोजक के रूप में अंकित चौहान तथा मंडल आई.टी. संयोजक के रूप में ललित अग्रवाल को दायित्व सौंपे गए हैं तथा इसके अतिरिक्त मंडल कार्यकारिणी में कई सदस्यों को भी शामिल किया गया है।

इस अवसर पर सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सम्मानित किया और उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं और नई टीम संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# डॉ. नंद लाल भारती ने किया साई सृजन पटल पत्रिका के अंक का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** अंतरराष्ट्रीय जनजातीय लोक कलाकार डॉ. नंद लाल भारती ने साई सृजन पटल मासिक पत्रिका के 21वें अंक का विमोचन किया। कार्यक्रम साहित्यिक ऊर्जा और रचनात्मक उत्साह से परिपूर्ण रहा।

विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. नंदलाल भारती ने कहा कि साई सृजन पटल पत्रिका सामाजिक सरोकारों एवं मानवीय मूल्यों को समर्पित अपने सारगर्भित और सुसंस्कृत लेखन के माध्यम से पाठकों को निरंतर समृद्ध कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अंक का



पाठकों को बेसब्री से इंतजार रहता है और इसकी संपादकीय दृष्टि समाज को नई दिशा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि पत्रिका में प्रका. शित कविता, कहानी, शोध, संस्कृति, स्वास्थ्य एवं विविध विषयों पर आधारित सामग्री इसे अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक बनाती है।

भाषा की शुद्धता और विषय की गहराई इसकी विशिष्ट पहचान है, जो इसे समय का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बनाती है।

पत्रिका के संपादक सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. (डॉ.) के. एल. तलवाड़ ने कहा कि साई सृजन पटल का उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच, रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रसार करना है। इस अवसर पर लेखिका नीलम तलवाड़, इंसाइडी क्रिएटिव मीडिया के सीईओ अक्षत एवं उनका समर्पित स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## एक नजर .......

### सेपियंस स्कूल के खिलाड़ियों का जिला कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल, विकासनगर के विद्यार्थियों ने 'उत्तराखंड कराटे एसोसिएशन' द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता 25 एवं 26 अप्रैल 2026 को मल्टीपरपस हॉल, देहरादून में आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय के 14 प्रतिभागियों में से 11 खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय को कुल 11 पदक प्राप्त हुए, जिनमें 3 स्वर्ण, 5 रजत एवं 3 कांस्य पदक शामिल हैं। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले लक्की रावत, खुश्शी थापा, अदित्य क्षेत्री शामिल रहे। अवनी जोशी, नैतिक कुमार, अरहम अली, अरीब अली ने रजत पदक प्राप्त किया जबकि अर्णव कक्कड, परिधि चौहान, अक्षत चौधरी, आरुष कांस्य पदक अपने नाम किया। लक्की रावत, खुश्शी थापा एवं अदित्य क्षेत्री का चयन स्टेट जूडो प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विद्यालय की अध्यक्षा इंदिरा सपरा, रशिता सपरा, प्रधानाचार्य नवीन तनेजा एवं समस्त शिक्षकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर शिवालिक एकेडमी के विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया




**सेलाकुई।** अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर शिवालिक एकेडमी के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया, जिसमें कक्षा 7,8 के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने नृत्य और नाट्य के माध्यम से माँ और बेटी के भावनात्मक संबंध को अत्यंत सुंदर और मार्मिक रूप में प्रस्तुत किया। उनकी अभिव्यक्ति, भाव-भंगिमा और तालमेल ने दर्शकों को भावुक कर दिया और सभी को इस विशेष रिश्ते की गहराई का अनुभव कराया। यह प्रस्तुति न केवल मनोरंजक थी, बल्कि एक सशक्त संदेश भी दे गई कि माँ और बेटी का रिश्ता प्रेम, समझ और त्याग से परिपूर्ण होता है।यह प्रस्तुति नृत्य शिक्षिका सोनाली के कुशल मार्गदर्शन में तैयार की गई थी।

### मुट्ठी भर बादाम के साथ करें हर सुपर पल का अनुभव

**देहरादून।** सुपरफूड फॉर अ सुपर यू एक दमदार और नया ब्रांड प्लेटफॉर्म, जिसे एक रोमांचक कैंपेन के जरिए जीवंत किया गया है। इस कैंपेन में क्रिकेट की जानी-मानी हस्ती नवजोत सिंह सिद्धू नजर आ रहे हैं, जिनकी अपनी खास ऊर्जा फैन्स को जुड़ने, जश्न मनाने और बड़े इनाम जीतने के लिए आमंत्रित करती है। इस क्रिकेट सीजन, कैलिफोर्निया बादाम अपने नवीनतम अभियान 'सुपरफूड फॉर अ सुपर यू' के माध्यम से क्रिकेट के उत्साह को बादाम की पोषण शक्ति के साथ प्रस्तुत कर रहा है। विटामिन फाइबर, मैग्नीशियम और प्रोटीन सहित 24 आवश्यक पोषक तत्वों से समृद्ध बादाम एक उत्कृष्ट सुपरफूड हैं, जो मैदान के भीतर और बाहर दोनों ही परिस्थितियों में निरंतर ऊर्जा और बेहतर प्रदर्शन का समर्थन करते हैं। इस अभियान के केंद्र में एक मोबाइल-फर्स्ट इंटरएक्टिव प्रतियोगिता है, जो पूरे भारत के प्रतिभागियों को लाइव क्रिकेट के उत्साह को बादाम के लाभों की खोज के साथ एक रोचक और इमर्सिव तरीके से जोड़ने का अवसर प्रदान करती है। 27 अप्रैल से 24 मई तक संचालित यह अनुभव उन प्रतिभागियों को पुरस्कृत करता है, जो निरंतर सहभागिता बनाए रखते हैं ।

# जौनसार पब्लिक स्कूल में प्रतिभाओं का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

चकराता। जौनसार पब्लिक स्कूल में बुधवार को आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जल शक्ति अभियान के अंतर्गत 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चले 'जल पखवाड़ा' के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मोहल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में भागीदारी से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें आत्मविश्वास की वृद्धि होती है।



उन्होंने छात्रों को हार-जीत से ऊपर उठकर निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 10 की खुशी चौहान को 'बेस्ट स्पीकर', कक्षा 9 के रूबल राणा को 'बेस्ट रिबटल' तथा कक्षा 8 के रुद्रांश सिंह को 'बेस्ट कंटेंट' का पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं हिंदी निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 7 की इना तोमर, कक्षा 8 के रुद्रांश सिंह, कक्षा 9 की खुशी चौहान और कक्षा 10 की माही तोमर ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम संचालन में उत्कृष्ट भूमिका निभाने के लिए कक्षा 9 की सम्भवी सिंह और आदित्य को 'बेस्ट होस्ट' का पुरस्कार दिया गया। नन्हे विद्यार्थियों की रंग भरने की प्रतियोगिता में नर्सरी की आकृति कुमारी, एलकेजी की आत्रेयी सिन्हा और यशस्वी चौहान तथा यूकेजी की गुरजीत कौर को प्रथम स्थान मिला। वाद-विवाद प्रतियोगिता में माही तोमर, नव्या, ईशा रावत, आदित्य, आरायना चांदना, आरुषि, मानसी, जसपाल वर्मा, ध्रुव राज पाटिल, यश चौहान, सक्षम चौहान, अर्चना चौहान और सेजल थापा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रूबल सिंह, एकता जोशी, सोनाक्षी, खुशी चौहान, रुद्रांश सिंह, श्रद्धा कुमारी, तृषा अरोड़ा, मुदित चौहान, आंशिक वर्मा, परी थापा, विहान राणा और दिव्यांशु तोमर की टीम द्वितीय स्थान पर रही। इसके अलावा विद्यालय में आयोजित इंटर हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्योरिटी हाउस ने प्रथम तथा प्रोस्पेरिटी हाउस ने द्वितीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# महिला आरक्षण, सुरक्षा और परिसीमन के मुद्दों को लेकर कांग्रेस हमलावर

नई टिहरी। उत्तराखंड की राजनीति में महिला आरक्षण, महिला सुरक्षा और परिसीमन के मुद्दों को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर जनता के धन की बर्बादी की गई, जबकि अहम मुद्दों पर सरकार पूरी तरह मौन रही। कांग्रेस कमेटी टिहरी के जिलाध्यक्ष मुरारीलाल खंडवाल ने कहा कि यदि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू नहीं किया गया, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा एक गंभीर और ज्वलंत मुद्दा बन चुका है, लेकिन सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाने में विफल रही है। कांग्रेस ने अंकिता भंडारी प्रकरण सहित चमोली, हरिद्वार और चंपावत के विभिन्न मामलों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि कई घटनाओं में सत्तारूढ़ दल से जुड़े लोगों के नाम सामने आए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। साथ ही जंगलों में जंगली जानवरों के हमलों में महिलाओं की बढ़ती घटनाओं को लेकर भी सरकार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया। परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस ने कहा कि यदि यह प्रक्रिया केवल जनसंख्या के आधार पर की जाती है, तो उत्तराखंड जैसे छोटे राज्यों की हिस्सेदारी प्रभावित हो सकती है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इन प्रस्तावित विधेयकों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो पार्टी व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगी।

# लंबगांव बाजार में जाम की समस्या, निस्तारण के दिए निर्देश

**नई टिहरी।** बाजार क्षेत्र में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक दीपक सिंह ने पुलिस प्रशासन, व्यापार मंडल और टैक्सी यूनियन के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की। इसके बाद उन्होंने लंबगांव बाजार का सघन निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना अध्यक्ष को निर्देश दिए कि जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए एक प्रभावी और बेहतर ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने बाजार क्षेत्र में चिन्हित टैक्सी, मैक्सी और बस स्टैंड स्थलों का मौके पर जाकर मुआयना भी किया। इस दौरान टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों को कहा कि वे अपने निर्धारित रोटेशन स्थलों का सुव्यवस्थित संचालन करें और अनावश्यक रूप से वाहनों को बाजार में खड़ा न होने दें, ताकि यातायात प्रभावित न हो। व्यापार मंडल के सदस्यों से भी अपील की गई कि वे अपने निजी वाहनों को बाजार क्षेत्र से बाहर निर्धारित स्थानों पर ही पार्क करें और बाजार में अनावश्यक वाहन खड़े कर जाम की स्थिति उत्पन्न न करें। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी के सहयोग से ही बाजार में सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है। इस मौके पर थानाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पंवार, कोषाध्यक्ष अमन राणा, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष यशपाल राणा, मोर सिंह पंवार आदि मौजूद रहे।

# केदारनाथ यात्रा में अवैध डेरों पर प्रशासन का कड़ा प्रहार

**6 हटाए, लाइसेंस ब्लॉक की भी कार्रवाई,**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा 2026 को सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने अवैध गति. विधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान चलाया है। पैदल यात्रा मार्ग पर अनाधिकृत रूप से लगाए गए टेंट और डेरों पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने कुल 6 अवैध डेरे हटाए हैं। साथ ही नियम उल्लंघन करने वालों पर चालान और लाइसेंस ब्लॉक करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के



निर्देशानुसार बुधवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट, सहायक सेक्टर अधिकारी एवं एमटीएफ सेक्टर लिनचोली की संयुक्त टीम ने पैदल मार्ग का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान थारू कैंप में 2, छोटी लिनचोली में 3 और अन्य स्थानों पर 1 सहित कुल 6 अनाधिकृत डेरों को तत्काल प्रभाव से हटाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रा मार्ग पर बिना अनुमति किसी भी प्रकार का टेंट या डेरा लगाना पूर्णत: प्रतिबंधित है। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

इसके अलावा घोड़ा-खच्चर संचालन में भी अनियमितताएं पाए जाने पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कई संचालकों के चालान काटे हैं।

आवश्यक दस्तावेजों की कमी और निर्धारित मानकों का पालन न करने वाले संचालकों के लाइसेंस ब्लॉक करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित व्यक्तियों और संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे शासन द्वारा निर्धारित मानकों और नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। प्रशासन का कहना है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी।

# सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम बना ग्रामीणों की उम्मीदों का मंच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की पहल "सरकार जनता के द्वार" कार्यक्रम आज विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत बंगोली में प्रभावशाली रूप से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान का एक सशक्त माध्यम बनकर सामने आया, जहां हर शिकायत को गंभीरता से सुना गया और संबंधित विभागों को मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और



अपनी रोजमर्रा की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष खुलकर रखा। इस दौरान पेयजल आपूर्ति में अनियमितता का मुद्दा प्रमुखता से उठा, जिस पर ग्रामीणों ने संबंधित ऑपरेटर के खिलाफ नाराजगी जताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार जखोली कमलेश सिंह किरौला ने जल संस्थान के अधिकारियों को तत्काल समन्वय कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही कई किसानों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ न मिलने की समस्या रखी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। वहीं, जंगली जानवरों द्वारा फसलों को लगातार नुकसान पहुंचाने की शिकायत भी सामने आई। इन मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए कृषि एवं वन विभाग को तत्काल समाधान के लिए निर्देशित किया गया, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

तहसीलदार कमलेश सिंह किरौला ने बताया कि यह कार्यक्रम जिलाधिकारी के निर्देशन और निर्धारित रोस्टर के अनुसार आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर समस्याओं का मौके पर समाधान करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या के समाधान के लिए भटकने को मजबूर न हो।

इस जनसंवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे, जिनमें राजस्व विभाग से अमित सिंह राणा, शिक्षा विभाग से कांता प्रसाद, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. नेहा सजवाण, पशुपालन विभाग से जगदीप कुमार, ग्राम्य विकास विभाग से प्रवीण सिंह तथा पंचायती राज विभाग से डैनी राणा शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक टीम ने न केवल समस्याओं को सुना, बल्कि कई मामलों में मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया शुरू कर दी, जिससे ग्रामीणों में संतोष और भरोसा देखने को मिला।

# केदारनाथ में पुलिस की तत्परता से बिछड़ी महिला मिली सुरक्षित

**यात्री ने जताया भावुक आभार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में एक बार फिर मानवता और पुलिस की सजगता का प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया। जयपुर से बाबा केदार के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु भंवर सिंह राठौड़ की पत्नी मंदिर परिसर की भारी भीड़ में अचानक उनसे बिछड़ गईं।

काफी खोजबीन के बावजूद जब उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो परेशान श्रद्धालु ने मौके पर तैनात पुलिस टीम से मदद की गुहार लगाई। ड्यूटी पर मौजूद निरीक्षक मुकेश चौहान और उपनिरीक्षक मुकेश डिमरी ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया और त्वरित संचार व्यवस्था का उपयोग करते हुए अलग-अलग स्थानों पर खोजबीन तेज कर दी। उनकी सूझबूझ और सक्रियता के चलते कुछ ही समय में महिला को सुरक्षित ढूंढ लिया गया और उनके पति के सुपुर्द कर दिया गया।

पत्नी से सुरक्षित मिलते ही श्रद्धालु भंवर सिंह राठौड़ भावुक हो उठे। उन्होंने उत्तराखंड पुलिस की कार्यप्रणाली और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा, मैंने पुलिस से मदद मांगी और उन्होंने जिस तत्परता से सहयोग किया, उसके लिए मैं तहे दिल से आभारी हूं। पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने बताया कि यात्रा सीजन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहायता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

धाम में विशेष टीमें तैनात हैं, जो लाउडस्पीकर और व्यक्तिगत समन्वय के माध्यम से बिछडे़ यात्रियों को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य लगातार कर रही हैं। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि आस्था के इस पवित्र धाम में सेवा, सुरक्षा और संवे. दनशीलता का संगम लगातार बना हुआ है।

# जैव विविधता संरक्षण में स्थानीय समुदायों की भूमिका महत्वपूर्ण : बिरला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नैनीताल में सतत विकास एवं पारिस्थितिक संतुलन सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों - सरकारी संस्थानों, पंचायती राज संस्थाओं, नगरीय निकायों, वन पंचायतों तथा नागरिकों - की संयुक्त एवं सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का सम्मान करना दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता और राष्ट्रीय प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

नैनीताल स्थित डॉ. रघुनंदन सिंह टोलिया प्रशासनिक अकादमी में वन पंचायत प्रतिनिधियों तथा त्रिस्तरीय पंचायत व स्थानीय शहरी निकाय के निर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि उत्तराखंड की वन पंचायतें सामुदायिक भागीदारी आधारित वन प्रबंधन का एक सफल मॉडल बनकर उभरी हैं, जो न केवल वन संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान दे रही हैं, बल्कि रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी साकार कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर उनके अनुभव, चुनौतियों और सुझावों को भी सुना। वन पंचायतों को "भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे सशक्त कड़ी" बताते हुए श्री बिरला ने कहा कि जमीनी स्तर की संस्थाएं संरक्षण और सुशासन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वन पंचायत से संवाद करना मेरे लिए लोकतंत्र की सबसे सशक्त कड़ी से मिलने जैसा है। उन्होंने कहा कि यहाँ की पंचायतों का अनुभव दिल्ली की पंचायत से कम नहीं है।



लोक सभा अध्यक्ष ने नैनीताल में वन पंचायत प्रतिनिधियों तथा त्रिस्तरीय पंचायत व स्थानीय शहरी निकाय के निर्वाचित सदस्यों को संबोधित किया संबोधित

जल, जंगल और जमीन के पारस्परिक संबंध को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि ये प्राकृतिक संसाधन पारिस्थितिक संतुलन और मानव जीवन के आधार हैं। इनका संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं, बल्कि सामूहिक दायित्व है, जिसके लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय विरासत की सराहना करते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह राज्य मानव और प्रकृति के सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने स्थानीय समुदायों के अमूल्य योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि जल और वृक्षों के प्रति श्रद्धा जैसी परंपराएं आज भी सतत जीवनशैली का मार्गदर्शन कर रही हैं। उन्होंने स्थानीय समुदायों की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि वन और वन्यजीवों का संरक्षण तभी संभव है जब इनसे जुड़े लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो।

उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं, नगरीय निकायों और वन पंचायतों से आह्वान किया कि वे जनभागीदारी को बढ़ावा दें, पर्यावरण अनुकूल आजीविका के अवसर विकसित करें तथा संतुलित एवं सतत विकास सुनिश्चित करें। संवाद के दौरान वन पंचायत प्रति. निधियों ने वनाग्नि रोकथाम, संस्थागत सुदृढ़ीकरण, वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग से संबंधित मुद्दों पर अपने विचार रखे। बिरला ने उनके सुझावों और समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# बीडीसी की बैठक में डीएम ने स्थानीय मुद्दों के समाधान पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड प्रतापनगर में क्षेत्र पंचायत प्रमुख मनीषा पंवार की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल भी मौजूद रहीं। बुधवार को आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि बीडीसी एक संवैधानिक निकाय है, जिसकी अपनी कार्यप्रणाली है और यह एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाना चाहिए।

बैठक में पिछली बीडीसी बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित मांगों, शिक्षकों की तैनाती, भवन मरम्मत, रसोई निर्माण तथा विद्यालयों के उच्चीकरण पर चर्चा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी पूनम द्वारा अवगत कराया गया कि प्रतापनगर में प्राथमिक स्तर पर शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है। साथ ही रसोई, सुरक्षा दीवार एवं भवन मरम्मत से संबंधित निर्माण कार्य जिला योजना एवं खनिज न्यास में प्रस्तावित हैं।

**प्रतापनगर बीडीसी बैठक में विकास कार्यों व जनहित मुद्दों पर चर्चा**

बैठक के दौरान क्षेत्र समिति सदस्य द्वारा कस्तूरबा गांधी विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने की मांग रखी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम प्रतापनगर मंजू को भूमि की स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

प्रधान मुखमल गांव द्वारा खम्भाखाल - सिलोड़ मोटर मार्ग पर मुखमल गांव में सड़क पर पानी की समस्या का निदान काराये जाने, बनाली प्रतापनगर मोटर मार्ग पर ठेकेदार द्वारा भुगतान नही किये जाने की शिकायत की गयी। ग्राम मुखेम की प्रधान ने मुखेम - धंगड़ गांव सड़क की जीर्ण शीर्ण दशा को ठीक कराने, सड़क कटान का मुआवजा दिलाने पेयजल आपूर्ति को ठीक कराने जैसे मुद्दे उठाए। जिलाधिकारी ने मुखेम -धंगड़ गांव सड़क पर जांच कराये जाने की बात कही। प्रधान ग्राम कूड़ी द्वारा सौरखाल - कूड़ी मोटर मार्ग पर अवशेष कार्य व डामरीकरण कार्य जल्द ही कराये जाने की मांग की।

सदन में महिला सदस्यों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में पेयजल की टूटी लाइन, पानी न आने की समस्या से अवगत कराया। जलसंस्थान विभाग ने ल्वारखा में पंपिंग योजना के लिए धनराशि न प्राप्त होने की बात बताई, साथ ही हंस फाउंडेशन द्वारा अधूरे छोड़े गए कार्यों का एस्टीमेट बना कर डीडब्लूएसएम की बैठक में प्रेषित करने बात कही। इनके अलावा कई अन्य मुद्दे भी बैठक में रखे गये। इस अवसर पर ज्येष्ठ प्रमुख प्रकाश रमोला, कनिष्ठ प्रमुख विशन सिंह रांगड़, अध्यक्ष नगर पंचायत लम्बगांव रोशन रांगड़, जिला पंचायत सदस्य मांजफ लक्ष्मी पंवार, एसडीएम मंजू राजपूत, डीडीओ मो. असलम, खण्ड विकास अधिकारी श्रव्या गोयल, डीपीआरओ एमएम खान, पीएमजीएसवाई से अवनीश सैनी आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने डोल आश्रम में व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**अल्मोड़ा।** डोल आश्रम के वार्षिकोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री धामी के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर बुधवार को डीएम अंशुल सिंह ने आश्रम में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्थाई हेलीपैड, आवागमन मार्ग, सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों से आगामी एक मई को डोल आश्रम में मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी स्थलों की व्यवस्थाओं के लिए अलग अलग अधिकारियों की तैनाती की जाए। साथ ही डोल आश्रम प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित किया जाए तथा निर्देशों का भलीभांति पालन सुनिश्चित किया जाए।

# जोशी ने दी सेवानिवृत हवलदार उदय सिंह थापा को उनके 100वें जन्मदिवस पर शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के जोहड़ी गांव स्थित कुठालवाली पहुंचकर 58 गोरखा राईफल्स के रिटायर्ड हवलदार उदय सिंह थापा को उनके 100वें जन्मदिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि हवलदार उदय सिंह थापा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने देश की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है।



मंत्री ने कहा कि ऐसे वीर सैनिकों के त्याग और समर्पण के कारण ही आज देश सुरक्षित और सशक्त है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि समाज को उनके अनुभवों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा महानगर उपाध्यक्ष संध्या थापा सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री धनबीर सिंह पुत्र श्री हयात सिंह, उस समस्त संपत्ति के स्वामी थे जिसका विवरण इस प्रकार है: खाता संख्या 584 (फसली वर्ष 1426 से 1431), खसरा संख्या 520, क्षेत्रफल 113 वर्ग मीटर, स्थित मौजा कालुवाला, परगना परवा दून, तहसील डोईवाला, जिला देहरादून।

उक्त संपत्ति का मूल विक्रय पत्र (Original Sale Deed) दिनांक 14.08.2014, दस्तावेज संख्या 5908, जो श्री चिंतामणि पुरोहित पुत्र श्री चंद्रमणि पुरोहित द्वारा श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री दिगपाल सिंह रावत के पक्ष में निष्पादित किया गया था और सब रजिस्ट्रार कार्यालय, ऋषिकेश में बही संख्या 1, जिल्द संख्या 2868, पृष्ठ 313 से 334 पर दस्तावेज संख्या 5908 के रूप में दिनांक 14.08.2014 को विधिवत पंजीकृत है, कहीं खो गया है/गुम हो गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त लेन-देन या संपत्ति के संबंध में कोई दावा या आपत्ति हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर लिखित या मौखिक रूप से हमारे पैनल अधिवक्ता को सूचित करें। निर्धारित अवधि के पश्चात किसी भी दावे को त्याग दिया गया या समाप्त मान लिया जाएगा।

**पैनल अधिवक्ता**
**आलोक पुंडीर**
**चैंबर नंबर 1 और 2, जिला सहकारी बैंक लेन, जिला न्यायालय, देहरादून।**
**मोबाइल नंबर: 9412054582**

**आवेदक**
**श्री धनबीर सिंह पुत्र श्री हयात सिंह**
**निवासी: ग्राम लुथियाग, पोस्ट ऑफिस चिरबटिया, तहसील जखोली, जिला रुद्रप्रयाग।**

## गर्मी में समझदारी से लें प्रोटीन से भरपूर डाइट : रितिका

**देहरादून।** गर्मी इस बार जल्दी आ गई है, और बीच ट्रिप्स सामने हैं, ऐसे में अपनी फिटनेस रूटीन शुरू करने का यह बिल्कुल सही समय है। जहाँ जिम सेशन जरूरी हैं, वहीं डाइट भी स्वस्थ शरीर का वजन बनाए रखने और उसे बेहतर आकार देने में उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रितिका समद्दार, रीजनल हेड डाइटेटिक्स मैक्स हेल्थकेयर नई दिल्ली कैलिफोर्निया बादाम, ग्रीक योगर्ट और सैल्मन से भरपूर इस आसान, प्रोटीन से भरपूर प्लान की सिफारिश करती हैं। यह सरल रूटीन मांसपेशियों के निर्माण का समर्थन करने, भूख को नियंत्रित करने और वजन प्रबंधन में मदद करने पर जोर देता है। दोपहर में भारी कार्ब्स से बचें क्योंकि इन्हें पचाना मुश्किल होता है।खाने में मात्रा पर नियंत्रण रखें, पर्याप्त पानी पिएँ और हल्का व्यायाम करें। ये आसान और व्यावहारिक टिप्स आपको गर्मी में फिट और ऊर्जावान बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

**न्यायालय जिला जज पौडी गढवाल**
**उ. वाद सं. 105 सन् 2026**

**प्रार्थीगण:**-1. विजय सिंह चौहान उम्र 54 वर्ष पुत्र स्व. राजेन्द्र चौहान। निवासी-वार्ड नं. 3 नर्सरी मार्ग श्रीनगर पो. ओ. श्रीनगर पौडी गढवाल।

**बनाम**

**विपक्षी**- 1. वेदान्त चौहान उम्र 22 वर्ष पुत्र श्री विजय सिंह चौहान। 2. रूद्राक्षी चौहान उम्र 18 वर्ष पुत्री श्री विजय सिंह चौहान। 3. पोस्ट मास्टर मुख्य डाकघर श्रीनगर गढवाल पो.ओ. श्रीनगर पौडी गढवाल। 4. आम व खास निवासी-वार्ड नं. 3 नर्सरी मार्ग श्रीनगर पो.ओ. श्रीनगर पौडी गढवाल।

चूंकि प्रार्थी के द्वारा अपनी पत्नी स्व. ममता चौहान के मुख्य डाकघर श्रीनगर के बचत बैंक खाता सं. 8359455331 में जमा धनराशि रू. 5,53,620/- (पाँच लाख तिरेपन हजार छ: सौ बीस रूपये) को प्राप्त करने के लिये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहने बावत इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 30.06.2026 की तिथि नियत है।

अत: सभी आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि प्रार्थी के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो उपरोक्त नियत तिथि ठीक 10.00 बजे न्यायालय के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रार्थी के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

आज दिनांक 22.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत से जारी।

**जिला जज**
**पौडी गढवाल**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू. डि. ) महोदय, कोटद्वार गढ़वाल।**
**दी. वाद संख्या-05/2024**

1. सन्तोष देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह 2. कार्तिक पुत्र स्व. राजेन्द्र सिंह, निवासीगण शिवराजपुर पट्टी- मोटाढ़ाक, तहसील - कोटद्वार, जिला- पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

**प्रार्थीगण/वादीगण**

**बनाम्**

1. अशोक कुमार पुत्र दलबीर सिंह निवासी ग्राम तलगल, पट्टी- गुराड़स्यूँ, तहसील-सतपुली, हाल निवासी शिवराजपुर, पट्टी- मोटाढ़ाक। 2. सुधा देवी पत्नी राजेन्द्र, निवासी- ग्राम गहली, पट्टी- डबरालस्यूँ, तहसील-कोटद्वार गढ़वाल। 3. सुचिता देवी पत्नी चन्द्रशेखर तिवारी, निवासी- शिवराजपुर, पट्टी- मोटाढाक, तहसील - कोटद्वार गढवाल। 4. कुसुमलता देवी पत्नी विनय कुमार जुयाल, निवासी-निम्बूचौड़, पट्टी- मोटाढ़ाक, तहसील - कोटद्वार गढ़वाल।

**..विपक्षीगण**

हरगाह वादीगण/प्रार्थीगण द्वारा आप विपक्षीगण के विरूद्ध एक दीवानी वाद मेरे न्यायालय में योजित की गयी है जिसमें दिनांक-08.05.26 नियत है लिहाजा आप उक्त नियत दिनांक-08.05.26 को प्रात: 10:00 बजे मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर जवाबदेही करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक 28.04.26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**सिविल जज ( जू.डि. )**
**कोटद्वार गढ़वाल**

**न्यायालय श्रीमान असिस्टैन्ट कलै. ( प्र.श्रे. ) कोटद्वार ( गढवाल )**
**रा.वा. सं.**

चन्द्र सिंह पुत्र जीत सिंह, निवासी झण्डीचौड उत्तरी, पट्टी-हल्दूखाता, तहसील कोटद्वार जिला पौडी (उत्तराखण्ड)।

**..वादी**

**बनाम**

1. उत्तराखण्ड सरकार बजरिये जिलाधिकारी-पौडी, 2. नगर आयुक्त, नगर निगम, कोटद्वार, 3. महाबीर सिंह पुत्र बचत सिंह, 4. सुविधान सिंह पुत्र शौकीन सिंह, 5. मेहरबान सिंह पुत्र शौकीन सिंह, 6. बजेन्द्र सिंह वलीमाता उमा देवी, 7. अनूप सिंह वलीमाता उमा देवी, 8. रणबीर सिंह पुत्र बचत सिंह, 9. जगबीर सिंह पुत्र बचन सिंह, 10. राजेन्द्र सिंह पुत्र गबर सिंह, 11. नरेन्द्र सिंह पुत्र गबर सिंह, 12. चन्द्रपाल सिंह पुत्र सुखन सिंह, 13. सुग्रीव सिंह पुत्र कंठी सिंह, 14. अनुप सिंह पुत्र आनन्द सिंह, 15. दलीप सिंह पुत्र आनंद सिंह, 16. रवीन्द्र सिंह पुत्र विशाल सिंह 17. चन्द्र प्रकाश पुत्र दयाराम 18. सुदर्शन कुमार पुत्र आत्माराम 19. कृष्णचन्द पुत्र बुद्धिराम 20. दर्शन सिंह पुत्र राम सिंह, 21. त्रिभुवन पुत्र राम सिंह, 22. विमल सिंह पुत्र राम सिंह, 23. सीमा देवी पत्नी कृष्ण चन्द 24. मंगल सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह, 25. कृष्णचन्द पुत्र बुद्धिराम, 26. श्याम लाल पुत्र बुद्धिराम 27. पूरण सिंह पुत्र जोत सिंह, 28. प्रेम सिंह पुत्र जोत सिंह, 29. सन्तोष सिंह पुत्र जोत सिंह, 30. अभिषेक पुत्र वलीमाता पूर्वी, पट्टी-मोटाढाक तहसील-कोटद्वार, जिला-पौडी (उत्तराखण्ड)।

**...प्रतिवादीगण**

**अ.ध. 229 ( बी ) ZLRAct**

हरगाह प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि वादी द्वारा मेरे न्यायालय में एक वाद अ. धा. 229 (बी. ) जेड एल आर एक्ट योजित किया गया है जिसमें आपको प्रतिवादी बनाया गया है। आप प्रतिवादीगण को हिदायत दी जाती है कि आप दि. 25.05.2026 को असालतन/ वकालतन मेरे न्यायालय में हाजिर होकर अपनी जबावदेही सुनिश्चित करें। अन्यथा मामले में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दि. 20.4.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**न्यायालय असि. कलै. ( प्र.श्रे. )**

# एचपीवी टीकाकरण के लिए छात्राओं को किया जागरूक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, देहरादून डॉ. दिनेश चौहान ने बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, लक्खीबाग, देहरादून में कक्षा 8, 9 एवं 10वीं की छात्राओं को एच.पी.वी. वैक्सीन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व, इसके लाभ, सुरक्षित स्वास्थ्य के लिए इसकी आवश्यकता तथा सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ चौहान ने कहा कि जनपद देहरादून में अब तक साढ़े तीन सौ किशोरियों को यह टीका लगाया जा चुका है। सरकार द्वारा किशोरियों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए यह टीका नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।



जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, देहरादून डॉ. दिनेश चौहान ने महत्वपूर्ण जानकारी

उन्होंने शिक्षिकाओं से भी अपील की कि विद्यालय के साथ-साथ शिक्षक अभिभावक बैठक के माध्यम से स्थानीय समुदाय में भी छात्राओं के टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें।

जनपद के जिला चिकित्सालय (गांधी शताब्दी) में स्थापित मॉडल टीकाकरण केन्द्र में प्रत्येक दिन प्रात: 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने इस संबंध में जनता से अपील की है कि टीके को लेकर किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें, किशोरियों को सर्विकल कैंसर से बचाव हेतु आगे आयें तथा अपने परिवार तथा आस-पड़ोस में 14 से 15 वर्ष आयु की किशोरियों को यह टीका अवश्य लगवायें।

**सूचना**

मेरे द्वारा मौजा-पिपली, पट्टी सारज्यूला, तहसील टिहरी जिला टिहरी गढवाल उत्तराखंड के खेत सं0-322 रक्वा 0.020 हे0 यानि 200 वर्ग मीटर भूमि एक व्यक्ति चन्द्रपाल सिंह परमार से क्रय की गई थी तथा उक्त चन्द्रपाल सिंह परमार के द्वारा उक्त भूमि श्री मोर सिंह पुध्त्र श्री केदार सिंह निवासी ग्राम पिपलीपट्टी सारज्यूला, तहसील टिहरी जिला टिहरी गढवाल उत्तराखंड से क्रय की गई थी, जिसका विक्रय पत्र सं0-474 दिनांक 12.07.1994 कहीं खो गया है। जो वास्तव में नही मिल पा रहा है।

**रामप्रकाश सिंह पुत्र महेंद्र सिंह**
**ग्राम पिपली, जिला टिहरी गढवाल**

## वरिष्ठ खिलाड़ी फुटबॉल प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

**अल्मोड़ा।** फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिले के वरिष्ठ खिलाड़ियों का दल बुधवार को रवाना हो गया है। जिलाधिकारी अंशुल सिंह और एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने टीम को रवाना किया। उत्तराखण्ड वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद एवं समाज कल्याण विभाग उत्तराखण्ड की ओर से 29 व 30 अप्रैल को हल्द्वानी में वरिष्ठ नागरिकों की फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित होनी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय सिंचाई उपखण्ड पुरोला**

पत्रांक :164/स.अ.-द्वितीय/सिं.ख.पु./निविदा | दिनांक 28.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-02/स.अ.द्वितीय/2026-27**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु अलग-अलग मुहर बन्द निविदायें वर्गीकृत, पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी वर्गीकृत श्रेणी के अनुसार दिनांक-11.05.2026 की अपराहन 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमन्त्रित की जाती है। जो कि अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित ठेकेदारों की उपस्थिति में उसी दिन अपराहन 3:30 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र सहायक अभियन्ता द्वितीय सिंचाई उपखण्ड पुरोला के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27.04.2026 से 10.05.2026 तक प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे के मध्य निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। सम्बन्धित जॉब संख्या के सम्मुख उल्लिखित वर्गीकृत ठेकेदार की श्रेणी के अनुसार ठेकेदार अथवा उनके द्वारा अधिकृत द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र की मूल/ सत्यापित प्रति एवं धरोहर धनराशि उपलब्ध करने पर ही निविदा प्रपत्र विक्रय किये जायेगें। निविदा प्रपत्र डाक से मंगाने पर रू. 100/- अतिरिक्त जमा करना होगा। डाक में देरी के लिये कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू. में 3% | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार पंजीकरण की वर्गीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | विकास खण्ड पुरोला में ग्राम पंचायत रौन में कमल नदी के दायें किनारें आवासीय भवनों के नीचे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य। | 17000.00 | 1000+18% GST | 03 माह | सिंचाई विभाग उत्तराखण्ड में पंजीकृत डी० या उच्चतर |
| 02 | विकास खण्ड पुरोला में ग्राम रौन के घटका नामें तोक में तटबन्ध मरम्मत कार्य। | 25000.00 | 1000+ 18% GST | 03 माह | सिंचाई विभाग उत्तराखण्ड में पंजीकृत डी. या उच्चतर |
| 03 | विकास खण्ड पुरोला में ग्राम रौन के गुगुडी नामें तोक में क्षतिग्रस्त तटबन्ध का पुन: निर्माण कार्य। | 20000.00 | 1000+ 18% GST | 03 माह | सिंचाई विभाग उत्तराखण्ड में पंजीकृत डी० या उच्चतर |
| 04 | विकास खण्ड पुरोला में बेस्टी पल्ली के दोगडा खड्ड के दोनों तरफ तटबन्ध मरम्मत कार्य। | 24000.00 | 1000+ 18% GST | 03 माह | सिंचाई विभाग उत्तराखण्ड में पंजीकृत डी० या उच्चतर |

**नोट:**- निविदा से सम्बन्धित अन्य सूचना उपखण्ड कार्यालय के दिनांक-27.04.2026 से 10.05.2026 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रात: 11:00 बजे से सायं 5:00 तक प्राप्त की जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता**
**द्वितीय सिंचाई उपखण्ड पुरोला**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण निर्माण विभाग, विकास भवन कुण्ड रोड़, प्रखण्ड-चमोली ( गोपेश्वर )**
**E-mail.eeresdivisionchamoli@gmail.com**

पत्रांक: 219/दो-लेखा-एस.पी.ए./निविदा-सूचना/ग्रा.नि.वि./2026-27/ | दिनांक-28.04.2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न सिविल निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें क्रमांक 01 पर अंकित निविदा दिनांक 14.05.2026 एवं क्रमांक 02 पर अंकित निविदा दिनांक 15.05.2026 के अपराहन् 2.00 बजे तक कॉलम 8 पर कार्य योजना के सम्मुख अंकित प्रखण्ड/उपखण्ड कार्यालय में आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे अधिकृत कमेटी की उपस्थिति में सभी ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष प्रखण्ड/उपखण्ड कार्यालय में खोली जायेंगी। निर्माण कार्यों से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र, निविदा प्रकाशन की तिथि से क्रमांक 01 पर अंकित निविदा दिनांक 13.05.2026 एवं क्रमांक 02 पर अंकित निविदा दिनांक 14.05.2026 तक कॉलम 8 पर कार्य योजना के सम्मुख अंकित प्रखण्ड/उपखण्ड कार्यालयों में 5.00 बजे सायं तक विक्रय किये जायेगे।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत ( लाख में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य/ ( जी.एस.टी ) अतिरिक्त | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकरण श्रेणी | निविदा बिक्री का स्थान | निविदा की वैद्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | दैवीय आपदा के अन्तर्गत पय्या के रिठोला बनोला में क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कार्य ( वि.ख. गैरसैंण ) | 15.00 | निविदा मूल्य -1500.00 एवं +18%GST-270.00 | 45000.00 | 9 माह | "ई" एंव उच्चतर | प्रखण्ड चमोली | 90 दिन |
| 2 | रा.उ.प्रा.वि. नैलकुड़ाव विकास खण्ड दशोली के भवन मरम्मत कार्य ( वि.ख. दशोली ) | 9.49 | निविदा मूल्य-1000.00 एवं +18%GST -180.00 | 28470.00 | 9 माह | "ई" एंव उच्चतर | उपखण्ड गोपश्वर | 90 दिन |

**नोट**- निर्माण कार्यों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी/प्राक्कलन/रेखाचित्र एवं निविदा की शर्तें आदि किसी भी कार्य दिवस को इस कार्यालय एवं सम्बन्धित उपखण्ड कार्यालय से ली जा सकती हैं, तथा निविदा मूल्य ई-चालान का हैड-0515008000100, निविदा ई-चालान मूल्य जी0एस0टी0 नं0-05AAAGR2838C1ZL, मे लगाया जायेगा।

**( इं. अल्लादिया )**
**अधिशासी अभियन्ता**

# MI ने SRH को 244 रन का टारगेट दिया

### रायन रिकेल्टन ने नाबाद 123 रन बनाए, प्रफुल्ल हिंगे को 2 विकेटदिल्ल

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में बुधवार को हैदराबाद को जीत के लिए 244 रन का टारगेट दिया। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 243 रन बनाए।

ओपनर रायन रिकेल्टन ने 55 गेंद पर नाबाद 123 रन की शतकीय पारी खेली। इस पारी में 10 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। रिकेल्टन के अलावा, विल जैक्स ने 46 और कप्तान हार्दिक पंड्या ने 31 रन बनाए। सनराइजर्स की ओर से प्रफुल्ल हिंगे ने 2 विकेट झटके। ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन और नीतीश कुमार रेड्घ्डी को एक-एक विकेट मिला। कप्तान पैट कमिंस को कोई विकेट नहीं मिला। हैदराबाद ने अनिकेत वर्मा को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया है। वे साकिब हुसैन की जगह मैदान पर आए। आखिरी ओवर में तिलक वर्मा 7 रन बनाकर आउट हुए। प्रप्रफुल्ल हिंगे के इस ओवर में 14 रन आए। इन रनों के सहारे मुंबई ने 20 ओवर में 243 रन बनाए और हैदराबाद को 244 रन का टारगेट दिया। 19वें ओवर की पहली बाल पर कप्तान हार्दिक पंड्या 31 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें साकिब हुसैन ने हेनरिक क्लासन के हाथों कैच कराया। पैट कमिंस ने अपने कोटे के आखिरी ओवर में महज 6 रन दिए। 17वें ओवर में उनकी बाल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। सभी रन सिंगल के जरिए आए। 16वें ओवर में मुंबई ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हार्दिक पंडा ने प्रप्रफुल्ल हिंगे की 5वीं बाल पर चौका लगाकर टीम को 200 पार पहुंचाया। उन्होंने हिंगे के इस ओवर में 3 चौके और एक छक्के के सहारे 21 रन बनाए। रायन रिकेल्टन ने 15वें ओवर की आखिरी बाल पर सिंगल लेकर शतक पूरा किया। 14वें ओवर की चौथी बाल पर मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर को प्रफुल्ल हिंगे ने हर्ष दुबे के हाथों कैच कराया। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। हिंगे ने इस ओवर में महज 4 रन दिए। 13वें ओवर में ईशान मलिंगा ने महज 7 रन खर्च किए। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई है। सभी रन सिंगल के जरिए बने। एक रन वाइड से आया। 12वें ओवर में मुंबई ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। हर्ष दुबे के इस ओवर की शुरुआती दो बाल पर रायन रिकेल्टन ने लगातार दो छक्के लगाए। फिर आखिरी बाल पर नमन धीर ने चौका लगाया। ईशान मलिंगा ने 9वें ओवर में सूर्यकुमार यादव को कैच आउट कराया। 11वें ओवर में साकिब हुसैन ने 13 रन खर्च कर दिए। उनकी बाल पर रायन रिकेल्टन और नमन धीर ने एक-एक चौके लगाए। 9वें ओवर की तीसरी बाल पर मुंबई ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर सूर्यकुमार यादव 5 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ईशान मलिंगा ने अभिषेक शर्मा के हाथों कैच कराया। पिछले ओवर में विल जैक्स पवेलियन लौटे थे।



# वैभव को बैटिंग करते देखना विशुद्ध सिनेमा जैसा है: चेतेश्वर

**मुल्लांपुर, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स ने मुल्लांपुर में टाटा आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स की जीत का सिलसिला तोड़ते हुए छह विकेट से जीत दर्ज की। 'जियो स्टार' के एक्सपर्ट चेतेश्वर पुजारा और मिशेल मैकक्लेनेघन ने 'निडर युवा खिलाड़ी' वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के खेलने के तरीके के असर का विश्लोण किया। पुजारा ने वैभव सूर्यवंशी के निडर अंदाज की जमकर तारीफ करते हुए कहा, वैभव सूर्यवंशी को बैटिंग करते देखना बिल्कुल सिनेमा जैसा है। जिस तरह वह हर गेंदबाज का सामना निडर होकर करते हैं, वह कमाल का है। वह बस गेंद को देखते हैं और उसे हिट करने के लिए खुद पर भरोसा रखते हैं। सबसे खास बात यह है कि जब विरोधी टीम को पता होता है कि वह हमला करने वाले हैं, तब भी उन्हें रोकना मुश्किल होता है। उनकी यह निरंतरता, और पावरप्ले में उनका निडर इरादा ही उनकी टीम को निर्णायक बढ़त दिलाता है और ऐसे मैचों का नतीजा तय करता है। मिशेल मैकक्लेनेघन ने रन चेज के दौरान यशस्वी जायसवाल की भूमिका पर रोशनी डाली और कहा, यशस्वी अपनी कम उम्र के हिसाब से बहुत ज्यादा समझदारी दिखा रहे हैं।

# प्लेऑफ में जगह पक्की करने पर होगी आरसीबी की नजर

**अहमदाबाद, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल 2026 प्लेऑफ की दौड़ में अपनी पकड़ और मजबूत करने की कोशिश करेगी, जब गुरुवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सीजन के 42वें मैच में उसका सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। आरसीबी इस मुकाबले में जबरदस्त फॉर्म में उतर रही है,

उसने अपने आठ में से छह मैच जीते हैं और 1-919 के शानदार नेट रन रेट के साथ पॉइंट्स टेबल पर दूसरे स्थान पर है। वहीं, गुजरात टाइटन्स का प्रदर्शन इस सीजन में उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जिसमें उसे चार जीत और चार हार मिली हैं, जिससे वह पॉइंट्स टेबल में बीच में फंसी हुई है और उसका नेट रन रेट भी नेगेटिव है।



बेंगलुरु की टीम ने इसी सीजन में पहले गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हराया था और इस बार भी वह अपनी बल्लेबाजी की ताकत और अनुशासित गेंदबा. जी के संतुलित तालमेल पर ही भरोसा करेगी। विराट कोहली 58-50 की औसत से 351 रन बनाकर आरसीबी की बल्लेबाजी की रीढ़ बने हुए हैं, जबकि देवदत्त पडिक्कल और रजत पाटीदार ने मध्यक्रम में आक्रामक अंदाज में उनका साथ दिया है। उनकी गें. दबाजी भी इस टूर्नामेंट में सबसे असरदार रही है, भुवनेश्वर कुमार अब तक 14 विकेट ले चुके हैं और जोश हेजलवुड लगातार मैच जिताने वाली गेंदबाजी कर रहे हैं। आरसीबी दिल्ली कैपिटल्स पर एकतरफा जीत हासिल करके इस मैच में उतर रही है, जिसमें उसने अपने विरोधी को सिर्फ 75 रन पर ऑल आउट कर दिया था और फिर 6-3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया था।

# सबालेंका को हरा हैली ने किया मैड्रिड ओपन में यादगार उलटफेर

**मैड्रिड, वार्ता।** दुनिया की नंबर 30 टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हरा हैली बैटिस्ट ने किया मैड्रिड ओपन मेने महिला एकल टेनिस क्वार्टर-फाइनल मुकाबले में टॉप सीड आर्यना सबालेंका को हराकर मैड्रिड ओपन 2026 का बड़ा उलटफेर किया।

मंगलवार को अमेरिका की उभरती हुई स्टार हैली बैटिस्ट ने दो घंटे 30 मिनट तक चले मुक. ाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बेलारुस की आर्यना सबालेंका को तीन सेट, 2-6, 6-2, 7-6 (6) में हराकर अपने करियर की यागदार जीत दर्ज करते हुए मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में पहली बार जगह बना ली। सबालेंका से पहला सेट बिना ज्यादा मुकाबले के हारने के बाद - इस दौरान दो ब्रेक पॉइंट गंवाने के बाद - मैच चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन के पक्ष में सीधे नतीजे के लिए तैयार लग रहा था। लेकिन बैप्टिस्ट अभी इस गोलियाथ के सामने हारने के लिए तैयार नहीं थीं। उन्होंने जबरदस्त वापसी की, वर्ल्ड नंबर 1 से तीन ब्रेक पॉइंट लेकर दूसरे सेट में भी उतना ही दबदबा बनाया और मैच को बराबर कर दिया, जिससे तीसरे और निर्णायक सेट में मैच बराबर हो गया।



### न्यूजीलैंड ने टी-20 महिला विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**वेलिगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने पिछले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत वाली टीम में शामिल कुल 10 खिलाड़ियों को इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आगामी टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। न्यूजीलैंड ने बुधवार को स्टार ऑलराउंडर मेली केर को टीम का कप्तान बनाया। इसी के साथ मैजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम का घोषणा करने वाली दूसरी टीम बन गई।

### भारतीय भारोत्तोलकों ने एक स्वर्ण व तीन रजत जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलकों ने अपिया, समोआ में चल रही 2026 कॉमनवेल्थ यूथ और जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के साथ-साथ यूनिवर्सल कप में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, और प्रतियोगिता के तीसरे दिन एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या में और इजाफा किया। कॉमनवेल्थ यूथ और जूनियर चैंपियनशिप में बेलाना हरिका ने 69 किंग्रा वर्ग में कुल 197 किंग्रा (स्नैच में 86 और क्लीन एंड जर्क में 111 किंग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण जीता जबकि करांगी तरंगिनि ने 63 किंग्रा में कुल 179 किंग्रा (स्नैच में 79 और क्लीन एंड जर्क में 100 किंग्रा) वजन उठाकर रजत और भूमिका मोहिते ने 63 किंग्रा में कुल 195 किंग्रा (स्नैच में 86 और क्लीन एंड जर्क में 109 किंग्रा) वजन उठाकर रजत जीता।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा नाम संन्यास दीक्षा ग्रहण करने के पश्चात **कुमारी मनीषा** सुपुत्री श्री **रमेश चन्द्र सिंह** से बदलकर **साध्वी देवप्रीति** पुत्री **स्वामी रामदेव** हो गया है, पता- साध्वी देवप्रीति D/O स्वामी रामदेव पता वैदिक कन्या गुरुकुलम्, पतंजलि योगपीठ फेस-2, बहादराबाद, हरिद्वार, उत्तराखण्ड 249402.

**।। कार्यालय नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल ।।**

ई0मेल-eombnnr237@gmail.com

पत्रांक संख्या: 113/ सूचना/न0पा0प0/2026-27/ नरेन्द्र नगर — दिनांक 29 अप्रैल, 2026

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिशद्, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस निकाय द्वारा गठित टीम द्वारा किये गये सर्वेक्षण के आधार पर निकाय क्षेत्रान्तर्गत समस्त 07 वार्डो को खुले में शौच मुक्त प्लस प्लस (ODF++/Water+) घोषित किया जाता है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल के कार्यालय में 07 दिवस के अन्तर्गत आपत्ति दर्ज करा सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टि0ग0।

**।। कार्यालय नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल ।।**

ई0मेल-eombnnr237@gmail.com

पत्रांक संख्या: 114/ सूचना/न0पा0प0/2026-27/ नरेन्द्र नगर — दिनांक 29 अप्रैल, 2026

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस निकाय द्वारा गठित टीम द्वारा किये गये सर्वेक्षण के आधार पर निकाय क्षेत्रान्तर्गत समस्त 07 वार्डो को जी0एफ0सी0 (Garbage Free City) जी0एफ0सी0 स्टार रेटिंग 03 स्टार एवम् 05 स्टार घोशित किया जाता है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल के कार्यालय में 07 दिवस के अन्तर्गत आपत्ति दर्ज करा सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टि0ग0।

**।। कार्यालय नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल।।**

ई0मेल-eombnnr237@gmail.com

पत्रांक संख्या-115/सूचना/न0पा0प0/2026-27/नरेन्द्रनगर — दिनांक 29 अप्रैल, 2026

**ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन रूल्स-2016 के अनुपालन एंवम् नगर को स्वच्छ बनायें रखे जाने हेतु शहरवासियों से अपील**




सुन्दर नरेन्द्र नगर — स्वच्छ नरेन्द्र नगर

**नगर पालिका द्वारा कराये जा रहे डोर-टू-डोर कूडा कलेक्शन कार्य**

- नगर पालिका द्वारा डोर-टू-डोर कूडा कलेक्शन कार्य हेतु 01 एजेंसी मैसर्स जीरो वेस्ट इन कॉरपोरेशन चयनित की गयी है, जिसके द्वारा शहर में कूडा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है।
- शहरवासियों एंवम् समस्त व्यवसायियों से अपील है, कि घरों एंवम् प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कूडे को सेग्रीगेशन (सूखा व गीला कूडा अलग-अलग) करते हुए उक्त एजेंसी को देना सुनिश्चित करें।
- किसी भी गृहस्वामी/प्रतिष्ठान द्वारा कूडे को एजेंसी को न देकर खाली स्थानों, सडक, प्लाटों एंवम् नालियों में फेंका जाता है, तो ऐसे व्यक्तियों/प्रतिष्ठानों के विरूद्ध सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 में वर्णित सुसंगत धाराओं के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

**प्रतिबन्धित पॉलिथीन**

- भारत सरकार का राजपत्र संख्या-459 नई दिल्ली 12 अगस्त, 2021 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन (संशोधन) नियम 2021 के द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल के सीमान्तर्गत 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाली प्लास्टिक या पीवीसी बैनर एंवम् थर्माकोल सामग्री के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री तथा उपयोग पर प्रतिबन्ध लागू है।
- ठसके उपयोग, भण्डारण व आयात-निर्यात करने वालों के विरूद्ध शमन शुल्क का भी प्राविधान किया जता है, जो रू0-1,000/- से रू0-25,000/- तक किया जा सकता है।
- नगर के सभी सम्मानित नागरिकों, प्रतिष्ठानों से अपील की जाती है, कि प्रतिबन्धित प्लास्टिक कैरी बैगों के उपयोग, विनिर्माण, विक्रय, वितरण, भण्डारण, परिवहन, आयात या निर्यात न किया जाए।
- नगर क्षेत्र के अन्तर्गत कोई व्यक्ति/प्रतिष्ठान ऐसा करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध उपरोक्त नियमों के अन्तर्गत निर्धारित शमन शुल्क वसूली के साथ-साथ सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

**बल्क वेस्ट जनरेटर इकाईयों/प्रतिष्ठानों द्वारा कम्पोस्टिंग कराये जाने हेतु।**

- ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबन्धन नियम-2016 दिनांक 08 अप्रैल, 2016 से अधिसूचना जारी है, जिसके अन्तर्गत एक दिन में 100 कि0ग्रा0 व अधिक ठोस उत्पन्न करने वाली संस्थाये व इकाईयां जैसे-होटल/रेस्टोरेंट/विवाह घंर/हॉस्पिटल/कॉलेज/विश्वविद्यालय/रेजिडेंस/कैन्टीन/ वेल्फेयर ऐसोसिएसन/सब्जी मन्डी इत्यादि को ठोस अपशिष्ट निस्तारण/प्रोसेस हेतु आवश्यक क्षमता की कम्पोस्ट/आर्गेनिक कम्पोस्टिंग मशीन व कम्पोस्ट पिट का निर्माण किया जाना आवश्यक है।
- समस्त प्रतिष्ठानों के प्रबन्धकों से अपेक्षा की जाती है, कि अपने प्रतिष्ठानों में सॉलिड वेस्ट मेनेजमेन्ट रूल्स-2016 के अन्तर्गत आवश्यक क्षमता की कम्पोस्ट/ऑर्गेनिक कम्पोस्टिंग मशीन लगाया जाना सुनिश्चित करें। नगर पालिका द्वारा निरीक्षण के दौरान यदि उक्त सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल्स-2016 का अनुपालन नही पाया जाता है, तो नगर पालिका द्वारा प्रख्यापित उपनियमों के अन्तर्गत कार्यवाही अम्ल में लायी जायेगी।

**कूडे को खुले में डम्पिंग न किये जाने/कूडे को न जलाये जाने, बल्कि वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण हेतु।**

- नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगरनगर क्षेत्र में जनित कूडे के निस्तारण हेतु आर0सी0 काम्पैक्टर रखा गया है, जहॉ पर कूडे को एकत्र कर उसके वैज्ञानिक तरीके निस्तारण हेतु नगर पालिका द्वारा पालिका के कूडा निस्तारण स्थल पर भेजा जाता है।
- मा0 न्यायालय में योजित रिट पीटिशन (सिविल) संख्या-1309/1985 एम0सी0 मेहता बनाम भारत संघ व अन्य एंवम् प्रमुख सचिव नगर विकास के आदेश के क्रम में नगर के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की जाती है, कि किसी भी व्यक्ति के द्वारा कूडे में आग लगाकर उसे जलाया न जाए।
- किसी के द्वारा ऐसा करना पाया जाता है, तो ऐसी स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध रू0-5,000/- का अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

**सी0 एण्ड डी0 वेस्ट मैनेजमेंट के अन्तर्गत मलवों का निस्तारण कार्य।**

- नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर क्षेत्र के समस्त भवन एंवम् भू-स्वामियों से अपील की जाती है, किवे अपने भवनों की मरम्मत अथवा नये भवना के निर्माण के दौरान निकलने वाले मलवा (C&D Waste) को सार्वजनिक स्थलों पर न फेंके।
- निर्माण एंवम् विध्वंसक सामग्री के निस्तारण हेतु नगर पालिका के मो0 नम्बर-7017325368 पर सम्पर्क करें। उक्त कार्य हेतु पालिका द्वारा यूजर चार्ज लिया जायेगा।
- नगर क्षेत्र के किसी भी भू-स्वामी/ठेकेदार/ दुकानदार द्वारा सार्वजनिक स्थल एंवम् सडक पर निर्माण एंवम् विध्वंस सामग्री एकत्र किया जाता है, तो यह कृत्य (C&D Waste Management Rules-2016 Environmental Protection Act & National Green Tribunal ) नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देश/आदेश का उल्लघंन है, जिस हेतु नगर पालिका अधिनियम-1916 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विविध कार्यवाही की जायेगी, जिसका समस्त उत्तर दायित्व निर्माण एंवम् विध्वंसक सामग्री उत्सर्जक का होगा।

**खुले में शौच/यूरिनल न किये जाने हेतु।**

- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर पालिका क्षेत्र को ओ0डी0एफ0 प्लस प्लस घोषित किया जा चुका है।
- नगर पालिका क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि वे शौच/यूरिनल के लिये घरों में स्थित शौचालयों/यूरिनल अथवा नगर पालिका द्वारा निर्मित सार्वजनिक शौचालय/यूरिनल का उपयोग करें। खुल में शौच/यूरिनल न करें।
- नगर पालिका के अन्तर्गत किसी व्यक्ति द्वारा खुले में शौच/यूरिनल किया जाता है, तो ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत रू0-500/- जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

**फीकल स्लज के निस्तारण हेतु**

- समस्त नगरवासियों से अपील की जाती है, कि फीकल स्लज (सेप्टिक टैंक से निकलने वाला मल) को खुले में या किसी भी स्थान पर डालना पूर्णतया प्रतिबन्धित है।
- फीकल स्लज के निस्तारण हेतु पालिका में निर्धारित शुल्क जमा कर सुविधा का लाभ लिया जा सकता है, तथा नगर क्षेत्र में निजी फर्मो को भी सम्बन्धित कार्य हेतु पंजीकृत किया गया है।
- यदि निजी फर्मो/व्यक्ति के द्वारा नदी, तालाब, नाले या सार्वजनिक खुले स्थानों पर सीवर सेक्शन मशीन/अन्य संसाधनों से खुले में मल आदि बहाया जाता है, तो उसके विरूद्ध ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम-2016 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुये रू0-5,000/- का जुर्माना जायेगा।
- समस्त सीवर सेक्शन मशीन चालक सेप्टिक टैंक की सफाई से निकले मल/कीचड को पालिका द्वारा निर्धारित स्थान (Faecal Sludge Treatment Plant) में डी डालना सुनिश्चित करें।
- निजी फर्म के द्वारा उक्त कार्य को करते हुए अतिथि तक किसी भी पर्यावरण मित्र की मृत्यु नही हुयी है।
- अधिक जानकारी हेतु नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल के मो0 नम्बर-7017325368 पर सम्पर्क कर सकते है।

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
नरेन्द्र नगर, टि0ग0।

## मैथोडिस्ट पीजी कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया छात्राओं का विदाई समारोह

# गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों को बतरा ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मैथोडिस्ट गर्ल्स पी.जी. कालेज रूड़की के प्रांगण में छात्राओं के लिए विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भागीदारी निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदीप बत्रा (कैबिनेट मंत्री) एवं श्रीमती मनीषा बत्रा के अतिरिक्त रेवरेंड राकेश चार्ली, श्रीमती अनीता सिंह, संजय मुकुन्द एवं श्रीमती सीमा कुमार उपस्थित रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा पुष्प अर्पित कर व एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम से पूर्व महाविद्यालय की प्रबंधिका मिस जे.सिह जी व सहायक प्रबंधिका श्रीमती दीपिका चार्ली जी एवं प्राचार्या डॉ. अमिता श्रीवास्तव जी व महाविद्यालय की प्रवक्तागण द्वारा उपस्थित अतिथियों का पुष्पों व स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ रेवरेड राकेश चार्ली जी द्वारा प्रभु वन्दना के साथ एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके व छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व नृत्य के साथ किया गया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा देश की विभिन्न संस्कृतियों से ओतप्रोत सामुहिक



नृत्य, स्टैंड अप कॉमेडी व पुराने गीतों पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रदीप बत्रा ने महाविद्यालय की छात्राएं जिन्होंने हेमवती नंदन बहुगुणा विश्वविद्यालयसे की गोल्ड मेडलिस्ट छात्राओं निकिता सैनी,शैन्की सैनी, प्राची पवार एवं अभिलाषा को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त 26 जनवरी को कर्तव्य पथ . प्रधान मंत्री रैली 2026 में चयनित महाविद्यालय की छात्रा अंबिका थपरियाल ने सम्मिलित होकर उत्तराखंड के गौरव एवं सम्मान को बढ़ाने पर मुख्य अतिथि श्री प्रदीप बत्रा जी पुरस्कार से सम्मानित किया और छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा रैंप वॉक किया गया जिसमें मिस मैथोडिस्ट-श्रेया भटनागर, मिस आलराउंडर-खुशबू, मिस बिहेवियर-श्रेया, मिस इंटेलीजेंट-खुशी, का खिताब, सात्वना पुरस्कार-लायबा नूर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. अमिता श्रीवास्तव जी ने छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान की और ताज पहनाया मिस फेयरवेल को ताज व पुरस्कार श्रीमती दीपिका चार्ली जी ने प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ अमिता श्रीवास्तव ने सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ताएं उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अन्त में विदाई प्राप्त करने वाली छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया और उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई।

# जेके टायर कंपनी में दूषित पानी पीने से सैकड़ों कर्मचारी बीमार, कई हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जेके टायर कंपनी में प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। कंपनी के वाटर टैंक से दूषित पानी की आपूर्ति होने के कारण सैकड़ों कर्मचारी गंभीर रूप से बीमार हो गए हैं। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि कर्मचारियों को आनन-फानन में निजी अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा। पानी का सेवन करने के बाद कर्मचारियों को उल्टी, दस्त और पेट में तेज दर्द जैसी शिकायतें होने लगीं। देखते ही देखते बीमारों की संख्या सैकड़ों में पहुंच गई। पीड़ित कर्मचारी शुभम, चितरंजन सिंह, कुणाल कुमार, अरुण सिंह और सहेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी के वाटर टैंक का पानी दूषित था उन्होंने आरोप लगाया किइतनी बड़ी कंपनी होने के बावजूद पानी की शुद्धता की जांच नहीं की गई हजारों कर्मचारियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया। कर्मचारियों के साथ-साथ कंपनी के कई सीनियर अधिकारी भी इस दूषित पानी की चपेट में आकर बीमार पड़े हैं। अस्पतालों की स्थितिस्थानीय प्राइवेट नर्सिंग होम बीमार कर्मचारियों से भरे पड़े हैं। डॉक्टरों के अनुसार, कुछ कर्मचारियों की हालत अधिक गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है फिलहाल कई कर्मचारियों का इलाज निजी अस्पतालों में चल रहा हैइस घटना के बाद से कंपनी के अन्य कर्मचारियों और उनके परिजनों में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय प्रशासन से इस मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# पुलिस की रेस्टोरेंट संचालकों खिलाफ कार्रवाई से अफरा-तफरी

**❖रात्रि 10.00 बजे बाद रेस्टोरेट बार आदि में डी०जे०/लाउडस्पीकर बजाने वालो के एम्पलीफायर, लैपटाप, टैब आदि को लिया कब्जे में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस की रेस्टोरेण्ट संचालको खिलाफ कार्रवाई से अफरा तफरी मच गई है पुलिस ने. रात्रि 10.00 बजे बाद रेस्टोरेट बार आदि मे डी0जे0/लाउडस्पीकर बजाने वालो के एम्पलीफायर, लैपटाप, टैब आदि को लिया कब्जे मे लेकर सभी को शख्त हिदायत दी है कि अगर ऐसा हुआ तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के द्वारा अवैध रूप से रेस्टोरेण्ट मे शराब परोसने व वार के नियमो का पालन न करने वाले व रात्रि 10.00 बजे के बाद डी0जे0 बजाने वालो के विरूध्द कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम मे कोतवाली रूडकी के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप विष्ट के द्वारा टीम गठित कर स्वंय थाना क्षेत्र मे रात्रि के समय डी0जे0 बजाने वाले, व देर रात तक रेस्टोरेन्ट को खोलने वालो के विरूध्द चौकिंग की गयी चौकिंग के दौरान रोमियो लेन बार रेस्टोरेन्ट बेलड़ा, एरोमेटिक रेस्टोरेंट माजरा, सेन्टरोज रेस्टोरेंट एसडीएम चौक के पास, कैफिन काफी डे नियर शराब गोदाम आईआईआईटी रोड़ रुड़की आदि स्थानो पर चौकिंग की गयी तो उपरोक्त रेस्टोरेन्ट के संचालक के द्वारा नियमो के विरूध्द देर रात तक रेस्टोरेन्ट खोलना व डी0जे0/ लाउड स्पीकर को बजाया जा रहा था एम्पलीफायर, लैपटाप, टैब आदि को लिया कब्जे मे लिया गया संचालको के विरूध्द पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही की गयी है। रेस्टोरेन्ट संचालको के विरूध्द की गयी कार्यवाही-रोमियो लेन बार रेस्टोरेन्ट बेलड़ा, एरोमेटिक रेस्टोरेंट माजरा, सेन्टरोज रेस्टोरेंट एसडीएम चौक के पास, कैफिन काफी डे नियर शराब गोदाम आईआईआईटी रोड़ रुड़की आदि।

# बीएसएम कॉलेज में उत्तराखंड मुक्त विवि का दीक्षारम्भ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा सत्र जनवरी 2026 के अंतर्गत बीएसएम पीजी कॉलेज में दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्र- छात्राओं को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, पाठ्यक्रमों तथा उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत में बीएड कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ममता जोशी ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा को घर-घर तक पहुँचाकर इसे अधिक सुलभ बना दिया है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों के अनेक छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बृजेश बनकोटी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की संरचना और कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अपने अध्ययन केंद्रों के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा पहुँचा रहा है। रूड़की क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत 23 अध्ययन केंद्र संचालित हैं, जहाँ बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। डॉ. बनकोटी ने छात्रों से अपने जीवन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर समर्पण के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी



बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन पाठ्यक्रम, ऑडियो- वीडियो लेक्चर तथा डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है, जिनका विद्यार्थियों को अधिकाधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय की विशेषता यह है कि किसी भी आयु वर्ग का व्यक्ति, कहीं से भी अपनी सुविधा अनुसार शिक्षा प्राप्त कर सकता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रवेश, पाठ्यक्रम, परीक्षा तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध है। विश्वविद्यालय में प्रवेश वर्ष में दो बारख्रजनवरी एवं जुलाई सत्र में किये जाते है। कार्यक्रम का संचालन भारत चंद द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ संजय चौबे, श्रीमती निमिषा सैनी, मंसूर अहमद, अमित कुमार, डॉ संगीता सैनी, डॉ. सुमति श्रीवास्तव तथा श्रीमती सोनिया सैनी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय से जुड़कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने का संकल्प लिया।

# हाईकोर्ट के आदेश पर मंगलौर जीटी रोड से सटे तालाब की हुई पैमाइश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मोहित धीमान निवासी ग्राम थितकी द्वारा दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट के आदेश के बाद बुधवार को मंगलौर में जीटी रोड से सटे तालाब की पैमाइश की गई। नपाई के दौरान सुबह से शाम तक तहसील, चकबंदी विभाग और भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में चकबंदी कर्मचारियों ने तालाब की सीमा का मापन किया। हैरानी की बात यह रही कि जिस मोहित धीमान की याचिका पर यह पूरी कार्रवाई हुई, वह खुद मौके पर नहीं पहुंचे। इसे लेकर दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि यह याचिका जनहित में नहीं बल्कि किसी रजनीश नाम के व्यक्ति के इशारे पर डाली गई है। वहीं याचिकाकर्ता पक्ष से जुड़े लोगों का कहना है कि उन्होंने तालाब की भूमि को बचाने के लिए जनहित में याचिका डाली है और उनकी किसी से व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। चकबंदी सीओ अनिल सुनील ने बताया कि फिलहाल तालाब की नपाई का काम जारी है। उन्होंने कहा, नपाई पूरी होने के बाद ही रिपोर्ट तैयार कर आगे का निर्णय लिया जाएगा। अतिक्रमण मिला तो नियमानुसार कार्रवाई होगी। पैमाइश पूरी होने के बाद राजस्व रिकॉर्ड से मिलान किया जाएगा। यदि तालाब की जमीन पर अतिक्रमण पाया गया तो उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात रखा।

# बड़ा हादसा टला : तेज रफ्तार अनियंत्रित कार गंगनहर पटरी की सुरक्षा दीवार से टकराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** रुड़की-हरिद्वार मार्ग पर स्थित कांवड़ पटरी पर बुधवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गंगनहर की सुरक्षा दीवार से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंक्रीट की मजबूत दीवार ढह गई और कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। गनीमत रही कि कार नहर के मुहाने पर ही रुक गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार मंगलौर क्षेत्र के ग्राम थिथकी निवासी सूरज अपनी बलेनो कार से रुड़की से हरिद्वार की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह कलियर क्षेत्र में कांवड़ पटरी पर पहुंचे, अचानक कार से उनका नियंत्रण हट गया। कार सड़क किनारे बनी सुरक्षा दीवार को तोड़ते हुए ऊपर चढ़ गई। हादसे में चालक सूरज गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही कलियर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मी जमशेद अली और ललित ने तत्परता दिखाते हुए घायल को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला और तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के चलते कांवड़ पटरी पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को हटवाकर थाने भिजवाया और मलबा साफ कराकर यातायात सुचारू कराया।

# लंढौरा में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी, 4 के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** लंढौरा में बुधवार को भी जेएम दीपक रामचंद्र सेट के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान विधुत पोलों पर लगे होर्डिंग तथा दुकानों के बाहर नाले पर डाले गए स्लैब को भी तोड़ा गया।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेट के नेतृत्व में लगातार दूसरे दिन भी लंढौरा में रुड़की लक्सर मार्ग, जौरासी मार्ग पर अतिक्रमण हटाया गया। जेसीबी मशीन से दुकानों के बाहर डाले गए स्लैबों को तोड़ने के अलावा विधुत पोलों पर लगे होर्डिंगों को भी उखाड़ा गया। कार्रवाई के दौरान लंढौरा बिजली घर के बाहर सड़क किनारे पड़े लोहे के पोल तथा ट्रांसफार्मरों पर जेएम ने विधुत विभाग के कर्मचारियों को हिदायत देते हुए पोलो को रोड के किनारे से उठाने के निर्देश दिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ का कहना है कि यात्रा सीजन के दौरान पैदा होने वाली जाम की स्थिति को देखते हुए रुड़की, लंढौरा व मंगलौर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इन सभी स्थानों पर एक सप्ताह लगातार अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के बाद दोबारा अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाने की बात कही कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मचा रहा। जौरासी मार्ग पर कुछ दुकानदार पहले सामान अंदर कर दुकानें बंद कर फरार हो गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान अतिक्रमण करने वाले 4 दुकानदारों के 31 हजार रुपये के चालान भी काटे गए अतिक्रमण हटाने वाली टीम में लेखपाल पंकज राजपूत, एसआई बलवंत सिंह पंवार, ईओ हेमंत गुप्ता, सफाई निरीक्षक आदेश कुमार, गुलशेर, राहुल पाल, मुंतजिर के अलावा नपा सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# हज पर जाने वाले यात्रियों के किराए में दस हजार की बढ़ोतरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हज-2026 पर जाने वाले यात्रियों के लिए हवाई किराए में बढ़ोतरी कर दी गई है। हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई ने इस संबंध में सर्कुलर जारी कर चयनित आवेदकों को अतिरिक्त राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं।

उत्तराखंड हज अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ खान ने बताया कि विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में वृद्धि के कारण हज

**❖हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई ने सर्कुलर जारी कर चयनित आवेदकों को अतिरिक्त राशि जमा करने के दिए निर्देश**

केमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई ने यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत सभी चयनित हज यात्रियों को अब 10,000 रुपये प्रति व्यक्ति अतिरिक्त जमा करने होंगे।उन्होंने बताया कि यह राशि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया या यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से हज कमेटी ऑफ इंडिया के खाते में जमा की जा सकती है। भुगतान के दौरान बैंक रेफरेंस नंबर अंकित करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, यात्री हज कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट या 'हज सुविधा' ऐप के जरिए ऑनलाइन ई-भुगतान भी कर सकते हैं।अधिकारियों के अनुसार, यह अतिरिक्त राशि 15 मई 2026 तक या उससे पहले जमा करना अनिवार्य है और निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान न करने पर हज यात्रा प्रभावित हो सकती है।

# घर से बाहर एसी का पाइप गुजरने को लेकर बुजुर्ग व बेटों पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के ग्राम बेडपुर में घर के बाहर से गुजरने वाले एसी के पानी के पाइप को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने 80 वर्षीय बुजुर्ग और उनके बेटों पर लाठी-डंडों और लोहे के सरियों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित मोहम्मद रिहान ने 26 अप्रैल को अपने घर में एसी लगवाया था। पाइप से निकलने वाले पानी की निकासी को लेकर पड़ोस के कुछ दबंगों ने आपत्ति जताई और गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि जब पीड़ित अपने पिता सनाउल्लाह और भाई के साथ दुकान पर मौजूद थे, तभी आरोपियों ने धावा बोल दिया। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि मोहसिन, मोबिन, जुनेद और जावेद नाम के युवक हाथों में हथियार लेकर आए और 80 साल के निहत्थे बुजुर्ग सनाउल्लाह पर टूट पड़े। इस हमले में बुजुर्ग के हाथ, पैर और पसलियों में फ्रैक्चर हो गया है। बीच-बचाव करने आए दिव्यांग भाई को भी जान से मारने की धमकी दी गई। कलियर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# गोकशी करते तीन गिरफ्तार, एक फरार

## दो गोवंशीय पशु व एक कुंतल गोमांस किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** गौवंश संरक्षण स्क्वायड व लक्सर पुलिस ने संयुक्त छापामार कार्रवाई करते हुए तीन को गौ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया व दो आरोपी फरार होने में कामयाब रहे मौके से 2 जीवित गोवंश पशु व एक कुंतल गौ मांस बरामद किया है आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज न्यायालय में पेश किया जाने जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार जनपद में आपराधिक गतिविधियों, विशेषकर गौ-तस्करी व असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लक्सर द्वारा थाना क्षेत्र में पुलिस टीमों को सक्रिय कर पतारसी-सुरागरसी में लगाया गया था। सूचना के आधार पर ग्राम गढ़ी संगीपुर में गौवंश संरक्षण स्क्वॉड हरिद्वार एवं लक्सर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी गई। दबिश के दौरान 03 आरोपियों को मौके से दबोचा गया, जबकि 01 आरोपी फरार हो गया। मौके से 105.5 किलो गौमांस व गौकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए। साथ ही 02 जीवित गौवंशीय पशु, जिन्हें क्रूरता पूर्वक बांधकर रखा गया था, को सकुशल मुक्त कराया गया। पकड़े गए आरोपियों के विरुध्द मु0अ0सं0 386/2026 उत्तराखण्ड गौवंश संरक्षण अधिनियम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं, फरार आरोपी की तलाश जारी है।नाम पता आरोपित-सुलेमान पुत्र हय्यात, निवासी ग्राम गढ़ी संगीपुर, लक्सर हरिद्वार, युसूफ पुत्र अल्लादिया, निवासी ग्राम गढ़ी संगीपुर, लक्सर हरिद्वार, सहजाद पुत्र मुनफैत, निवासी ग्राम गढ़ी संगीपुर, लक्सर हैं।

# गांव के लोगों पर गैस सिलेंडर चोरी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा मंगलवार को थाने में तहरीर देकर गांव के ही दो लोगों पर घर से गैस सिलेंडर चोरी करने का आरोप लगाया था। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि ग्राम लाठरदेवा हन निवासी जोगेंद्र सिंह द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को उसके घर में रखा गैस सिलेंडर चोरी हो गया है। उक्त द्वारा गांव के ही दो लोगों पर गैस सिलेंडर चोरी करने का शक जाहिर किया था। पुलिस द्वारा शक जाहिर करने वाले गांव के ही निवासी अंकुर वओम कुमार के घर पर दबीस देकर दोनों को पूछताछ के लिए पकड़ा। पूछताछ पर ओम कुमार के घर से चोरी हुआ गैस सिलेंडर बरामद कर लिया गया।

## मोन धारण कर अम्बेडकर प्रतिमा के पास दिया कांग्रेसियों ने धरना

# भ्रष्टाचार में लिप्त विभाग व जिम्मेदार का नाम उजागर करें नगर निगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की महानगर जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा रिफ्लेक्टर घपले को लेकर धरने पर बैठ गए। मौन धारण कर कांग्रेसियों ने गांधीगिरी तरीके से भ्रष्टाचार का विरोध जताया। भ्रष्टाचार में लिप्त विभाग का नाम उजागर किए जाने और उस पर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग उठाई।

बीएचएल तिराहा पहुंचकर कांग्रेसियों ने यहां लगे रिफ्लेक्टर का मीडिया को सबूत भी दिखाते हुए कहा कि यह रिफ्लेक्टर जो परसों तक सिर्फ 5 थे और आज पुन: नये रिफ्लेक्टर लगाने से यह बात साफ हो गई है कि भ्रष्टाचार हुआ है लेकिन रुड़की प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई तक नहीं हुई है और सारा तंत्र बचाने में शामिल हो गया है।

महानगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एडवोकेट ने कहा कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार तमाम सीमा पार कर गया है। ढाई सौ रुपए का रिफ्लेक्टर 25000 रुपए की खरीद का दिखाया जा रहा है। यह सार्वजनिक भ्रष्टाचार है, जो सबके सामने है। इससे भी बड़ी हैरानी अफसरों



और सरकार की चुप्पी है। सरकार और सिस्टम का मौन इस लूट को समर्थन की गवाही देता है। कांग्रेस इस लूट का हर स्तर पर विरोध करेग। इस अवसर पर डॉ हरविंदर सिंह,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओवेश अंसारी, भूषण त्यागी, अजयछ चौधरी, गुड्डू पार्षद, नीरज अग्रवाल, नावेद मलिक आदि मौजूद रहे।

# एपीएस-1 में पुस्तक मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर एक रुड़की में एडब्ल्यूईएस स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 29 अप्रैल को मनाया जाता है।

एडब्ल्यूईएस सोसाइटी एक प्रमुख एजुकेशन सोसाइटी है। जिसका उद्देश्य सर्व सुलभ गुणवत्तापरक शिक्षा देना है। यह संस्था विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर का मुख्य आकर्षण विद्यालय परिसर में लगने वाला दो दिवसीय पुस्तक मेला है, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि महोदया डॉ रूचि आत्रेया निदेशक, परिवार कल्याण संस्था द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन के प्रति रुचि जागृत करना है। प्रधानाचार्या सुश्री ऋतु डोगरा के कुशल दिशा निर्देशन में इस संदर्भ में बहुत सी रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गत दिवसों में इसी श्रृंखला में विभिन्न कक्षाओं के विभिन्न विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने जूट तथा विभिन्न वस्तुओं का प्रयोग करके विभिन्न आकर्षक वस्तुएं बनाई। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने हिंदी तथा अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता, नारा लेखन तथा पोस्टर मेकिंग आदि अंतरसदनीय तथा अंतर विद्यालयी प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस प्रकार सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न पाठेतर गतिविधियों में भाग लेकर अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर प्रधानाध्यापिका सुश्री ऋतु डोगरा ने



छात्रों का उत्साहवर्धन किया तथा सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ग्रुप एजुकेशन अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मधुर चंद्र गुलेरिया तथा प्रधानाचार्य आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर- दो श्री संदीप पंत सहित कई गण मान्य अधिकारी तथा अभिभावक गण उपस्थित थे।

**भगवानपुर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

**आशू मलिक** (संवाददाता भगवानपुर)
**कार्यालय :** जिला पंचायत मार्किट भगवानपुर,
मोबाइल नं0 9761496669

**शाह टाइम्स**

**सम्पादकीय**

**गुरुवार, 30 अप्रैल 2026**

**Dainikshahtimes@gmail.com** For Articles

# अब 4 मई पर नजर

पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान संपन्न हो गया। बुधवार को 142 सीटों पर मतदान हुआ। छह बजे तक आंकड़ों के अनुसार 91 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था और यह उम्मीद जताई जा रही है कि यह और अधिक बढ़ सकता है। पहले चरण का मतदान जो 152 सीटों पर 23 अप्रैल को हुआ था, उसमें भी रिकॉर्ड 93 फीसदी मतदान हुआ था। मत प्रतिशत बढ़ने को लेकर राजनीतिक पंडित भी एक राय नहीं बना पा रहे हैं। कुछ का मानना है कि यह रूझान टीएमसी के पक्ष में जा सकता है, तो ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो कहते हैं कि यह भाजपा के पक्ष में जाएगा। जैसाकि होता है चुनाव संपन्न होने के बाद एग्जिट पोल का दौर शुरू हो जाता है। बताते चलें कि पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों केरलम, तमिलनाडु, पुड्डुचेरी, असम में चुनाव हुए हैं। लेकिन चर्चाओं में पश्चिम बंगाल का चुनाव ही अधिक रहा है। अगर हम यह कहें कि इसे भाजपा ने अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है तो गलत नहीं होगा। यह प्रतिष्ठा का ही सवाल है कि वहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम कैबिनेट व भाजपा और उसके सहयोगी संगठन आरएसएस ने वहां महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन तमाम लव लश्कर को देखते हुए यह उम्मीद जताई जा रही है कि भाजपा पश्चिम बंगाल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ने जा रही है और भाजपा दावा भी कर रही है कि वह पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने जा रही है। छह एग्जिट पोल के नतीजे भी उसकी सोच को सही साबित भी करते हैं। छह में से केवल एक में ही टीएमसी जीतती दिखाई दे रही है। असम में भाजपा सरकार बनाने जा रही है। केरलम में जरूर बाजी कांग्रेस के हाथ जाती दिखाई दे रही हो, तमिलनाडु में पांच में से चार एग्जिट पोल में डीएमके की वापसी होती दिखाई दे रही है। जाहिर है चुनाव के बाद एग्जिट पोल में तमाम तरह की राय जाहिर की जाती है और अनुभव बताता है कि कई बार ये पोल गलत साबित होते रहे हैं। इसलिए असल पता तभी चलेगा जब 4 मई को चुनाव परिणाम सामने आएंगे, लेकिन असल बात इस समय यह है कि दूसरे चरण में जिस तरह का माहौल पश्चिम बंगाल में देखने को मिला, वह हमारे लोकतंत्र के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है। भले ही चुनाव प्रतिशत बढ़ा हो, लेकिन जिस तरह वहां से कई स्थानों पर हिंसा की खबरें आई हैं, जिसमें एक बुजुर्ग तक की जान चली गई है। वह बताता है कि अभी लोगों में इतना धैर्य नहीं आया है कि वह शांतिपूर्वक तरीके से मतदान कर सके और यह तब हुआ जब प. बंगाल में सुरक्षाबलों की अभूतपूर्व उपस्थिति बताई गई है। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि बीएसएफ व सीआरपीएफ जैसे केंद्रीय बलों ने जमकर भय का माहौल बनाया और लोगों को पीटा व गिरफ्तार किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अपने जीवन में उन्होंने ऐसा चुनाव कभी नहीं देखा। एसआईआर को लेकर पहले से ही चुनाव आयोग की निष्पक्षता संदेह के घेरे में रही है।

## रोजगार, आस्था व संस्कृति का होगा संरक्षण



देश का सबसे बड़ा 594 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे अन्नदाता किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था व संस्कृति के संरक्षण तथा उत्तर प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम साबित होगा, मेरठ से प्रयागराज तक फैले इस आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने 12 जनपदों के एक लाख से अधिक किसानों के योगदान से आकार लिया है, एक्सप्रेसवे के साथ-साथ 27 स्थानों पर इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल क्लस्टर और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जो न केवल आवागमन को तेज करेंगे, बल्कि नए निवेश और रोजगार के द्वार भी खोलेंगे, डबल इंजन सरकार की दूरदर्शिता का प्रतीक यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहा है, डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि जिस परियोजना का शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी सुनिश्चित किया जाएगा। **-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# स्कूल की चौखट पर खड़ा बाजार, भीतर सिमटती शिक्षा



**प्रो. आर.के. जैन**




निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी पुस्तकों के अनुपालन का सवाल अब महज पाठ्ड सामग्री का विवाद नहीं रहा, बल्कि यह देश की शिक्षा व्यवस्था के चरित्र की परीक्षा बन चुका है। जब एक ओर कानून स्पष्ट दिशा देता हो और दूसरी ओर संस्थान स्वार्थवश उससे भटकें, तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि नैतिक विचलन का संकेत होता है। अप्रैल 2026 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा केंद्र, सीबीएसई और सभी राज्यों को जारी नोटिस ने इस विडंबना को उजागर किया है। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या शिक्षा का अधिकार कानून केवल औपचारिक घोषणा बनकर रह गया है, या उसे लागू करने की प्रतिबद्धता ही क्षीण हो गई है। यह पूरा घटनाक्रम बताता है कि शिक्षा में समानता का मूल सिद्धांत निरंतर दबाव और उपेक्षा के बीच संघर्ष कर रहा है।

शिक्षा का अधिकार कानून 2009 की धारा 29 ने स्पष्ट रूप से यह प्रावधान किया था कि प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 1 से 8) में पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों का निर्धारण एनसीईआरटी या संबंधित एससीईआरटी द्वारा किया जाएगा। इसी सोच के तहत एनसीईआरटी और एससीईआरटी को पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों के निर्धारण का अधिकार सौंपा गया। इन संस्थाओं द्वारा तैयार पुस्तकें न केवल शैक्षणिक रूप से संतुलित और विश्वसनीय होती हैं, बल्कि आम परिवारों के लिए किफायती भी रहती हैं। इसके विपरीत, निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें इस मूल उद्देश्य को कमजोर करती हैं। जब एक ही कक्षा की पुस्तकों पर हजारों रुपये खर्च होने लगें, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या शिक्षा अब अधिकार से ज्यादा एक लाभकारी व्यापार में बदलती जा रही है।

निजी विद्यालयों में महंगी पुस्तकों को अनिवार्य बनाना कोई आकस्मिक भूल नहीं, बल्कि एक सुव्यवस्थित आर्थिक तंत्र की ओर संकेत करता है। कई स्थानों पर स्कूल और प्रकाशक मिलकर ऐसा गठजोड़ रचते हैं, जिसमें शिक्षा का उद्देश्य पीछे छूट जाता है और मुनाफा केंद्र में आ जाता है। अभिभावकों को हउच्च गुणवत्ताह्व और हअधिक उपयोगी सामग्रीह्व का हवाला देकर इन पुस्तकों को खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है, जबकि इन दावों की ठोस पुष्टि प्राय: नहीं होती। इस पूरी प्रक्रिया में अभिभावकों की विवशता का व्यवस्थित दोहन होता है और वे विरोध करने में असहाय महसूस करते हैं। ऐसी प्रवृत्ति शिक्षा के नैतिक आधार को कमजोर करती है और संस्थागत विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। सबसे चिंताजनक परिणाम एक तेजी से गहराते शिक्षा-विभाजन के रूप में सामने आता है। जहां सरकारी विद्यालयों के बच्चे सस्ती, मानकीकृत और समान पुस्तकों से पढ़ते हैं, वहीं निजी स्कूलों के छात्र महंगी और अलग सामग्री पर निर्भर होते हैं, जिससे उनके ज्ञान का आधार ही भिन्न बन जाता है। यही अंतर आगे चलकर अवसरों की खाई को और चौड़ा कर देता है। मध्यम और निम्न वर्गीय परिवार पहले से ही शिक्षा पर बढ़ते खर्चों का दबाव झेल रहे हैं, ऐसे में किताबों का अतिरिक्त आर्थिक बोझ उनके लिए बेहद असहनीय हो जाता है। यह स्थिति केवल आर्थिक असमानता को नहीं बढ़ाती, बल्कि समाज में गहराते असंतुलन और विभाजन को भी और मजबूत करती है। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पहल एक महत्वपूर्ण और समयोचित हस्तक्षेप के रूप में सामने आती है, जिसने शिक्षा के अधिकार को मानवाधिकार के व्यापक दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता को और स्पष्ट किया है। अनावश्यक तथा भारी-भरकम पुस्तकों का बढ़ता बोझ बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जो राष्ट्रीय स्कूल बैग पॉलिसी 2020 की मूल भावना के विपरीत है। यदि राज्य सरकारें और संबंधित संस्थाएं अब भी इस मुद्दे पर उदासीन बनी रहती हैं, तो यह केवल प्रशासनिक अक्षमता नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्वों की स्पष्ट उपेक्षा मानी जाएगी। इसलिए इस विषय को अब सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ठोस और प्रभावी कदम उठाना अनिवार्य हो गया है।

अकादमिक स्वायत्तता का तर्क अक्सर इस व्यवस्था को सही ठहराने के लिए दिया जाता है, पर इसकी वैधता तभी तक है जब तक वह कानून की सीमाओं में रहे। जब विधि स्पष्ट रूप से तय करती है कि पाठ्डपुस्तकों का चयन किन संस्थाओं के अधिकार में होगा, तब उस सीमा का उल्लंघन स्वतंत्रता नहीं, बल्कि अनुशासनहीनता का संकेत है। एनसीईआरटी की पुस्तकें विशेषज्ञों द्वारा राष्ट्रीय पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार होती हैं, जिससे उनकी विश्वसनीयता सिद्ध होती है। इसके विपरीत, निजी प्रकाशनों में आकर्षण अधिक, पर सामग्री की प्रमाणिकता पर सवाल बने रहते हैं। ऐसे में अकादमिक स्वतंत्रता के नाम पर व्यावसायिक हितों को बढ़ावा देना शिक्षा की मूल भावना के विरुद्ध है। अब समय महज चर्चा का नहीं, ठोस और निर्णायक हस्तक्षेप का है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर एक पारदर्शी, कड़ा और जवाबदेह निगरानी तंत्र विकसित करना होगा, जो कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीन पर प्रभावी दिखे। निजी विद्यालयों की पुस्तक सूचियों का नियमित, निष्पक्ष और व्यापक ऑडिट सुनिश्चित किया जाए, तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर सख्त और उदाहरणात्मक कार्रवाई हो। जुर्माने से लेकर मान्यता रद्द करने तक के प्रावधानों को पूरी दृढ़ता के साथ लागू करना अनिवार्य है। साथ ही अभिभावकों को जागरूक और सशक्त बनाना होगा, ताकि वे अपने अधिक. ारों के प्रति सजग रहें और किसी भी अनावश्यक आर्थिक बोझ के विरुद्ध निर्भीक होकर आवाज उठा सकें।

आखिरकार यह प्रश्न केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य और उसकी सामाजिक दिशा से गहराई से जुड़ा है। शिक्षा वही मजबूत आधार है जिस पर एक संतुलित और न्यायपूर्ण समाज की इमारत खड़ी होती है, और यदि इसी आधार में असमानता की दरार पड़ जाए, तो समावेशी विकास का सपना अधूरा रह जाता है। समान पाठ्ड सामग्री सिर्फ शैक्षणिक जरूरत नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और अवसर की समानता का एक अहम स्तंभ है। अब सरकार और समाजकृदोनों के सामने यह स्पष्ट विकल्प है कि शिक्षा को बराबरी का सेतु बनाया जाए या उसे विभाजन की खाई में बदलने दिया जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पेट्रोल में इथेनॉल ब्लेंडिंग से क्या होगा

**वाहनों की बात करें तो उनके लिए इसका असर मिश्रित है। अप्रैल 2023 से बने वाहन E20 कंप्लायंट हैं, वे 20 प्रति. इथेनॉल मिश्रित ईंधन से अपने वाहन आसानी से चला सकते हैं। अप्रैल 2025 से बने वाहन पूर्ण म्20 अनुकूलित हैं, लेकिन 2023 से पहले के वाहनों में रबर पार्ट्स, गैस्केट्स और प्लास्टिक पर इथेनॉल का बुरा असर हो सकता है। हालांकि, विशेषज्ञ कहते हैं कि यह मामूली है और सर्विसिंग में ठीक हो जाता है। E20 से ऑक्टेन नंबर बढ़ता है (91 से 95 तक), इसलिए एक्सेलरेशन बेहतर हो सकता है।**



**रजनीश कपूर**

पिछले कुछ दिनों से केंद्र सरकार ने पेट्रोल में इथेनॉल ब्लेंडिंग को 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने और फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों को बढ़ावा देने का संकेत दिए है। पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच यह कदम तेल आयात पर निर्भरता कम करने, विदेशी मुद्रा बचाने और स्वच्छ ईंधन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। पेट्रोलियम मंत्रालय की एक संयुक्त सचिव ने संकेत दिए कि सरकार जल्द ही E85 (85% इथेनॉल) से E100 (100% इथेनॉल) तक के वाहनों के टेस्टिंग नॉर्म्स अधिसूचित करने वाली है। ऑटोमेकर्स पहले से ही इसके प्रोटोटाइप तैयार कर चुके हैं। देखना यह होगा कि सरकार का यह फैसला आम आदमी की जेब, पर्यावरण और वाहनों पर क्या असर डालेगा? भारत ने 2025 में म्20 कार्यक्रम को पूरा कर लिया है। अप्रैल 2026 तक देशभर में म्20 पेट्रोल उपलब्ध है। अब सरकार E85 या इससे ऊंचे ब्लेंड की ओर आगे बढ़ रही है। फ्लेक्स-फ्यूल वाहन किसी भी अनुपात E20 से E100 तक में इथेनॉल चला सकते हैं। ब्राजील इसका सफल उदाहरण है। भारत में यह कदम ऊर्जा सुरक्षा के लिए जरूरी है। सरकार का दावा है कि EBP कार्यक्रम से अब तक 4.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल बचाया गया और 1.65 लाख करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा की बचत हुई। 2014 से अब तक 69.8 मिलियन टन $CO_2$ उत्सर्जन कम हुआ। लेकिन क्या यह आम आदमी के लिए फायदेमंद है? दावा है कि इथेनॉल ब्लेंडिंग का सबसे बड़ा फायदा पर्यावरण को है। इथेनॉल नवीकरणीय स्रोत (गन्ना, मक्का, चावल) से बनता है। नीति आयोग के अनुसार, गन्ने से बने इथेनॉल से GHG उत्सर्जन 65% और मक्के से 50% कम होता है। टेलपाइप पर CO HC और पार्टिकुलेट मैटर PM कम निकलते हैं। E20 से $CO_2$ में 6-8 प्रतिशत कमी आती है, जबकि E85 या E100 पर यह और ज्यादा। अध्ययनों से पता चलता है कि इथेनॉल ब्लेंड से वाहन प्रदूषण 20-30: तक घट सकता है। वहीं इसके नुकसान भी हैं। गन्ना आधारित इथेनॉल पानी-गहन है। एक लीटर इथेनॉल बनाने में करीब 2860 लीटर पानी लगता है। भारत में गन्ना पहले से ही 70 प्रतिशत सिंचाई पानी का उपभोग करता है। ज्यादा इथेनॉल के लिए अगर गन्ना या खाद्यान्न (मक्का, चावल) का इस्तेमाल बढ़ा तो 'फूड बनाम फ्यूल' विवाद खड़ा हो सकता है। इसके साथ ही भूमि उपयोग भी बढ़ेगा, मिट्टी की उर्वरता घट सकती है और कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ेगा। दूसरी पीढ़ी (2G) इथेनॉल (कृषि अपशेष से) पर जोर देने की जरूरत है, जो पर्यावरण के लिए बेहतर है। कुल मिलाकर, अगर नीति सतर्क रही तो पर्यावरणीय फायदा साफ है, कम आयात, कम प्रदूषण, लेकिन पानी और भूमि प्रबंधन बिना तो नुकसान भी हो सकता है। उल्लेखनीय है कि इथेनॉल पेट्रोल से सस्ता है, इसलिए ब्लेंडेड पेट्रोल का प्रति लीटर दाम कम रहता है। सरकार ने E20 के लिए कीमत कम रखने की सिफारिश की थी। लेकिन इथेनॉल की ऊर्जा घनत्व पेट्रोल से 30 प्रति. कम है, इसलिए इससे वाहन का माइलेज घटता है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, पुराने म्10 वाहनों में E20 से 6-7 प्रतिशत (4-व्हीलर) या 3-4% (2-व्हीलर) माइलेज गिरावट हो सकती है। मतलब, अगर आपकी कार 15 किलोमीटर प्रति लीटर की खपत करती है तो E20 पर 14.1-14.5 किलोमीटर हो जाएगी। गौरतलब है कि आप E85 या E100 चुन सकते हैं, अगर वह सस्ता हो। भारत में अभी इंफ्रास्ट्रक्चर (अलग पंप) और कीमत निर्धारण स्पष्ट नहीं है। लंबे समय में इंसेंटिव से बचत हो सकती है। पुराने वाहन वाले उपभोक्ता (2012-2023 तक बने) को माइलेज नुकसान और संभवत: मेंटेनेंस खर्च बढ़ सकता है। कुल मिलाकर, जेब पर तुरंत असर नकारात्मक हो सकता है, लेकिन अगर सरकार टैक्स छूट और सब्सिडी दे तो लंबे समय में यह फायदेमंद साबित हो सकता है। वहीं किसान समुदाय को इसका फायदा जरूर होगा, गन्ना और मक्का की खरीद बढ़ेगी, तो आय निश्चित ही बढ़ेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस साल तपती धरती का कारण और इसका समाधान

उत्तर भारत के पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा व प. बंगाल जैसे राज्य इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इन राज्यों में कई जगहों पर तापमान 40 डिग्री से लेकर 44 डिग्री तक पहुंच गया है। पिछले दिनों भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा हीटवेव अलर्ट भी जारी किया जा चुका है। मौसम विभाग ने अपनी चेतावनी में लू चलने और तापमान में 4 डिग्री तक बढ़ोतरी होने की संभावना को लेकर लोगों को सचेत किया है। पिछले कुछ वर्षों से लगभग हर साल गर्मी के तापमान में इजाफा होता ही जा रहा है। जीवन के लिए एकमात्र ग्रह पृथ्वी गत दो दशकों से ग्लोबल वार्मिंग का निरन्तर प्रभाव झेल रही है। इसके अलावा भी वैज्ञानिकों द्वारा भारत में तेज गर्मी के और भी कई कई कारण बताए जा रहे हैं। इन कारणों में खासकर जलवायु परिवर्तन के अलावा हीट डोम और अल नीनो प्रभाव को रेखांकित किया जा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उच्च दबाव प्रणाली गर्म हवा को जमीन के पास फंसाकर श्ढक्कनश की तरह काम करती है, जिससे तापमान तेजी से बढ़ता है। परिणाम स्वरूप compression heating से गर्मी और तीव्र हो जाती है। उधर पहले से हो रहा जलवायु परिवर्तन, सूखी मिट्टी और कम वनस्पति (वृक्ष कटान) इसे बढ़ावा देते हैं। इसी को हीट डोम प्रभाव कहा जाता है।

इसके अतिरिक्त ग्रीनहाउस गैसों से वैश्विक तापमान बढ़ रहा है। इसने हीटवेव की तीव्रता और इसकी अवधि दोनों को ही बढ़ा दिया है। बताया जा रहा है कि 2026 में दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में 92 शहर केवल भारत में हैं। इन गर्म क्षेत्रों में केवल दिन ही नहीं बल्कि यहां की रातें भी गर्म रहती हैं। इसे सीवियर वार्म नाइट कहते हैं। यह स्थिति जलवायु परिवर्तन का ही नतीजा है। साथ ही इस हीट वेव पर अल नीनो का प्रभाव भी बताया जा रहा है।

आशंका व्यक्त की जा रही है कि 2026 में सुपर अल नीनो की आशंका से रिकॉर्ड गर्मी पड़ना भी संभव है। अल नीनो का प्रभाव ही प्रशांत महासागर में गर्म पानी का दौर हवाओं को कमजोर कर भारत में गर्मी और कम मानसून लाता है। इसी के साथ गर्मी को बढ़ने में अनियंत्रित शहरीकरण की भी बड़ी भूमिका है। देश में चारों ओर खेत व जंगल वृक्ष निरन्तर कम होते जा रहे हैं। और शहरीकरण के नाम पर कंक्रीट के जंगल बढ़ते जा रहे हैं। लिहाजा श्अर्बन हीट आइलैंडश का प्रभाव और कंक्रीट-आधारित विकास इसके लिए खासकर जिम्मेदार हैं। यह कंक्रीट के जंगल दिन में गर्मी को सोखते हैं और रात में इसे छोड़ते हैं। उधर शहरों में होती जा रही पेड़-पौधों की कमी से वातावरण में नमी घटती जा रही है। यही वजह है कि दिल्ली व अहमदाबाद जैसे महानगरों में रातें पूर्व की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक गर्म होने लगी हैं। शहरों में कंक्रीट, डामर और सीमेंट की पक्की इमारतें सूर्य की गर्मी सोख लेती हैं तथा रात में धीरे-धीरे छोड़ती हैं, जिससे तापमान ग्रामीण क्षेत्रों से 5-10 डिग्री अधिक रहता है। पेड़-पौधों और हरियाली की कमी से वाष्पीकरण घटता है, जो प्राकृतिक शीतलन प्रदान करता। साथ ही वाहनों, एसी और उद्योगों से निकलने वाली गर्मी इसे और भी तीव्र बनाती



है। गोया भारतीय शहरों में बढ़ता शहरीकरण बढ़ते तापमान के लिए 60 प्रतिशत तक जिम्मेदार है। और यही तापमान वृद्धि प्रति दशक 0.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि करता है। शहरीकरण ने गर्मी में 90 प्रतिशत इजाफा किया है तथा रात्रिकालीन सतह तापमान लगभग 70-80 प्रतिशत तक बढ़ा है। मिसाल के तौर पर जमशेदपुर में शहरीकरण ने तापमान वृद्धि में 100 प्रतिशत योगदान दिया।

ऐसे में सबसे ज्वलंत प्रश्न यही है कि आखिर तापमान वृद्धि की जिम्मेदार हमारी वर्तमान पीढ़ी क्या अपनी आने वाली नस्लों को भी ऐसी ही या इससे भी अधिक तपती पृथ्वी देकर जाएगी या इससे बचने के कुछ उपाय करना चाहेगी? इसके लिए सबसे पहले भारतीय शहरों में हरित आवरण को विस्तार देने की सख्त जरूरत है। हालांकि इसके लिए अनेक सरकारी योजनाएं व स्थानीय उपाय प्रभावी हैं जोकि शहरी गर्मी कम करने में हमारी सहायता करते हैं। इसके लिए बाकायदा कार्य योजना बनाकर तथा वर्षाऋतु के आरंभ से ही सरकारी और नगर निकाय भूमि पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाए जा सकते हैं।

कई राज्य इस दिशा में सक्रियता से काम भी कर रहे हैं। वृक्षारोपण को एक आंदोलन का रूप देने के लिए हर व्यक्ति अपने परिवार के शादी ब्याह,मैरिज एनिवर्सरी,बर्थडे, जन्म मृत्यु बरसी जैसे अवसरों पर वृक्षारोपण कर इन अवसरों को यादगार बनाने के साथ साथ जलवायु को बेहतर बनाने की दिशा में भी अपना कीमती योगदान दे सकता है। इसके अलावा हर व्यक्ति जहां जमीन कम हो वहां अपने घरों की छतों पर रूफ गार्डनिंग कर सकता है और वर्टिकल गार्डन भी लगा सकते हैं। अपने घरों के खुले क्षेत्र में अधिक से अधिक गमले लगाकर भी तापमान को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है तथा ताजी ऑक्सीजन प्राप्त की जा सकती है। गौरतलब है कि कोरोना काल में जब देशभर में अचानक कोरोना प्रभावित लोगों के लिए ऑक्सीजन की कमी पैदा हुई थी उस समय लोगों को हरियाली और वृक्षारोपण की खूब याद आई थी। कई बीमार लोग तो खेतों में पेड़ों के नीचे बैठकर स्वास्थ्य लाभ लेते देखे गए। इस आपदा ने ऑक्सीजन को लेकर लोगों में इतनी जागरूकता बढ़ाई कि उसी समय से गमलों व पौधों की नर्सरी का व्यवसाय कई गुना बढ़ गया।

बहरहाल भविष्य में तापमान वृद्धि से बचने व इसके दीर्घकालिक उपाय करने के साथ साथ तात्कालिक रूप से शरीर पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभाव से बचाव करना भी बेहद जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले अपने शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाना और शरीर



**निर्मल रानी**

को हाइड्रेटेड रखना सबसे जरूरी है। इसके लिए बहुत सारा पानी पीना चाहिए और बार बार पीना चाहिए। इसके अलावा नारियल पानी, नींबू पानी, सत्तू व ओआरएस जैसे शीतल पेय भी शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने में मददगार होते हैं और डिहाइड्रेशन रो. कते हैं।

जीरा, धनिया या खस मिला ठंडा पानी भी इसके लिए बहुत फायदेमंद है। इसके साथ ही अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से भी बचना चाहिए। इसके साथ ही घरों में पर्दे,सनशेड आदि लगाकर धुप को रोका जा सकता है। रात के समय खिड़कियां खुली रखने, पंखा चलने व आवश्यकता हो तो गीले कपड़े पहनने या ठन्डे पानी से नहाने व पैरों को ठन्डे पानी में भिगोकर रखने से भी प्रचंड गर्मी से राहत पाई जा सकती है। इस मौसम में आहार में भी सावधानियां बरतने की जरुरत है। हल्का व पौष्टिक भोजन लेना चाहिए। जंक फूड को तो पूरी तरह नजरअंदाज करना चाहिए। इसप्रकार से धरती के इस बढ़ते तापमान का हम किसी हद तक मुकाबला कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान के दौरान नादिया स्थित एक मतदान केंद्र पर बुजुर्ग महिला के साथ एक व्यक्ति।

## भारत के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग और बढ़ाने का इच्छुक रूस

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि वह भारत के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग को और बढ़ाने का इच्छुक है और मिल कर काम करने तथा और लाइसेंस प्राप्त हथियार निर्माण के लिए तैयार है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने भारतीय सूचना पोर्टल 'फर्स्टपोस्ट' को दिए एक साक्षात्कार में कहा रूस, भारत के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग बढ़ाना जारी रखने का इरादा रखता है। भारतीय सशस्त्र बलों की सभी शाखाओं के लिए विस्तृत श्रृंखला में सैन्य उत्पादों की आपूर्ति परस्पर सहमत समय सीमा पर की जा रही है। इसके अलावा वह संयुक्त रूप से लाइसेंस प्राप्त हथियारों के निर्माण के लिए भी तैयार है। राजनयिक ने कहा कि रूस न केवल तैयार सैन्य उत्पादों का निर्यात करने के लिए तैयार है, बल्कि संयुक्त विकास, आधुनिक हथियारों के लाइसेंस युक्त निर्माण और विभिन्न प्रकार के उपकरणों के आधुनिकीकरण एवं अन्य परियोजनाओं को लागू करने के लिए भी तैयार है।

# अमेरिका ने समुद्री क्षेत्र को बंधक बनाया: ईरान

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में समुद्री डकैती को अंजाम देने जैसे गंभीर आरोप लगाए

**न्यूयॉर्क/तेहरान।** ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका की कड़ी आलोचना करते हुए अमेरिका पर समुद्री डकैती को अंजाम देने और खास समुद्री क्षेत्र को बंधक बनाने का आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावनी ने होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान के अपने कदमों का बचाव करते हुए कहा कि अमेरिकी नीतियां अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर रही हैं।

जलमार्गों की सुरक्षा और संरक्षण पर सुरक्षा परिषद की एक खुली बहस में इरावनी ने अमेरिकी नौसैनिक नीति के खिलाफ ईरान के कड़े रुख को स्पष्ट किया। उन्होंने हालिया अमेरिकी कार्रवाइयों को अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय स्थिरता पर सीधा हमला बताते हुए घोषणा की कि अमेरिका समुद्री डकैतों और आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहा है। ईरानी राजदूत ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ एक गैरकानूनी समुद्री नाकाबंदी लागू कर दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने



■ ईरान की अनुमति के बाद जापानी सुपरटैंकर ने पार किया होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र
■ अमेरिका ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ एक गैरकानूनी समुद्री नाकाबंदी लागू कर दी है

अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में ईरानी वाणिज्यिक जहाजों को जब्त किया और चालक दल के सदस्यों को हिरासत में लिया, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत 'समुद्री डकैती' है। इरावनी ने तर्क दिया कि अमेरिकी कार्रवाइयां न केवल संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करती हैं, बल्कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव 3314 के तहत 'आक्रामकता' की श्रेणी में आती हैं। उन्होंने सुरक्षा परिषद के अन्य सदस्यों को भी उनके 'पाखंड' के लिए आड़े हाथों लिया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नौवहन के लिए चिंता जताने वालों में से किसी में भी इस बैठक में अमेरिकी कृत्य की निंदा करने का साहस नहीं है। राजदूत ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल शिपिंग मार्गों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान के अपने आचरण का बचाव किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान के उपाय प्रथागत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत उसके अधिकारों और दायित्वों पर आधारित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान समुद्री कानून पर 1982 के संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है, इसलिए वह इसके संधि प्रावधानों से पूरी तरह बाध्य नहीं है। इरावनी ने कहा कि ईरान ने फारस की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी में हमेशा समुद्री सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता को बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि ईरान द्वारा उठाए गए कदम राष्ट्रीय सुरक्षा और सुरक्षित मार्ग की आवश्यकता के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए उठाए गए हैं। ईरानी राजदूत ने पश्चिमी देशों की भी तीखी आलोचना की और उन पर 'दोहरे मापदंड' अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि समुद्री स्वतंत्रता के प्रति उनकी चिंता वास्तविक नहीं है। राजदूत ने स्पष्ट किया कि समुद्री परिवहन में किसी भी व्यवधान की पूरी जिम्मेदारी हमलावर देश अमेरिका और उसके समर्थकों की है। वहीं ईरानी अधिकारियों से औपचारिक अनुमति मिलने के बाद जापानी स्वामित्व वाले एक सुपरटैंकर ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार किया है। अमेरिका-इजरायल और ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद इस रणनीतिक समुद्री मार्ग से जापान से जुड़ा यह पहला प्रमुख तेल पारगमन माना जा रहा है।

# ईरान में हार से बचने को रास्ता तलाश रहा अमेरिका

## वॉशिंगटन स्थित 'यूरेशिया सेंटर' के पूर्व उपाध्यक्ष अमेरिकी विशेषज्ञ अर्ल रासमुसेन ने किया दावा

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन स्थित 'यूरेशिया सेंटर' के पूर्व उपाध्यक्ष अर्ल रासमुसेन ने दावा किया है कि अमेरिका ईरान में हार से बचने का रास्ता खोजने की कोशिश कर रहा है। रासमुसेन ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती को बताया कि अमेरिका हार से बचने के लिए किसी भी तरह का रास्ता तलाश रहा है, लेकिन संभवत: उसे इसे स्वीकार करना ही होगा, अन्यथा भविष्य अज्ञात है। विशेषज्ञ ने उन अपेक्षाओं को 'अवास्तविक' बताया कि तेहरान इस संघर्ष में आत्मसमर्पण कर देगा। रासमुसेन ने यह चेतावनी भी दी कि तनाव और बढ़ने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। रासमुसेन ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जानते हैं कि तनाव में और वृद्धि संभवत: दुनिया को वैश्विक मंदी या महामंदी की ओर धकेल देगी। उनके अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ अपने सैन्य अभियान के लिए कांग्रेस से समय विस्तार की मांग कर सकते हैं, क्योंकि वह अनधिकृत युद्धों के लिए निर्धारित 60 दिनों की कानूनी सीमा के करीब पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प एक ऐसी स्थिति में हैं जहां जीतना कठिन है, फिर भी वे निकलने का रास्ता खोजने का प्रयास कर रहे हैं। वे संभवत: अतिरिक्त समय विस्तार की मांग करेंगे। एक मई को ट्रम्प द्वारा कांग्रेस को ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान की सूचना दिए जाने के 60 दिन पूरे हो जाएंगे। 'युद्ध शक्तियों के संकल्प' के तहत, राष्ट्रपति को 60 दिनों के बाद अभियान जारी रखने या सेना वापस बुलाने के लिए कांग्रेस की मंजूरी प्राप्त करने की आवश्यकता होती है, जिसके लिए वे अतिरिक्त 30 दिनों के लिए लिखित रूप में प्रमाणित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि ट्रम्प सेना वापस बुलाते हैं, तो यह राजनीतिक रूप से अच्छा नहीं लगेगा। वे अपनी धमकियों पर अडिग रहकर आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन इसकी सबसे संभावित परिणति और भी खराब होगी। विशेषज्ञ ने ट्रम्प से यह स्वीकार करने का आह्वान किया कि ईरान पर हमला करना एक अत्यंत गलत निर्णय था और उन्हें इस संघर्ष को रोक देना चाहिए। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि इजरायल और अमेरिका के राजनीतिक अभिजात वर्ग का कुछ हिस्सा और अधिक तनाव बढ़ाने के लिए दबाव डाल सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे काफी क्षति हुई और हजारों नागरिक हताहत हुए। सात अप्रैल को वाशिंगटन और तेहरान ने दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। इस्लामाबाद में उसके बाद हुई वार्ता बेनतीजा रही। अमेरिका 13 अप्रैल से 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' के दोनों किनारों पर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और वहां से निकलने वाले समुद्री यातायात की घेराबंदी भी कर रहा है।



■ रासमुसेन ने तनाव और बढ़ने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ने की भी चेतावनी भी दी

## अमेरिकी शेयर बाजार लुढ़ककर अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंचा

**वाशिंगटन।** ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण तेल की कीमतों में आए एक और उछाल ने मंगलवार को अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट को हालिया रिकॉर्ड स्तर से नीचे धकेल दिया।

ऊर्जा बाजारों में बढ़ते दबाव का सामना कर रहे निवेशकों के कारण बाजार में यह गिरावट देखी गई है। शेयर बाज़ार सूचकांक 'एस एंड पी 500' अपने नवीनतम सर्वकालिक उच्च स्तर से 0.5 प्रतिशत गिर गया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज सूचकांक 25 अंक यानी 0.1 प्रतिशत लुढ़का, जबकि नैस्डैक कंपोजिट सूचकांक अपने रिकॉर्ड स्तर से 0.9 प्रतिशत नीचे आ गया। बाजार में यह हलचल तेल की कीमतों में जारी निरंतर वृद्धि के कारण हुई है। जून अनुबंध के लिए ब्रेंट क्रूड तेल 2.8 प्रतिशत बढ़कर 111.26 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ, जबकि अधिक सक्रिय रूप से कारोबार वाले जुलाई अनुबंध में 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 104.40 डॉलर पर पहुंच गया। फरवरी के अंत से कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है, जब ब्रेंट 70 डॉलर के करीब कारोबार कर रहा था। अब यह 119 डॉलर के उस स्तर की ओर बढ़ रहा है जो संघर्ष की शुरुआत में देखा गया था। इसका असर वाशिंगटन के सभी पेट्रोल पंपों पर महसूस किया जा रहा है।

## ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने के पक्षधर नहीं हैं सम्राट चार्ल्स-3: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ब्रिटेन के सम्राट चार्ल्स-3 भी इस बात से सहमत हैं कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ट्रम्प ने पश्चिम एशिया नीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा और इस मुद्दे पर सम्राट चार्ल्स भी उनकी सोच से सहमत हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ब्रिटेन की संवैधानिक परंपराओं के संदर्भ में असहज मानी जा रही है, क्योंकि ब्रिटिश सम्राट परंपरागत रूप से राजनीतिक रूप से तटस्थ रहते हैं और सरकारी नीति या अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों पर सार्वजनिक रूप से पक्ष नहीं लेते।ब्रिटेन में संवैधानिक व्यवस्था के तहत सम्राट किसी भी दलगत या प्रत्यक्ष राजनीतिक रुख से दूरी बनाए रखते हैं। ऐसे में ट्रम्प का यह दावा राजनीतिक और कूटनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। इस बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि ईरान से जुड़ा युद्ध ब्रिटेन का युद्ध नहीं है और वह इस संघर्ष में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने यह भी दोहराया है कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए, जो लंबे समय से ब्रिटिश सरकारों की नीति रही है।

# भारत-केन्या ने की अपनी मुद्राओं में व्यापार पर चर्चा

**नई दिल्ली।** अफ्रीका क्षेत्र में भारत के एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार के रूप में उभर रहे केन्या के साथ नैरोबी में हुई एक बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग की समीक्षा की है। दोनों देशों ने इसे और विस्तृत एवं मजबूत बनाने के अलावा अपनी मुद्राओं में व्यापार करने की संभावनाओं पर भी पर चर्चा की।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत-केन्या संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की 27-28 अप्रैल को नैरोबी में हुई दसवीं बैठक में दोनों पक्षों ने स्थानीय मुद्राओं में व्यापार निपटान को बढ़ावा देने की संभावना को स्वीकार किया है। यह उल्लेख किया गया कि केन्याई बैंकों ने भारतीय बैंकों के साथ विशेष रुपये पर आधारित वोस्त्रो खाते (एसआरवीए) खोले हैं, और इस व्यवस्था का अधिक उपयोग द्विपक्षीय लेनदेन को सुगम बना सकता है। बैठक में स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) तंत्र अपनाने की संभावना पर भी चर्चा की गई। केन्या के लिए भारत एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार के रूप में उभरा है और दोनों के बीच व्यापार बढ़कर 4.31 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है।



■ अफ्रीका क्षेत्र में भारत के एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार के रूप में उभर रहा केन्या

बैठक में दोनों देशों ने व्यापार और निवेश संबंध मजबूत करने पर बातचीत की। इस सत्र की अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल और केन्या गणराज्य के व्यापार विभाग की प्रधान सचिव रेजिना अकोटा ओम्बम ने की। विज्ञप्ति के अनुसार दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार में लगातार वृद्धि का उल्लेख किया, जिसमें भारत केन्या के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से एक के रूप में उभरा है। भारत और केन्या के बीच कुल व्यापार 2025-26 में 4.31 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जिसमें 2024-25 के 3.45 अरब अमेरिकी डॉलर से 24.91 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

## ट्रम्प ने फ्रेडरिक मर्ज की तीखी आलोचना की

**वाशिंगटन।** ईरान के मुद्दे पर अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों के बीच गहराते मतभेद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि मर्ज़ को लगता है कि ईरान का परमाणु हथियार संपन्न होना ठीक है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि जर्मनी आर्थिक और अन्य मोर्चों पर इतना खराब प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि जर्मन चांसलर को नहीं पता कि वह क्या कह रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होता, तो पूरी दुनिया को बंधक बना लिया जाता। उन्होंने कहा कि वह अभी ईरान के संबंध में वह कदम उठा रहे हैं, जो अन्य देशों या राष्ट्रपतियों को बहुत पहले कर लेने चाहिए थे।

# ट्रम्प की तस्वीर वाले पासपोर्ट जारी करेगा अमेरिका

## आजादी की 250वीं वर्षगांठ पर लिमिटेड एडिशन मिलेगा, ट्रम्प का गोल्डन सिग्नेचर भी दिखेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका अपनी आजादी की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर वाले खास पासपोर्ट जारी करेगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने मंगलवार को बताया कि यह लिमिटेड एडिशन नए डिजाइन वाले अमेरिकी पासपोर्ट इस गर्मियों से जारी किए जाएंगे। साथ ही इसमें राष्ट्रपति ट्रम्प का गोल्डन सिग्नेचर भी होगा।

अधिकारी के मुताबिक, वाशिंगटन पासपोर्ट एजेंसी से इन पासपोर्ट्स की शुरुआत होगी। वहां व्यक्तिगत रूप से पासपोर्ट रिन्यू कराने वालों को यही डिफाल्ट पासपोर्ट मिलेगा। हालांकि, ऑनलाइन आवेदन करने वालों और अन्य केंद्रों पर मौजूदा डिजाइन जारी रहेगा। स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता टामी पिगाट ने कहा कि, अमेरिका ये पासपोर्ट कस्टमाइज्ड आर्टवर्क और बेहतर इमेजरी के साथ आएंगे, लेकिन इनकी सुरक्षा वही रहेगी, जो अमेरिकी पासपोर्ट को दुनिया के सबसे सुरक्षित दस्तावेजों में से एक बनाती है। यह पासपोर्ट सीमित संख्या में जारी किए जाएंगे, लेकिन कितने जारी होंगे, यह अभी साफ नहीं है। पासपोर्ट के पीछे के कवर पर जान ट्रंबुल की पेंटिंग 'डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस' की तस्वीर होगी। यह मशहूर पेंटिंग 1776 के उस पल को देखाती है जब अमेरिकी नेताओं ने पहली बार स्वतंत्रता का दस्तावेज कांग्रेस (अमेरीकी संसद) में पेश किया था। यह पेंटिंग अमेरिकी इतिहास का प्रतीक मानी जाती है और वाशिंगटन डीसी के कैपिटल बिल्डिंग में भी लगी है। अभी जो अमेरिकी पासपोर्ट जारी होते हैं, उनके अंदर के फ्रंट कवर पर पर्सी मोरन की पेंटिंग होती है, जिसमें फांसिस स्काट की फोर्ट मैकहेनरी पर हमले के बाद की सुबह दिखाई गई है। इसी घटना से अमेरिकी राष्ट्रगान लिखे जाने की प्रेरणा मिली थी और उसकी कुछ पंक्तियां भी अंदर छपी होती हैं। 'डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस' पेंटिग। इसमें थामस जेफरसन समेत पांच लोगों की कमेटी को दिखाया गया है, जो स्वतंत्रता घोषणा का ड्राफ्ट लेकर आए थे। 'डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस' पेंटिग। इसमें थामस जेफरसन समेत पांच लोगों की कमेटी को दिखाया गया है, जो स्वतंत्रता घोषणा का ड्राफ्ट लेकर आए थे ट्रम्प की तस्वीर का इस्तेमाल अन्य स्मारक चीजों में भी किया जा रहा है।




■ ऑनलाइन आवेदन करने वालों और अन्य केंद्रों पर मौजूदा डिजाइन जारी रहेगा

# जापान में 10 जुलाई 2026 को रिलीज होगी धुरंधर

मुंबई। अपने शानदार और रिकॉर्ड तोड़ ग्लोबल बॉक्स ऑफिस सफर के बाद, जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज की फिल्म 'धुरंधर (पार्ट वन)', 10 जुलाई 2026 को जापान में थिएटर रिलीज के लिए तैयार है। यह फिल्म के इंटरनेशनल सफर का एक और बड़ा पड़ाव माना जा रहा है।

जापान में रिलीज से पहले, फिल्म ने दुनिया भर के कई बड़े मार्केट्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और भारतीय सिनेमा के लिए नए रास्ते खोले हैं। 05 दिसम्बर 2005 को ग्लोबली रिलीज हुई इस स्पाई एक्शन एंटरटेनर ने दुनियाभर में 1328 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया था। धुरंधर (पार्ट 1) ने इंटरनेशनल मार्केट में भी बड़ा मुकाम हासिल किया। यह नॉर्थ अमेरिका में अब तक की नंबर 1 हिंदी फिल्म बनी, वहीं कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म रही, और यूके में भी टॉप परफॉर्म करने वाली भारतीय फिल्मों में शामिल हुई। अपने बड़े पैमाने, दमदार कहानी और अलग जॉनर अपील के साथ, 'धुरंधर' जापान के दर्शकों से जुड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म में जबरदस्त एक्शन, इमोशन और गहराई से बुनी कहानी देखने को मिलती है, जो इसे एक इमर्सिव और सभी के लिए एंगेजिंग सिनेमाई अनुभव बनाती है। हाल के समय की सबसे चर्चित हिंदी फिल्मों में से एक 'धुरंधर' को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है और इसने कई बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड भी तोड़े हैं। फिल्म में रणवीर सिह के साथ संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर-माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन जैसे कलाकार नजर आते हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखी, निर्देशित और प्रोड्यूस की गई है।

■ जापान में रिलीज से पहले, फिल्म ने दुनिया भर के कई बड़े मार्केट्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया है




# पाक में गुब्बारों में एलपीजी भरकर खाना बना रहे लोग

## किल्लत की वजह से लोग ऐसा करने पर मजबूर, जानकर बोले: ये प्रयोग चलते-फिरते बम जैसा

**कराची।** पाकिस्तान के कराची शहर में गैस की भारी कमी के कारण लोग अब प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरकर खाना बनाने को मजबूर हो गए हैं। लंबे समय से एलपीजी किल्लत की वजह से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।

यह खतरनाक तरीका खास तौर पर कराची के ओरंगी टाउन इलाके में देखा गया है, जिसमें मोमिनाबाद भी शामिल है। वहां के लोगों का कहना है कि अनियमित गैस सप्लाई के कारण उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक लोग खास तरह के प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरते हैं। जब थोड़ी देर के लिए गैस सप्लाई आती है, तब इन गुब्बारों को भर लिया जाता है और बाद में दिनभर इन्हीं का इस्तेमाल करके खाना बनाया जाता है। ये गुब्बारे स्थानीय बाजार में भी करीब 1000 से 1500 रुपए में मिल रहे हैं। एक्सपर्ट्स ने इस तरीके को बेहद खतरनाक बताया है। सेफ्टी एनालिस्ट्स का कहना है कि प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरना 'मोबाइल बम' जैसा है, क्योंकि हल्की सा घर्षण, गर्मी या चिंगारी भी बड़ा विस्फोट करा सकती है। घरों के अंदर ऐसे गैस से भरे गुब्बारे रखना आग लगने के खतरे को बढ़ाता है।

खासकर घनी आबादी वाले इलाकों में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है, जब वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सप्लाई पर दबाव बढ़ा हुआ है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव के कारण ऊर्जा सप्लाई चेन प्रभावित हुई है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट जैसे अहम रास्तों पर भी असर पड़ा है। कराची में कई सालों से गैस की कमी, कम दबाव और लंबी कटौती की समस्या चलती रही है। सर्दियों में तो हालत और खराब हो जाती है, क्योंकि उस समय मांग बढ़ जाती है और सप्लाई उतनी नहीं होती। इसी वजह से पहले भी लोग अलग-अलग जुगाड़ करते रहे हैं।



■ ये गुब्बारे स्थानीय बाजार में भी करीब 1000 से 1500 रुपये में मिल रहे हैं

